e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 146

मंगलवार

30.05.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमारे जीवन में क्रोध और आंधी एक समान है। क्योंकि इनके जाने के बाद ही हमें अपने नुकसान का पता चलता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 40⁰

न्युनतम 24⁰

## क्विक न्यूज

### असम इंजीनियरिंग कालेज के सात छात्रों की सड़क हादसे में मौत

**गुवाहाटी :** असम की राजधानी गुवाहाटी के जालुकबारी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर रात को हुए सड़क हादसे में कार सवार असम इंजीनियरिंग कालेज के सात छात्रों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने सोमवार सुबह दी। पुलिस के मुताबिक कार और बोलोरो पिकअप की सीधी टक्कर में कौशिक मोहन, कौशिक बरुवा, राजकिरण भुइंया, इमन बरुवा, अरिंदम भोवाला, उपांगशु शर्मा और नियर डेका (सभी छात्र) ने मौके पर दम तोड़ दिया। यह सभी तीसरे सेमेस्टर में पढ़ते थे और छात्रावास नंबर सात में रहते थे। इस टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। सभी के शव गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेजे गए हैं। पुलिस को अंदेशा है कि यह हादसा अधिक शराब पीकर कार चलाने की वजह से हुआ है।

### दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**औरंगाबाद (बिहार) :** बिहार-झारखंड सीमा से लगे औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र में औरंगाबाद-हरिहरगंज मुख्य पथ पर सोमवार की सुबह एक ट्रक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर हो गई। हरदत्ता गांव के पास हुए इस हादसे में ऑटो सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। अंबा थाना क्षेत्र के तेलहारा गांव निवासी 23 वर्षीय आकाश कुमार और कझपा के 22 वर्षीय कुंडल कुमार की मौत हुई है। ऑटो सवार दोनों युवक झारखंड के हरिहरगंज से आ रहे थे, जबकि ट्रक औरंगाबाद की ओर से झारखंड जा रहा था।

### सीबीआई ने हॉक विमान की खरीद में धोखाधड़ी पर ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली :** सीबीआई ने 24 हॉक विमान की खरीद में सरकार के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रोल्स रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स समेत अन्य कई लोगों का नाम एफआईआर में आया है। सीबीआई का कहना है कि रोल्स रॉयस ने कथित तौर पर भारतीय बिचौलियों को लाइसेंस शुल्क बढ़ाने और फिर कंपनी के कर मामलों की जांच रोकने के लिए 1 मिलियन पाउंड की रिश्वत दी।

**धनबाद-गोमो के बीच निचितपुर रेल फाटक के पास विद्युत तार की चपेट में आए मजदूर**

# करंट लगने से 6 की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद-गोमो के बीच निचितपुर हाल्ट के पास 25 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से छह मजदूरों की मौत हो गई।

कई अन्य लोग भी बिजली तार की चपेट में आकर झुलस गए। घटना के बाद इस रेल मार्ग पर अप और डाउन में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस धनबाद स्टेशन पर रोकी गई। डाउन में आ रही कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस को तेतुलमारी स्टेशन पर रोका गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेल अधिकारी व डाक्टर मेडिकल स्टाफ सहित सड़क मार्ग से घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

धनबाद से दुर्घटना राहत मेडिकल यान भी रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार, धनबाद रेल मंडल में प्रधानखंता से बंधुआ तक लगभग 200 किमी रेल मार्ग पर ट्रेनों की गति 120 से 160 किमी प्रति घंटे करने को लेकर काम चल रहा है। सोमवार को रेलवे के टीआरडी विभाग की ओर से निचितपुर हाल्ट के रेल फाटक पास पोल लगाने का काम कराया जा रहा था।

जानकारी यह भी मिली कि ठेकेदार बिना अनुमति के ही ठेका मजदूरों से काम करा रहा था। मजदूर पोल लगा रहे थे तभी 25 हजार वोल्ट वाले हाई टेंशन ओवरहेड तार की ओर पोल झुक गया।

उसे संभालने की कोशिश के बीच पोल हाई टेंशन तार से सट गया जिससे करंट दौड़ गया और मौके पर ही छह मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद भगदड़ मच गई। ठेकेदार भी भाग निकला।



### मृतक मजदूर लातेहार, पलामू व यूपी के

जानकारी के अनुसार ट्रैक्शन पोल लगाने के लिए 22 मजदूरों को लाया गया था। मजदूर धनबाद के भूली में ठहराए गए थे। टीम लीडर बबलू कुम्हार है। उससे मरने वालों की पहचान करायी जा रही है। अब तक लातेहार के संजय भुइयां, प्रयागराज के सुरेश मिस्त्री व पलामू के गोविंद सिंह व नामदेव सिंह की पहचान हो सकी है। अन्य की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### डीआरएम ने कहा : दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

घटनास्थल पर पहुंचे डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने छह की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच होगी और दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, ट्रैक्शन पोल के पास के एक चापाकल में करंट दौड़ जाने से पानी भर रही बच्ची भी झुलस गई। चापाकल के पास से बेहोशी की हालत में उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उन्होंने बताया कि घटना में मृत साइट सुपरवाइजर की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान पावर ब्लॉक भी लेना चाहिए था, लेकिन यहां नही लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में चार अलग अलग जांच टीम गठित की जाएगी। यह जांच जिला पुलिस, रेल पुलिस, डिपार्टमेंटल और ईआईजी अलग अलग करेगी।

इसमें जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साक्षी को 34 बार चाकू से गोदकर हत्या करने वाला साहिल अरेस्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की साक्षी को मौत के घाट उतारने वाले को पुलिस ने बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसने साक्षी को 34 बार चाकू से गोदा था। इसके बाद आरोपी ने उसके सिर को पत्थर से कुचला था। पुलिस ने मामले में एक और खुलासा करते हुए बताया कि साक्षी ने कई दिनों से उससे बात करनी बंद कर दी थी। रविवार सुबह बी ब्लॉक में आरोपी ने लड़की की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपित मोहम्मद साहिल(20) शाहबाद डेयरी इलाके में ही रहता है और मेकैनिक मैकेनिक का काम करता है।

साक्षी की हत्या करने के बाद साहिल बुलंदशहर में रहने वाली बुआ के घर चला गया था। इसके मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को पता लग गया था। वहां जाकर उनसे अपनी मां को फोन कर बताया कि वह बुआ के पास पहुंच गया है, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। संयुक्त आयुक्त विवेक किशोर का कहना है कि साहिल ने साक्षी पर चाकू से 34 वार किए थे। कई दिनों से साक्षी ने उससे बात करनी बंद कर दी थी। रविवार रात साहिल का लड़की से अचानक आमना-सामना हो जाने पर उसने चाकू निकाल बेरहमी से मारना शुरू कर दिया था। पुलिस को जानकारी मिलते ही शव कब्जे में ले लिया और अस्पताल लेकर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस शव को सीधा श्मशान लेकर पहुंच गई। साक्षी के परिजनों ने बताया कि उसका शव घर के लिए देने से मना कर दिया।

जहां पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करा दिया। आउटर-नॉर्थ (दिल्ली) के एडीसीपी ने बताया कि लड़का और लड़की एक-दूसरे को पहले से जानते थे लेकिन कबसे जानते थे, यह जांच का विषय है। हमारे पास अभी ज्यादा जानकारी नहीं आई है, हम इसमें जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं।

## टीपीसी के 6 उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी उग्रवादी के 6 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार मंडल कारा जेल भेज दिया है। गिरफ्तार उग्रवादी टीएसपीसी के मुकेश यादव उम्र करीब 20 वर्ष पिता-मदन यादव सा0होटाई,थाना पांकी जिला- पलामू ,मुकेश यादव उम्र करीब 20 वर्ष, पे0- सुदेशी यादव, सा0-तितलंगी थाना पिपराटांड जिला पलामू,अवधेश यादव, उम्र 23 वर्ष, पे0 वृक्ष यादव सा0- चेरी, थाना- लेस्लीगंज, जिला- पलामू, प्रभात कुमार यादव उर्फ मरांडी उर्फ अफजल उर्फ अभिषेक उम्र करीब 22 वर्ष पिता-लक्ष्मी यादव, सा0-विदरा, थाना- पिपराटांड जिला पलामू , भीम पासवान, उम्र करीब 26 वर्ष, सा0 डोकी, थाना-मनिका, जिला लातेहार, नन्दू शर्मा उम्र करीब 28 वर्ष, पिता- विगु शर्मा, सा0-जान्हो, थाना- मनिका, जिला- लातेहार बताया। पकड़े गये उग्रवादी का तलाशी लिया गया एवं तलाशी के क्रम में पकड़े गये उग्रवादियों के पास से दो लोडेड देशी पिस्टल एवं दो लोडेड देशी कट्टा, कुल 11 जिन्दा कारतुस अलग-अलग कंपनी का चार (04) मोबाईल फोन एवं एक काला ब्लू रंग का पैसन प्रो मोटरसाईकल बरामद किया गया। जिसे जप्ती सूची बनाकर विधिवत जमा किया गया।छापामारी दल में शामिल- पु0अ0नि0 शुभम कुमार थाना प्रभारी हेरहंज थाना।,पु0अ0 नि0 श्रीनिवास सिंह थाना प्रभारी बरवाडीह थाना। पु0अ0नि0 गौतम कुमार मनिका थाना। पु0 अ0 नि0 मिथिलेश कुमार मनिका थाना। , स0अ0नि0 देवचन्द हांसदा बरवैया पिकेट मनिका थाना। बरवैया सैट 207 के सशस्त्र बल शामिल थे। गिरफ्तार सभी उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। तभी पुलिस को भनक लग गई और सभी को पकड़ लिया।

## 28 मई का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मनाक : सुप्रियो भट्टाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से नहीं कराने पर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रविवार का दिन हमसब को शर्मसार कर गया है। आने वाले दिनों में यह हमसब के लिए चुनौती है कि देश के एक समाज की बुनियादी आत्मा जनतांत्रिक भावना को बचाए रखने और बाबा साहेब के द्वारा दी गई संविधान की रक्षा कर सके। अब लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेवारी देश की जनता की हैं। भट्टाचार्य



सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रविवार को संसद में ईंटें नहीं लगाई गई, संविधान के एक एक पन्ना को चुना और कीलें के अंदर साट दिया गया। सारी परंपराए को तार-तार की गयी। उन्होंने कहा कि 28 मई 2023 का दिन लोकतंत्र के लिए शर्मसार करने वाली घटना घटी है।

एक साथ पांच घटनाएं हुई है। नए संसद भवन के उद्घाटन से राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को वंचित रखा गया। उनके आवास को बेरीकेट कर दिया गया। संसद के उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र और मातृशक्ति पर बड़ी बड़ी बातें कर रहे थे,उसी समय दिल्ली में बेटियों को घसीटा और पीटा जा रहा था। उसी लोकतंत्र के मंदिर में प्रधानमंत्री एक बलात्कारी सांसद को सामने में बैठाकर लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रहे थे। सत्यमेव जयते का नारा लगा रहे थे। ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को भी नए सांसद भवन उद्घाटन में नहीं बुलाया गया था। उन्हें पुलिस के द्वारा पिटवाया गया।



## संक्षिप्त खबरे

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन पूर्ण रूप से अच्छादन कराने को विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में होगा दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवादाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में शत प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभुकों के रूप अच्छादन को लेकर दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जो गुरुवार व शुक्रवार को लगाई जाएगी। शिविर में वैसे लाभुक जिनका सामाजिक सुरक्षा पेंशन के रूप में अच्छादन नहीं हो पाया है। साथ हीं वे इसकी अर्हता रखते हैं। इस संबंध में बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने सभी मुखिया व पंचायत सचिव को पत्र लिख कर जिम्मेवारी निर्वहन का निर्देश दिया है। साथ हीं पंचायत के मुखिया सहित पंचायत सचिव को निर्देशित करते हुए कहा है कि विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायत भवन में विशेष शिविर गुरुवार व शुक्रवार को लगाकर छूटे हुए ऐसे सभी लाभार्थियों का शत-प्रतिशत चयन कर सामाजिक सुरक्षा पेंशन से आच्छादित किया जाए। जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत वांछित अर्हता पूरी करते है।

# कुट्टी मोड़ से हुटार तक सड़क निर्माण के लिए निकली निविदा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** कुट्टी मोड़ से हुटार तक सड़क निर्माण के लिए निकली निविदा, सांसद विष्णुदयाल राम ने दी जानकारी। पलामू से बीजेपी सांसद विष्णुदयाल राम ने जानकारी देते हुवे बताया कि रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुट्टी मोड़ से रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय होते हुवे हुटार तक 24किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए निविदा निकल चुकी है। कुल 81 करोड़ की लागत से होने वाली सड़क निर्माण के लिए निविदा और निविदा निस्तारण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। गौरतलब है की भारत सरकार की केंद्रीय सड़क सेवम रचना निधि के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है जिसको लेकर सांसद ने केंद्रीय मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुवे इस सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रकाशित कर दी है। इस संदर्भ में सांसद विष्णुदयाल राम ने बताया की बारिश में इस गांव में कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंच पाता। ग्रामीणों ने कई बार पक्की सड़क बनवाने के लिए ग्राम पंचायत और मुखिया को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने इस तरफ ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। ग्रामीणों का कहना है की मुखिया और ग्राम पंचायत चुनाव के समय वोट मांगने के लिए बड़े बड़े वादे करते हैं,लेकिन जितने के बाद गांव की तरफ पीछे मुड़कर नही देखते।यदि बारिश के समय कोई बीमार हो जाए या फिर महिला की डिलीवरी होती है तो उसकी जान बचाना मुश्किल हो जाता है इस तरह की समस्या हर पंचायत के गांव में बनी हुई है।

## टंडवा निवासी विवाहिता के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या, जांच में जुटी प्रशासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रमना :** थाना क्षेत्र के टंडवा ग्राम मे विवाहिता के साथ दुष्कर्म के बाद चाकू से गोद कर हत्या करने का मामला प्रकाश मे आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान साहिदा बीबी 27 वर्ष पति जैनुल अंसारी के रुप मे किया गया है। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, एसआई विवेक पंडित सहीत रमना थाना पुलिस के जवान घटना की जानकारी लिया। स्थानीय पुलिस ने शव का पचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह टंडवा गांव के कजरी नदी के दामर की ओर शौच के लिए निकले लोगों ने महुआ पेड़ के नीचे महिला का शव देख कर शोर मचाया। महिला का शव होने की सूचना जंगल मे आग की तरफ पुरे गांव मे फैल गई। शव देखने पहुंचे लोगों ने शव की पहचान साहिदा बीबी की रुप मे किया। गांव के चौकिदार के सूचना पर पहुंच एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, विवेक पंडित सहीत पुलिस बल ने शव के समीप से कंडोम, चाकू, मोबाईल, केश किंग तेल सहीत कई आपत्ति जनक समाग्री बरामद किया है।

## चार-दो पहिया वाहन की गई सघन चेकिंग अभियान

**नौडीहा बाजार (प्रभात मन्त्र संवाददाता):** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आज नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार के नेतृत्व मे आज थान चेक पोस्ट के पास दो -चार पहिया वाहन के संघन जांच पड़ताल की गई। कई वाहनों की जरुरतमंद कागजात सहित चालकों की लाईसेंस, हेलमेंट की जांच करते सख्त निर्देश दिया बिना हेलमेंट ,लाईसेंस चलने वाले चालक और मालिक पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच लगातार चलेगी। कुछ गाड़ी को जप्त कर जिला परिवहन पदाधिकारी, मेदिनीनगर पलामू सूची को आगे की करवाई के लिए भेज दिया गया है।

## शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तलेना में आपसी विवाद को लेकर 2 पक्षों में हुई मारपीट,चैनपुर थाना में 5 लोगो के खिलाफ दर्ज हुआ मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र के तलेना गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इस संदर्भ में पीड़ित रोहित कुमार ने चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि 23 मई को उसकी बहन की शादी थी जिसमे डीजे बजाने को लेकर नीतीश शर्मा, अक्षय शर्मा, अरविंद शर्मा, विजय शर्मा और दिलीप शर्मा के द्वारा विवाद किया गया था और मारने की धमकी दी गई थी और इसी विवाद को लेकर पीड़ित के साथ आरोपियों ने मारपीट की घटना की है और उसका हाथ तोड़ दिया है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है मामले में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर सभी पांचों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुवे अनुसंधान प्रारंभ किया जा रहा है।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में 49 वां स्नान उत्सव के अवसर पर सत्संग का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा रविवार को जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में 49वां स्नान उत्सव के अवसर पर सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामुहिकरुप से सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति पाठ व विभिन्न धर्मग्रंथो का पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि आज के दिन सत्संग आश्रम देवघर में स्नान उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है.उन्होंने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी व बडमा जी के प्रतिमा को आश्रम में बने स्विमिंग पूल स्नान कराकर पूरे आश्रम में ट्रॉली के माध्यम से वर्तमान आचार्य देव व सत्संगियों द्वारा घुमाया जाता है.उन्होंने वर्तमान पुरुषोत्तम की दीक्षा पर चर्चा करते हुये कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम सद्गुरु की दीक्षा से जीवन मे उन्नति होता है.सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य को स्वार्थ मुक्त होकर अपना कार्य करना चाहिये.उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्संगी का कर्तव्य है कि बिना स्वार्थ के सभी जीवों से प्रेम करना चाहिये.उन्होंने श्री श्री ठाकुर जी के 136 वां उत्सव आयोजित करने पर चर्चा किया। सत्संगी राहुल कुमार ने कहा कि मनुष्य विवेकशील प्राणी है। मनुष्य को सत्संग से ही विवेक की प्राप्ति होती है। सत्संग में सत्संगियों द्वारा भक्ति मूलक भज न भी प्रस्तुत किया गया। सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, शक्तिदास सिन्हा, संजय कुमार, अजय कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, वृन्दा देवी, दीपमाला, भागमनी देवी, रेखा जायसवाल, माला देवी, उषा देवी, निर्मला जायसवाल, रीना देवी सहित अन्य सत्संगी वृन्द शामिल थे।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पंचायतों में लगाया जाएगा शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** आरबीआई के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रखंड के सभी पंचायतों में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सफलता को ले प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 20 सूत्री सदस्य, सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया, उपमुखिया, पंचायत सचिव सहित जिम्मेवार लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसकी सफलतापूर्वक आयोजन में सबों की सहभागिता व सहयोग अपेक्षित है। उक्त जानकारी विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने दी। बताया कि कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को ले पंचायत स्तर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसके लिए एनजीओ को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी देंगे। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। साइबर क्राइम की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। भोले भाले लोगों को फ्रोडो के द्वारा साइबर क्राइम का शिकार बनाया जा रहा है। इसके बारे में आयोजित कैंप में लोगों को बताया जाएगा। पंचायतों में आयोजित की जाने वाले कैंप के लिए बतौर प्रशिक्षक मनीष कुमार वैद्य व गुरुदेव विश्वकर्मा को बिश्रामपुर प्रखंड के लिए अधिकृत किया गया है। **31 मई बुधवार को किताब पंचायत में होगा वित्तीय साक्षरता शिविर कैंप का आयोजन :** विश्रामपुर पलामू- वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विश्रामपुर प्रखंड के केतात पंचायत सचिवालय में 31 मई दिन बुधवार को कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 20 सूत्री सदस्य, सभी पंचायत समिति सदस्य, उपमुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए पंचायत की मुखिया संजू चौबे ने बताया कि कैंप में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी प्राप्त करें। जो सबके लिए कारगर सिद्ध होगा। कैंप का आयोजन सुबह 10:00 बजे से शुरू की जाएगी।

## थाना प्रभारी ने लिया बैंकों की सुरक्षा का जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा में बैंक शाखा की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम ने भारतीय ग्रामीण बैंक शाखा का किया औचक निरीक्षण। पंडवा थाना प्रभारी नकुल शाह व एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश आलोक में पंडवा थाना क्षेत्र के भारतीय ग्रामीण बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहा पर उपस्थित पदाधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैंकों के सीसीटीवी कैमरों, सिक्यूरिटी, अलार्म और गार्ड की तैनाती जैसी चीजों को देखा और बैंकों को सुरक्षा के साधन दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा की किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे। मौके पर मौजूद बैंक सुरक्षा में तैनात गार्ड को थाना प्रभारी नकुल शाह ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैंक के गार्ड को उन्होंने समय पर बैंक पहुंचने और बैंक बंद होने पर ही वहां से प्रस्थान करने का निर्देश दिया। बैंक के अगल-बगल व सामने के दुकानों का भी थानाप्रभारी ने निरीक्षण किया।

## बारात में डांस को लेकर भिड़े दो गुट, जमकर चली लाठियां आधा दर्जन बाराती घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के भुसही गांव में बारात में डांस को लेकर बाराती और सराती पक्ष आपस में भिड़ गए. इस दौरान दोनों पक्षो में जमकर लाठी डंडा चला।करीब आधा घंटे तक दोनों पक्षों ने जमकर मारपीट की।इस घटना में बाराती पक्ष के छह लोग जख्मी हुए हैं और जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।मारपीट की घटना शनिवार रात की है।सोमवार को वीडियो वायरल होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के ग्राम भूसही के लालू सिंह के यहां शनिवार को गढ़वा जिला के डाला कला गांव से बारात आई हुई थी. बारात आने के बाद आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम शुरू हुआ था, इस दौरान डीजे की भी व्यवस्था की गई थी. आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान बाराती पक्ष के लोग डांस कर रहे थे. इसी क्रम में सराती पक्ष के लोग लोग मौके पर पहुंचे और डांस करने लगे।डांस के क्रम में दोनों पक्ष के युवकों के बीच विवाद हो गया. धीरे-धीरे विवाद बढ़ता गया और मारपीट शुरू हो गई. मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी और डंडे चले हैं. जनमासा करीब आधे घंटे तक रणक्षेत्र बन रहा. बाद में स्थानीय ग्रामीणों के समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष शांत में हुए और मारपीट बंद हुआ. घटना के बाद ग्रामीणों ने समझाया बुझाया, जिसके बाद वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ. घटना में जख्मी लोगों को इलाज के लिए गढ़वा भेज दिया गया. गंभीर रूप से जख्मी दोनों युवकों का इलाज गढ़वा के अस्पताल में किया जा रहा है. चार लोग मामूली रूप से जख्मी हुए थे।सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

## पंचायत समिति की बैठक मे प्रखंड कर्मियों के द्वारा दूर्व्यवहार करने को लेकर उपायुक्त से मिलकर कारवाई करने की मांग किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड कर्मियों के द्वारा अभद्र व्यवहार करने एवं बैठक मे लिए गए प्रस्ताव का जवाब नहीं देने को लेकर जमकर हंगामा हुआ था . इसके बाद आक्रोशित प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों ने बिडिओ सह सीओ गणेश महतो एवं प्रखंड कर्मियों के विरोध में ब्लॉक परिसर में ही धरना पर बैठ गए थे। मामला उस समय गर्म हो गया था जब ब्लॉक नाजिर शैलेश चंद्र विश्वकर्मा के द्वारा पंचायत समिति की बैठक मे लिए गए प्रस्ताव का जवाब नहीं दिया गया था, इसी बीच उनके द्वारा पंचायत समिति सदस्यों से ऊंची आवाज में बात किया गया था। साथ ही पंचायत समिति की बैठक में अनुपस्थित भी थे.उनके द्वारा पंचायत समितियों के साथ अभद्र व्यवहार के बाद बैठक से बाहर निकल जाने से आक्रोशित पंचायत समिति के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इसको लेकर दूरभाष के माध्यम से उपायुक्त को सूचना दिया गया। तब उपायुक्त के आश्वासन के बाद धरना को समाप्त कर दिया गया। उपायुक्त के द्वारा शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय बुलाया गया। उपायुक्त ने इस संबध में पूछताछ के बाद करवाई करने का आश्वासन दिया। इस संबध में प्रमुख आभा रानी व उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य ने बताया कि हमलोग को उपायुक्त के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय बुलाया गया था और उपायुक्त महोदय के द्वारा करवाई करने को कहा गया है।मौके पर विकास कुमार सिंह, शिलावन्ति देवी, कृष्णा राम, रेणु देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने अनुकंपा समिति की बैठक की, 31 मामलों की समीक्षा में कुल 18 आवेदकों को नौकरी देने का निर्णय



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की.समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 31 मामलों का समीक्षा की गयी जिनमें 18 आवेदकों के अनुशंसा प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए उन्हें नौकरी देने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे व अनुकंपा समिति के सदस्य ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## बीपीओ ने बीआरपी-सीआरपी के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने बीआरपी- सीआरपी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिया. बैठक में बीईईओ ने कहा कि रुआर 2023 बैक टू स्कूल कम्पेन के तहत 6-18 उम्र ग्रुप के सभी बच्चों को विद्यालय स्तर का शिक्षा पूर्ण कराना है .उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ सर्वे के माध्यम से अनामांकित एवं छिजित बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकम करना है .रुआर कार्यक्रम 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगा.जिला स्तर पर यह कार्यक्रम 19जून को, प्रखंड स्तर पर 21जून को तथा विद्यालय स्तर पर 22जून को आयोजित होगी. रुआर कार्यक्रम के तहत 30 जून 2024 तक सभी प्रधानाध्यापक बाल पंजी का संधारण करेंगे.उन्होंने जून 2023 से माह के अंतिम शनिवार को वर्ग एक से 12 तक के सभी बच्चों का गणित, अंग्रेजी, बिज्ञान, व हिन्दी बिषय का मासिक जांच आयोजित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इस जांच परीक्षा में 20 अंको का ऑब्जेक्टिव प्रश्न होंगे.उन्होंने कहा कि यू-डाइस मंडेन्टरी सभी प्रधानाध्यापक 31 मई तक शत प्रतिशत पूरा कर लेंगे नहीं तो इसका लिंक बंद हो जायेगा.उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2022 - 23 में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक योगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कर सभी प्रधानाध्यापक आगामी 10 जून तक परीक्षाफल एवं प्रगति पत्रक का कार्य अवश्य पूरा कर लेंगे तथा प्रगति पत्रक का वितरण आगामी 12 जून को छात्रों एंव अभिभावकों की संगोष्ठी बुलाकर करेंगे.उन्होंने कहा कि आगामी 12 जून को परीक्षाफल घोषित करने के बाद आंकड़ो का समेकन करते हुए सीआरपी को देना सुनिश्चित करेंगे तथा सभी सीआरपी प्राप्त आंकड़ों का संग्रह कर कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार के पास जमा करेंगे. कक्षा 01 से कक्षा 07 तक के सभी बच्चों को वर्ग प्रोन्नत मानते हुए दिनांक 01 जून 2023 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करेंगे .उन्होंने कहा कि प्रखंडाधीन विद्यालयों में जहां पर नि:शक्त बच्चे हैं वहां के प्रधानाध्यापक उन बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र का प्रतिवेदन जो विद्यालय नहीं दिये हैं,वे शीघ्र बीआरसी में उपलब्ध करावे.उन्होंने कहा कि यू-डाइस मेंडेटरी जो प्रधानाध्यापक शत प्रतिशत पूरा नही किये है वैसे प्रधानाध्यापकों का वेतन बंद कर दिया गया है.उन्होंने प्रयास कार्यक्रम को पूर्व की तरह विद्यालयों में लागू करने का निर्देश दिया, जिससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जा सकें. बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, सुबोध कुमार, शक्ति दास सिन्हा, वीरेंद्र प्रजापति, शोभा पांडेय, एमआइएस कोडिनेटर मुकेश कुमार, लेखापाल चंदन कुमार सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे.

## सेमरी गांव में हो रहे चंडी महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तिमय हुआ गांव सहित आसपास का माहौल



प्रभात मंत्र संवादाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में आयोजित पांच दिवसीय चंडी महायज्ञ के पहले दिन यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आराध्य देव को आमंत्रित करते हुए अग्नि मंथन कर हुए यज्ञ की शुरुआत की गई। यज्ञ मंडप में आचार्यो व यजमानों की ओर से वेद मंत्र का उच्चारण कर आहूति दी जा रही है। विदित हो कि नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में देवी मां व बाबा भैरव की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर श्री चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ कार्यक्रम यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी श्री उदय नारायणा चार्य की देख देख में संपन्न हो रहा है। रविवार को यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किए जाने को ले गांव के श्रद्धालुओं की ओर विशाल जलयात्रा निकाली गई थी। पांच दिवसीय महायज्ञ चौथे दिन 1 जून को ग्राम देवी मंदिर में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ हीं दो जून को हवन पूजन के साथ समापन होगा। महायज्ञ में श्रद्धालुओं की काफी भिड़ उमड़ पड़ी है। गर्मी व लूं की थपेड़ों का कोई असर यज्ञ में नहीं देखा गया। लोग हर्षोलास के साथ पूजा आदि कार्यो में लगे है। सेमरी सहित आस-पास के दर्जनों गांवों से बच्चे, युवक, कन्याए व वृद्धों की टोली यज्ञमंडप की परिक्रमा कर कर रहे हैं। सभी श्रद्धालू लक्ष्मी नारायण नारायण आदि मंत्रोचारण के साथ परिक्रमा कर रहे है। श्री चंडी महायज्ञ का पहले दिन यज्ञ मंडप में आचार्यो व यजमानों की ओर से वेद मंत्र का उच्चारण कर आहूति दी जा रही है। साथ ही आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ परिसर में प्रत्येक दिन अलग-अलग क्षेत्रों से आमंत्रित किए गए विद्वान प्रवक्ताओं के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। जिसमें मानस विदुषी सुश्री साध्वी लीला भारती की ओर से संगीतमय कथा वाचन किया जा रहा है। काशी से पहुंचे मानस मर्मज्ञ श्री रघुवंश शास्त्री के द्वारा भजन संध्या व विशेष कार्यक्रम किए जा रहे हैं। वहीं बाल व्यास शिव शंकर शास्त्री जी के द्वारा संगीतमय कथा वाचन किया जा रहा है। कथा वाचन का कार्यक्रम प्रत्येक दिन संपन्न होगा। साथ हीं यज्ञ परिसर में शांति व सदभाव कायम करने के लिए स्थानीय लोग हरसंभव लगे है। यज्ञ में भंडारें की व्यवस्था की गई है। जहां सैकड़ों लोग आकर यज्ञ का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी श्री उदय नारायणा चार्य के द्वारा महायज्ञ की सफलता को ले यज्ञ कमेटी के सदस्यों सहित सहयोग स्थापित कर रहे सभी को कार्य जिम्मेवारी सौंपते हुए निर्देश दिया जा रहा है। वहीं हर क्षेत्र से आरहे लोगो की ओर से यज्ञ में अपना सहयोग स्थापित किया जा रहा है। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सूर्यनाथ ओझा, कोषाध्यक्ष निरंजन ओझा, सचिव राजेंद्र ओझा, विजय ओझा, कुश ओझा, मुरारी ओझा, दुर्गा पासवान, सत्य पासवान, विजय शर्मा, सत्येंद्र ओझा, दिलीप ओझा, शिव कुमार शर्मा, रतन राम, राम विनय पासवान, जयंत ओझा, ध्रुव ओझा, अजीत ओझा, आयुष ओझा सहित सैकड़ों ग्रामीण निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड वॉलीबॉल संघ के सदस्य इंद्रदेव राम का निधन



**रांची :** झारखंड वॉलीबॉल संघ के सदस्य और रांची विश्वविद्यालय के खेल विभाग में पदस्थापित इंद्रदेव राम का ईलाज के क्रम में रविवार रात निधन हो गया। राम विगत कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर काफी परेशानियों से जूझ रहे थे। उनके निधन पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव, शेखर बोस सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के अन्य सभी सदस्यों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

### झारखंड बोर्ड कल जारी करेगा आर्ट्स-कॉमर्स का रिजल्ट

**रांची :** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) 12वीं कॉमर्स और आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट 31 मई को घोषित करेगा। जैक बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी करने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। झारखंड इंटर 12वीं आर्ट्स और कॉमर्स का रिजल्ट 2023 की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट्स jac.jharkhand.gov.in और www. jacresults. com पर जारी की जाएगी। जेएसी रिजल्ट 2023 को चेक और डाउनलोड करने के लिए छात्रों को अपने रोल नंबर, जन्म तिथि और स्कूल कोड समेत अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साथ में रखने होंगे। उल्लेखनीय है कि 23 मई को जैक ने मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी किया था। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की थी।

# हज यात्रियों का पहला जत्था कोलकाता रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हज 2023 के सफर की शुरुआत हो चुकी है। रांची में इंबार्केशन पॉइंट नहीं होने को लेकर लगातार उठ रहे विरोध के बीच सोमवार को रांची से 180 हज यात्रियों का पहला जत्था हावड़ा के लिए रांची- हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस से रवाना हो गई, जो तीन बजे करीब हावड़ा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

इस बीच थोड़ा अफरा तफरी होने की भी सूचना थी। कुछ लोगों का कहना था कि व्यवस्था चाहे जो भी रहा हो लेकिन थोड़ा परेशानी तो उठानी पड़ी।

### 1 जून को कोलकाता से जद्दा के लिए उड़ान

सोमवार की सुबह करीब 5:40 में हज यात्रियों को जामताड़ा विधायक सह हज कमेटी के चेयरमैन इरफान अंसारी ने कोलकाता के लिए सभी को विदा किया।

इस मौके पर हाजी मौलाना डा तहजीबुल हसन, हाजी इकबाल, मुनाजिर,अरशद सहित कई लोगों ने



अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

बता दें कि कोलकाता पहुंचने के बाद सभी हज यात्री 1 जून को आजमीन ए हज की फ्लाइट कोलकाता से जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे ।

### केंद्र पर बरसे इरफान

हज यात्रियों को रवाना करने के बाद विधायक सह हज कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर इरफान अंसारी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हज यात्रा 2023 में केंद्र सरकार के इशारे पर सेंट्रल हज कमेटी ने ब्रेक लगाने की नाकामयाब कोशिश की थी , लेकिन वे उसमें सफल नहीं हो पाए और हजारों आजमीन ए हज की दुवाओं की बदौलत कोलकाता भेजा गया। उन्होंने कहा कि केंद्र को यह कहना चाहूंगा कि अल्पसंख्यक होना पाप नहीं है । देश के राजस्व में हज यात्रा एक अहम किरदार अदा करती है । हज में जाने वाले सभी हाजियों की तरफ से ही लाखों लाख रुपए सरकार के राजस्व कोष में जमा होता है , इसके बावजूद अगर मदद नहीं की जाएगी तो यह नाइंसाफी है।

### हज हाउस में हो रही समस्याएं

बताया जा रहा है कि हज हाउस कडरु में आजमीन हज के लोग ठहरे हैं, लेकिन बताया यह भी जा रहा है कि शौचालय को लेकर अव्यवस्था देखने को मिली है।

### मौलाना डा ताहजीबुल ने कहा

डॉ मौलाना ताहजीबुल हसन ने कहा कि 4:45 बजे हम सभी खिदमत में रांची रेलवे स्टेशन पहुंच चुके थे। सभी आजमीन ए हज समय पर पहुंचे चुके थे। इंटरसिटी ट्रेन की दो बोगी सबसे आगे लगाई गई थी , जिसमें आजमीन ए हज को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई, सुबह करीब 6:10 बजे सभी रांची रेलवे स्टेशन से हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस से हावड़ा के लिए रवाना हुए, करीब तीन बजे आज ही पहुंचेंगे और फिर टैक्सी से सभी को कोलकाता से हाउस ले जाया जायेगा।

# पूर्व विधायक पर एनआईए ने दूसरा पूरक आरोप पत्र किया दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्टीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमला मामले में दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए की विशेष अदालत रांची में दाखिल चार्जशीट में दो आरोपितों को नामजद किया गया है। इनमें तिवारी बांकीरा उर्फ शाका और सदन कोराह का नाम शामिल हैं। एनआईए की ओर से सोमवार को दी जानकारी के अनुसार चाईबासा जिले के रहने वाले दोनों आरोपित प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सशस्त्र कैडर हैं। दोनों पर आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं। तिवारी बांकीरा को 30 नवंबर 2022 को और सदन कोराह को इस साल 13 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल होने




गये पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला किया था। पूर्व विधायक ने भीड़ में जाकर अपनी जान बचायी थी। नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों बॉडीगार्ड को घेर लिया था इसके बाद बॉडीगार्ड नक्सलियों से उलझ गये, लेकिन उनकी संख्या अधिक थी, इससे वे हथियार लूटने में सफल रहे। नक्सलियों ने दो बॉडीगार्ड शंकर नायक और ठाकुर हेम्ब्रम की हत्या भी कर दी थी। जबकि एक बॉडीगार्ड ने भागकर अपनी जान बचायी थी। इस मामले में 31 दिसंबर 2022 को 14 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

# राज्यपाल ने गृह मंत्री से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की है। राजभवन सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

# हास्य नाटक प्रमोशन ने दर्शकों को किया लोट-पोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थिएटर अकैडमी के स्टूडियो थिएटर में रविवार की शाम हिंदी नाटक ÷प्रमोशन÷ का एक और सफल मंचन किया गया।नाटक के लेखक हैं विनोद रस्तोगी जबकि इसे निर्देशित किया राजीव सिन्हा ने, मंचन के दौरान मौजूद दर्शकों ने हास्य नाटक प्रमोशन का खूब लुत्फ उठाया, नाटक में डाले गए छोटे-छोटे हास्य पंचों ने दर्शकों को लोटपोट कर दिया नाटक में अभिनय कर रहे कलाकारों में शामिल थे अपराजिता रॉय, अरुण सिंह, मुस्कान मेधा, सौरभ मंडल सामर्थ झा, मोंटी रॉक, चंदन कुमार और शिवेंद्र कुमार। इस



नाटक के मूल भावार्थ आज के इस आधुनिक युग में समाज का हर व्यक्ति दिखावे की जिंदगी जी रहा है. और इस दिखावे की जिंदगी में ही लोग एक दूसरे को नीचे दिखाने में लगे हुए हैं. ऐसे में इस चकाचौंध भरी दुनिया में ज्यादा की चाहत में लोग दिखावे के लिए क्या-क्या कर जाते हैं. उस तमाम चीजों पर यह नाटक अपने अभिनय और संवाद के माध्यम से चुटकी लेता नजर आता है।

# झारखंड कला जतरा मे झारखंड विषयक चित्रकला शिविर संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा झारखण्ड कला जतरा - फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी के अंतर्गत चित्रकला शिविर संपन्न हो गया । प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 26 से 28 मई से कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा के प्रांगन में किया गया था । इस शिविर मे झारखंड विषय पर युवा कलाकारों ने पेंटिंग बनाई । पेंटिंग कार्यशाला के संयोजक चित्रकार धनंजय कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला मे झारखंड के विभिन्न जिलों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने झारखंड के जीवन शैली, ग्रामीण परिवेश, वेषभूषा , लोक नृत्य , परम्परा आदि का चित्रण किया । उन्होंने युवाओं को कला के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के सम्भावनाओं के बारे मे भी अवगत कराया । इस कार्यशाला ने 15 युवा कलाकारों ने हिस्सा लिया ।उन्होंने बताया की झारखण्ड कला जतरा पहली बार आयोजित की जा रही है जिसमें डोकरा आर्ट, क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग, मूर्तिकला, झारखंड की लोक चित्रकला सोहराय, राज्य स्तरीय चित्रकला शिविर चित्रकला एवं कला जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा । यह कार्यक्रम संस्कृति कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है ।आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अजय कुमार , रजनी कुमारी, हर्ष, आरती, रिचा , मनस्वी, शिखा ने सहयोग किया।

# पदक विजेता कराटे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

### झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं महुआ माजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वाधान में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन डंगरा टोली चौक स्थित एक होटल में किया गया। समारोह में पिछले दिनों ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में राज्य के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विशिष्ट अतिथि खूंटी सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उसे निखारने की जरूरत है। हमारे कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहरा रहे हैं। यह राज्य के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि जिस प्रकार से राज्य के खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर राज्य के लिए पदक जीता है। इन खिलाड़ियों का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह खिलाड़ी संभवत दिल्ली में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सम्मानित होने वाले

**शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि जिस प्रकार से राज्य के खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर राज्य के लिए पदक जीता है।**

खिलाड़ियों में अक्षज जयसवाल, आशीन ज्यूरियल मिंज, आरोही भूमि कच्छप, ऐलिसन रूपुल खाखा, शालिनी कुमारी उरांव एवं झारखंड पुलिस में कार्यरत 55 वर्षीय रंथु उरांव शामिल हैं।

# रांची : दामोदर महोत्सव में मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन एवं दामोदर बचाओ आंदोलन ने 30 मई को देवनद- दामोदर महोत्सव का आयोजन किया है। मुख्य समारोह रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में होगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। रजरप्पा के अलावा झारखंड के अन्य 44 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा के सदस्य सरयू राय ने सोमवार को बताया कि 30 मई की शाम पांच बजे से महोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान राज्यपाल पूजन, आरती और संगोष्ठी आदि में हिस्सा लेंगे। राय ने बताया कि दामोदर को बचाने के लिए 2004 में गंगा दशहरा के दिन आंदोलन की शुरुआत हुई थी। यह 19वां साल है। लोगों ने माना है कि दामोदर का पानी साफ हुआ है। लोगों ने यह भी माना है कि लगभग 95 प्रतिशत तक औद्योगिक प्रदूषण से दामोदर मुक्त हो गया है। सरयू राय ने बताया कि वर्ष 2022 में दामोदर समीक्षा यात्रा के दौरान रजरप्पा में यह संकल्प लिया गया कि अब दामोदर को शहरी प्रदूषण से मुक्त करेंगे। इस संबंध में एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) लगाने की भी बात हुई। बीते वर्ष ही केन्द्र सरकार को पत्र लिखा गया। सरकार ने उदारता दिखाई और एसटीपी के लिए राज्य सरकार को पैसे भेज दिए। ये पैसे रामगढ़, धनबाद और फुसरो में एसटीपी लगाने के लिए दिए गए थे। चास में डीएमएफटी फंड से एसटीपी लगाने का जिला प्रशासन ने फैसला किया है। पतरातू थर्मल और चंद्रपुरा थर्मल वाले अपने ही खर्चे से एसटीपी लगवा रहे हैं। सरयू राय ने बताया कि रामगढ़ के



अलावा राज्य के 44 अन्य स्थानों पर भी दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर नद पूजा, आरती, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान आदि आयोजित किये जाएंगे।

# मोदी सरकार के 9 साल पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर का भाजपा पर हमला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केन्द्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। गरीब व्यक्ति और गरीब हो रहा है। कांग्रेस नेता ने सोमवार को बातचीत में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार नौ वर्ष में हर मोर्चे पर विफल रही है। महिला, दलित, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। मोदी सरकार पिछले नौ सालों में संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। साथ ही उसका दुरुपयोग विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ कर रही है। कोरोना काल में भी मोदी सरकार के अचानक लॉकडाउन के फैसले से लाखों लोग घर जाने के लिए मजबूर हुए। कोरोना के कारण 40 लाख लोगों की मौत के बाद उनके परिजनों को मुआवजा देना बंद कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**रांची :** नामकुम के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में सोमवार सुबह ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है । बताया जाता है किबाइक पर सवार होकर तीन युवक आ रहे थे। इसी क्रम में बाइक और ट्रक के बीच टक्कर हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा। जबकि मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। खबर लिखे जाने तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# लाइनमैन नईम अंसारी के साथ मारपीट करनेवाले फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके थाना अंतर्गत बुकरु चामा गांव में बिजली दुरुस्त करने पहुंचे लाइनमैन नईम अंसारी को रविवार रात करीब 10.30 बजे कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी निवासी आकाश कच्छप और अघनु गाड़ी और अज्ञात 6-7 लोगो ने जमकर मारपीट की। मारपीट में लाइनमैन नईम अंसारी बुरी तरह जख्मी हो गया। सर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने के बाद तत्काल कांके पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तब तक सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो चुके थे। कांके पुलिस और परिजनों के सहयोग से देर रात कांके स्वास्थ केंद्र में बीजली कर्मी नईम अंसारी का प्राथमिक उपचार



कर घर भेजा गया। इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पिठौरिया ने कांके थाना में आकाश कच्छप, अघनु गाड़ी सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार रविवार रात तकरीबन 10.30 बजे बुकरू चामा में बिजली की तार गिर गई थी।

जिसे लाइनमैन नईम अंसारी अपने सहयोगी मालिक अंसारी के साथ ठीक करने पहुँचे थे। वही 7-8 की संख्या में पहले से कुछ लोग मौजूद थे, और लाइनमैन से उलझ गए। और मारपीट करने लगे। इस दौरान एक कार्यक्रम से घर लौट रहे युवा कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर ने मारपीट कर रहे बदमाशों के चुंगल से लाइनमैन नईम अंसारी को बचाया। बाद में नईम अंसारी ने अपने परिजनों और कांके थाना को इसकी सूचना दी। जिसके बाद तत्काल परिजन और कांके पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन तब तक सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो चुके थे। बिजली कर्मी की मारपीट से आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, उपाध्यक्ष मो सफीउल्लाह अंसारी और मजीबुल अंसारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# मोदी सरकार के नौ सालों में बना नया और सशक्त भारत : वीके सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने रांची पहुंचे और द रांची प्रेस क्लब में 'मीडिया संवाद' को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की नौ सालों की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले के भारत और आज के भारत की तस्वीर बिल्कुल अलग है, आज पूरी दुनिया नए भारत की ताकत देख रही है। इस आधुनिक युग के नाये भारत में प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरियों की नियुक्तियां हुई हैं, साथ ही स्टार्टअप, मुद्रा लोन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,खेल और कला को बढ़ावा देने का काम किया और सुविधाएं दी, खासकर रोजगार के द्वार खुले, कौशल विकास जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं और नये संसद भवन ढ़ाई साल में बनाकर दिया यह गौरवान्वित होने वाला पल।

**पहलवानों पर पुलिसिया कार्रवाई सही : वीके:** जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों के खिलाफ




पुलिसिया कार्रवाई पर उन्होंने कहा है कि पहलवानों को भड़काने और दंगा फैलाने के लिये बाहर के लोग कोशिश करेंगे तो पुलिस को ऐसी कार्रवाई करनी ही पड़ेगी। पहलवानों के साथ क्या हो रहा है सब जानते हैं।

**भाजपा चला रही है संपर्क अभियान:** भाजपा लगातार नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पुरे राज्य में 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान चलायेगी । इस महासंपर्क अभियान के तहत बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राज्य में अस्सी लाख लोगो से संपर्क करने का लक्ष्य रखा है।

भाजपा 2024 में होनेवाले झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ-साथ होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर कई तरह की रणनीतियां तैयार कर रही है। इस मौके पर भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक बाबूलाल मरांडी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहें।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा भारत का मान : डॉ देवशरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि देश में मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सुरक्षा व्यवस्था पहले से काफी मजबूत हुई है। भगत सोमवार को हिन्दुस्थान समाचार से मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर विशेष बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पड़ोसी देशों से भी रिश्ते बेहतर हुए हैं।उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बहुत सारे देशों का आर्थिक स्थिति चरमरा गयी थी, लेकिन भारत को आर्थिक रूप से कोई फर्क नहीं पड़ा।

कोरोना के संकटकाल में भी दूसरे देशों को वैक्सीन देकर भारत ने सहयोग किया। लॉकडाउन सहित कई कड़े फैसले ने कोरोना जैसी महामारी से देशवासियों की रक्षा की। मुफ्त में देशवासियों को वैक्सीन दिया गया। यह मोदी सरकार की सूझबूझ और ऐतिहासिक कार्य को दर्शाता है। डॉ भगत ने कहा कि देश में आतंकवाद और विघटनकारी शक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए मोदी सरकार ने देश को मजबूत एवं सशक्त किया है। साथ ही देश की एकता, अखंडता और भाई चारगी को बनाए रखने के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं ,जो अपने आप में ऐतिहासिक है। देश की सुरक्षा में लगे सेना को मजबूत करने के लिए कई नए उपकरण से लैस किया गया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मिशन लाईफ के तहत प्रारंभिक दौर में मई से जून 2023 (विश्व पर्यावरण दिवस) तक सामुहिक जागरुकता एवं मॉबिलाईजेशन अभियान के सफल संचालन हेतु विविध बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को अलग-अलग दिशा-निर्देश दिया।

उपायुक्त ने बताया कि झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में उक्त अभियान के दौरान सात चिन्हित थीम के अंतर्गत 75 सामान्य पर्यावरण फ्रेंडली कार्यों हेतु जनमानस को जागरुक किया जाना है। चिन्हित 07 थीमों में उर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग को अलविदा करना, संपोषणीय आहार को अपनाना, कचरे का प्रबंधन, स्वास्थ्यकर जीवन शैली को अपनाना तथा ई-वेस्ट का प्रबंधन शामिल है। उन्होंने उक्त थीमों के तहत संबंधित विभाग के अधिकारियों को विविध गतिविधियों को आयोजन कर आम लागों को जागरुक करने के निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, खूंटी नीतीश कुमार सिंह, वन प्रंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, परियोजना निर्देशक,आटीडीए, खूंटी, अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल रहे।

## सिल्ली हरिमंदिर में अखंड हरिनाम सकीर्तन मे उमड़ी भीड़



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली हाट बगान स्थित हरिमंदिर मे चल रही 9 दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का चौथा दिन सोमवार को भक्तों भीड़ जमी रही। आसपास के महिलाओं ने भी हरिनाम कीर्तन का आनंद उठाया! दुर दराज से आए बुढ़े बुजुर्गों ने हरिनाम कीर्तन मे बैठकर प्रभु को याद कर झुमने लगे! महिला कीर्तन मंडली भी अपनी भक्ति पर सबका मन मोह लिया! शाम के समय आरती होने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## आजमीन-ए-हज से मिले छोटानागपुर इराकी जोन के सेक्रेटी परवेज आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** छोटानागपुर इराकी जोन के सेक्रेटी परवेज आलम ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो, ईटकी, मांडर व चान्हो प्रखंड़ के विभिन्न गांवों का दौरा कर आजमीन-ए-हज से मुलाकात कर राज्य व क्षेत्र में अमन चैन के लिए दुआ का दरखास्त किये। इस मौके पर सभी आजमीन-ए-हज को बुके देकर मुबारकबाद दिये। आज़मीन-ए-हज से मुलाकात करते हुए परवेज आलम ने कहा कि झारखण्ड के साथ ही देश के तमाम आज़मीन-ए-हज को मुबारकबाद और ऊपरवाले से यही दुआ है, कि वे सभी पूरी सफलता के साथ अपनी यात्रा पूरी करें और उनकी सारी ख्वाहिशें पूरी हो, विशेष रूप से झारखंड से जानेवाले आज़मीन-ए-हज से अनुरोध किया कि वे सभी झारखण्ड और देश की तरक्की, शांति, सद्भावना और भाईचारे के लिए दुआ करें। दुआएं सभी आज़मीन-ए-हज के साथ है.उनकी यात्रा के बाद न केवल उनकी जिंदगी में बदलाव आयेगा बल्कि झारखण्ड भी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा। मौके पर नसीम अनवर नदवी,मुर्तजा आलम, मो0 सकिब, तौकिर आलम, तनवीर आलम सहित कई लोग साथ में थे।

## अड़की में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय रामकथा का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की गांव में आज सोमवार से तीन दिवसीय रामायण कथा का शुभारंभ किया गया। रामकथा के आयोजन में सर्वप्रथम सोमवार की सुबह गाँव के सभी मताएं बहने और छोटे बच्चियों अड़की के ऊपरटोली के बुलाद नदी से पंडित श्री अमूल्या मिश्रा के मंत्रोंचारण के साथ विधिवत कलश में जल भर कर माथे पर लेकर पुरे गाँव भ्रमण किया इस दौरान इस कलश यात्रा में सभी महिलाएं बहुत उत्साहित दिखीं भक्तिमय माहौल में भगवान श्री राम के जयकारे के साथ ही संध्या 7 बजे से महाआरती का आयोजन भी किया गया था जिसमे गाँव के सभी महिला और पुरुषों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिए,महाआरती के बाद सभी सभी श्रद्धालुगन घर गए संध्या में घरेलू कार्य संपन्न कर सभी महिलाएं पुनः इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंची और रात्रि 8 बजे से रामायण पाठ का प्रवचन का शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में ग्राम के बड़े बुजुर्ग तथा बच्चों महिलाओं में बहुत ही आनंदित थे। इस आयोजन में अड़की के महिला मंडल की प्रमुख भूमिका रही।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राजकुमार महतो के नेतृत्व में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी की 59वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, कार्तिक चंद्र महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो, सिल्ली पुर्वी मंडल अध्यक्ष हितेश कुमार बड़ाईक आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## असंगठित मजदूरों का लगातार 15 वें दिन तक धरना प्रदर्शन जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पिपरवार प्रबंधन कार्यालय के समक्ष असंगठित मजदूरों का लगातार 15 दिन धरना जारी रहा। धरना लगातार भीषण गर्मी में अपने हक अधिकार के लिए मजदूरों का संघर्ष पूरे जोश खरोश के साथ बरकरार है। पिपरवार प्रबंधन असंगठित मजदूरों के बोनस सीएमपीएफ के समाधान पर चुप्पी साथ बैठी है। मजदूरों के समस्या को समाधान पर पिपरवार प्रबंधन की बेबसी साफ झलक रही है। इससे यह प्रतीत होता है,कि प्रबंधन समस्या के समाधान में कहीं न कहीं मजबूर है। मजदूरों का सीएमपीएफ बोनस का मामला 2013 से लंबित है 2018 से 2021 तक 1091 मजदूरों का फॉर्म भरकर दावा हेतु सीएमपीएफ कार्यालय भेजा गया। किंतु 72 को छोड़ दिया जाए तो 1020 फाइल कार्यालय से वापस पवार को भेज दिया गया है।

जो कि मजदूरों की सीएमपीएफ बोनस की मांग की फाइल जीएम ऑफिस में आज भी पड़ी हुई है। प्रबंधन की लापरवाही से विवश होकर आंदोलित है। अति शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगे मजदूरों का आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है,आर पार की लड़ाई है। अब मजदूर प्रबंधन का आश्वासन नहीं चाह रहा है क्योंकि कई बार इन्होंने लिखित आश्वासन देने के बाद भी आज तक समस्या का समाधान नहीं कर पाए हैं। यहां तक कि 2013 से लेकर आज तक किसी भी कंपनी का बोनस पूर्ण रूप से भुगतान नहीं करवा पाए हैं। मौके पर दिनेश भर,अशोक राम,जितेंद्र सिंह,संजय प्रसाद सिंह,वीरेंद्र तुरी,गोपाल महली,हुलास गंझू,बालेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में मजदूर धरना प्रदर्शन पर थे।

## खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता आधारित मन का मिलन पखवाड़ा प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने किया। मौके पर अनुमंडल दंडाधिकारी अनीकेत सचान सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ने कहा कि 14 जून 2023 तक चलने वाले मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मध्यस्थता के माध्यम से हर तरह के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इसमें आकर आमजन अपने प्रि-लिटिगेशन के मामले सहित अन्य विवाद यथा- जमीन-जायदाद, पारिवारिक, चेक वाउंस, वाणिज्य, आपराधिक सुलहनीय मामले, वाहन दुटर्घना मुआवजा, विद्युत, एक्साईज आदि मामलों का निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन करा सकते है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि उक्त पखवाड़ा के तहत अधिक से अधिक लोग विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी में आकर विवादों के निष्तारण के लिए मध्यस्थता अपनाएं, धन और समय बचाएं तथा वाद विवाद से मुक्ति पाएं।

## किसान मित्र विनोद कुमार बने हाई स्कूल शिक्षक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित करियातपुर पंचायत के शिवपुर गरलाही निवासी विनोद कुमार पिता बंगाली रविदास, अवकाश प्राप्त एनएच कर्मी, वर्तमान में करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार के बड़े भाई विनोद कुमार ने 19 मई 2023 को खेल गांव स्थित ताना भगत स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर बरही क्षेत्र का नाम रोशन किया। विनोद कुमार वर्तमान में कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार में सहायक शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। बता दे कि विनोद कुमार 2010 से 2023 तक कृषक मित्र के रूप में भीं सेवा दे रहे थे, इनका पदस्थापन उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेंदेगिर प्रखंड केरेडारी में हुआ है।

## बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कॉर्पोरेट एक्सीलेंस के लिए सम्मान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी को सीआईआई द्वारा स्थापित 2022 के लिए 17वें सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में कॉर्पोरेट एक्सीलेंस में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कमेंडेशन (प्रशस्ति पत्र) प्राप्त हुआ है। कंपनी प्रबंधन को यह अवॉर्ड 10 मई 2023 को नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान किया गया। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री संदीप घोष ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ÷इस पुरस्कार ने सस्टेनेबल बिजनेस (सतत व्यवसाय) में एक्सीलेंस की दिशा में कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। हमारे ग्रह पृथ्वी के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए मजबूत सस्टेनेबल मानकों का निर्माण आवश्यक है। इसलिए, इंडस्ट्री ने सभी संभावित सस्टेनेबल आयामों को कॉर्पोरेट स्ट्रेटजी और बिजनेस प्रोसेस और प्रेक्टिसिज में गहराई से शामिल किया गया है। श्री देवेश कुमार मिश्रा, यूनिट हेड, चंदेरिया सीमेंट वर्क्स और श्री देवाशीष चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट अफेयर्स ने ये पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार सस्टेनेबल बिजनेस में एक्सीलेंस की यात्रा पर पॉलिसी और प्रक्रियाओं की तैनाती से सराहनीय परिणामों के लिए विनिर्माण क्षेत्र में कॉर्पोरेट एक्सीलेंस में कंपनी की महत्वपूर्ण उपलब्धि को मान्यता देता है। जूरी के सदस्यों ने उत्सर्जन, सीएसआर, सुरक्षा, एएफआर उपयोग, ऊर्जा और जल संरक्षण और जैव विविधता विकास के क्षेत्रों में कंपनी के निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने किया एनके एरिया बन्द, घुटने में झुके एनके एरिया के आलाधिकारी

# आठ घंटा तक कोयला उत्पादन व ढुलाई ठप रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** 30 सूत्री मांग व विस्थापन, स्थापन सहित जटिल समस्याओं पर मोर्चा के द्वारा सीसीएल से की गयी मांग नही मानने के आलोक में अथवा सीसीएल को मुहतोड़ जवाद देने के लिए रैयत विस्थापित मोर्चा ने पूरे एनके एरिया में एकदिवसीय बंद कर एरिया का काम काज ठप किया। मोर्चा के द्वारा एकदिवसीय बंदी में एनके क्षेत्र में कोयला उत्पाद व ढुलाई लगभग आठ घण्टे तक ठप रहा। इस बंदी में सीसीएल को करोड़ों रुपये का नुकसान का अनुमान बताया गया। वही रैयतों के द्वारा पूरे एनके क्षेत्र में बंदी करने पर एनके एरिया के आलाधिकारी घुटनों में गिरे,दौड़े फिरे पहुँचे केडीएच के पिट ऑफिस के पास जहाँ पर रैयतों ने बन्दी का मुख्य केंद्र बनाया था। उसी जगह एक चौपाल की तरह ऑन द स्पोर्ट फैसला सुनने व सुनने का निर्णय लिया गया। इस बंदी चौपाल में मोर्चा के अधिकारी व सीसीएल के तमाम अधिकारियों से कई मुद्दों पर बात किया गया। जिसको लेकर एनके एरिया जीएम संजय कुमार ने तय समय पर ग्रामीणों व रैयतों विस्थापितों का समस्या का हल करने का निर्णय लिया गया। जीएम ने अपने अधिकारियों को निर्देश देते हुये जवाब तलब किया। वही मोर्चा व जीएम 2 जुलाई के दिन मोर्चा के अधिकारी व खलारी डीएसपी,खलारी सीओ, व एनके महाप्रबन्धक के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया।

**वार्ता के बाद बंदी वापस लिया गया :** बन्दी के दौरान दोनों तरफ से घण्टो का वार्ता चली। जिसके बाद रैयत विस्थापित मोर्चा के अधिकारियों ने एनके अधिकारियों के बात पर सहमति जताते हुए बंदी वापस लिया गया। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि सीसीएल के नाकामी और छलावा रवैये के कारण इनके5 एरिया बंदी करने का निर्णय लिया गया। बंद करने के बाद सीसीएल के अधिकारियों को होश आया। कहा कि मांग मानी जायेगी।



**बंदी का साथ देने पहुँचे वन्यप्राणी जीव(बजरंगबली) :** रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के एनके एरिया बंदी के दौरान सीसीएल के विनास से क्षति हुए वन्यप्राणी भी पहुँच गए जीएम से अपना हक अधिकार की मांग करने। इस दौरान दोनों पक्षों के वार्ता हो रही थी कि एक वन्यप्राणी बंदर भी पहुँच गया। दोनो ओर की बात सुनने लगभग 10 मिनट के बाद बन्दर को पता चला कि मेरा यहां कोई सुनने वाला नही तो फिर चलते बना। किसी ने यह भी कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा किये गए बंद का साथ देने के लिए साक्षात बजंगबली भी पहुँच गये।


कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

(समाज कल्याण शाखा)

Email ID - dswopalamau@gmail.com

(निविदा आमंत्रण सूचना)

पलामू जिला अंतर्गत जेलहाता, मेदिनीनगर में संचालित सम्प्रेक्षण गृह, पलामू में आवासीत बच्चों के लिए राशन, दवा, कपड़ा इत्यादि की आपूर्त्ति हेतु निविदा आमंत्रण की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.06.2023 को अपराह्न 01:बजे तक है तथा निविदा खोलने की तिथि 22.06.2023 को 03:00 बजे है।

निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू।

PR 298589 Palamu(23-24)D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

हजारीबाग जिला अर्न्तगत बिहार/झारखण्ड़ सहकारी समितियॉं अधिनियम 1935 तथा बिहार/झारखण्ड़ स्वावलम्बी सहकारी समितियॉं अधिनियम 1996 के तहत् निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक के लिए सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण।

प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि 15.06.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक की अवधि हेतु हजारीबाग जिला के प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से पूर्व में विज्ञापन सं0 PR 296053 (Fish) 2023-24 D fnukad 29-04-2023 के द्वारा बंदोबस्ती हेतु दिनांक 10.05.2023 तक प्रस्ताव की मांग की गई थी। परंतु निर्धारित तिथि के उपरांत भी बहुत सारी समितियों यथा हजारीबाग मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, मल्लाहाटोली हजारीबाग, कटकमदाग मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, कटकमदाग, हजारीबाग, विशाल मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहयोग समिति लि0, चुरचू, हजारीबाग एवं चौपारण मत्स्यजीवी स्वावंली सहयोग समिति लि0, चौपारण, हजारीबाग इत्यादि समितियों से बंदोबस्ती का प्रस्ताव का निर्धारित तिथि को बढाने हेतु अनुरोध किया गया है। इसमें कुछ समितियॉं नवनिबंधित है इसलिए समितियों के आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जलकरों के बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि को 15.06.2023 तक अंतिम रूप से विस्तारीत किया जाता है। समिति से प्राप्त प्रस्ताव के साथ संलग्न की जाने वाली कागजातों का पूर्व में प्रकाशित सूची/शर्तें यथावत रहेगी, जिसें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी समिति से प्रस्ताव मान्य नही होगा। साथ ही समिति से प्राप्त प्रस्ताव पर/खुले डाक के माध्यम से जलकरों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.298559 Fish(23-24):D

झारखण्ड सरकार
उद्योग निदेशालय

प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

कौशल विकास योजनान्तर्गत उद्योग विभाग, झारखंड सरकार ,रांची के उद्योग निदेशालय द्वारा झारखंड सरकार टूल रूम. टाटीसिल्वे, रांची, टूल रूम जरदाहा दुमका टूल रूम एवं टूल रूम गोला के ट्रेनिंग सेंटर में निम्न योग्यताधारी अभ्यर्थियों का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है :–

1. प्रशिक्षण हेतु पात्रता :– (क) झारखंड का स्थाई निवासी (ख)आयु : 18–35 वर्ष (ग) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन
2. चयन का आधार :– गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी के प्राप्तांक के आधार पर
3. पाठ्यक्रम का नाम :– मशीनिस्ट
4. प्रशिक्षण का अवधि :–12 माह
5. स्टाइपेंड:– 1500 रुपये प्रतिमाह
6. **सीटों की संख्या: टूल रूम. टाटीसिल्वे, रांची– 35 टूल रूम जरदाहा दुमका–: 25 टूल रूम जरदाहा दुमका–: 16**

वैसे अभ्यर्थिजो उपरोक्त संस्थानों में अध्ययन करना चाहते हैं, निम्न निर्धारित प्रपत्र में प्राचार्य टूल रूम टाटीसिल्वे रांची, टूल रूम गोला, रामगढ़ अथवा जरदाहा दुमका को दिनांक 17–06–2023 तक आवेदन कर सकते हैं द्य निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र का प्रपत्र

1. अभ्यर्थी का नाम :------------------------------------------------
2. पिता /पति का नाम :------------------------------------------------
3. जन्मतिथि :..................................................
4. मैट्रिकुलेशन में प्राप्तांक :..................................................
5. स्थाई पता :..................................................
6. लिंग (पुरुष/ स्त्री) :------------------------------------------------
7. जाति (सामान्य/अनु0 जाति/अनु0जनजाति/पिछड़ा वर्ग 1 या 2)

अपने आवेदन के साथ स्थाई निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं मैट्रिकुलेशन अंक प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न करें। किसी भी संशय की स्थिति में रांची एवं गोला हेतु टेलीफोन – **0651 –22659666/07261094902 एवं दुमका हेतु टेलीफोन 09955346735/09199240260** पर संपर्क कर सकते हैं।

PR 298596 Industries(23-24).D

( प्राचार्य सह प्रबंध निदेशक)

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कमलजीत कौर भारतीय आजाद सेना के कोल्हान प्रमंडल की अध्यक्षता मनोनीत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी कमलजीत कौर को भारतीय आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने कोल्हान प्रमंडल का अध्यक्षता मनोनीत किया है। श्री सोनी ने आशा व्यक्त की है कि कमलजीत कौर भारतीय आजाद सेना के कार्यक्रमों को ज़न ज़न तक पहुंचाएगी। साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने की कोशिश करेंगी। इस संबंध में कमलजीत कौर ने कहा कि भारतीय आजाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगी।

## ऋतिक रोशन बने एक्सॉन मोबिल के ब्रांड एंबेसडर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोबिल टीएम जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉन मोबिल ने आज बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं। इससे पहले एक्सॉन मोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा में पार्टनरशिप की थी, जिसमें यह संदेश दिया गया हैं कि सही विकल्प का चयन करके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। इस संबंध में एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा कि भारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में ज़बरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की ज़रूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा।

## कुचाई के पारलवादी में बुना पूजा हुआ संपन्न, अच्छी फसल के लिए किसानों ने टेका माथा



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखण्ड के बंदोलहार पंचायत के पारलवादी गांव में वार्षिक बुना पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान खेतों में धान की बोआई से पूर्व होने वाले बुना पूजा में ग्राम देवता, धर्म देवता व पाउड़ी माता की पूजा की गई। बताया गया कि यह पूजा प्राचीन काल से चली आ रही है। इस क्षेत्र के ग्रामीण हर वर्ष इस अनुष्ठान को निभाते हैं। पारलवादी गांव के दिउरी कृष्ण हेंब्रम ने पूजा स्थल पर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। बुना पूजा में अच्छी बारिश के साथ खेती व गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गई। साथ ही गो-धन संवर्धन के लिए मन्नत मांगी गई। इस दौरान अंगद, रविप्रकाश, सुभाष, कोकिल, कालीचरण, निर्मल, हेमराज, मिहिर, दिनेश, लालजी, राजेश, रंजीत, राहुल, प्रकाश, राकेश, शशिकांत, मुनिलाल, अनिल, मंजेश आदि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी समाज ने साकची बाजार शिवमंदिर के सामने बांटा प्रसाद



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी समाज द्वारा सोमवार को समाजसेवी स्वर्गीय विनोद कुमार अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी याद में साकची बाजार शिवमंदिर के सामने आम लोगों के बीच प्रसाद (भोजन हलवा, पुड़ी, सब्जी) का वितरण किया गया। इसका आयोजन स्वर्गीय विनोद के पुत्र लालचंद अग्रवाल एवं बबलू अग्रवाल द्वारा किया गया था। जिसमें तीन हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मारवाड़ी समाज के गणमान्य ओम प्रकाश रिंगसिया, मुकेश मित्तल, सुभाष शाह, महाबीर प्रसाद मोदी, विवेक चौधरी, उमेश शाह, सांवरमल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, पंकज छावछरिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मोहित शाह, सन्नी संघी मोहित मूनका, नरेश सिंघानिया, कैलाश छावछरिया, गिरिधारी लाल खेमका, प्रदीप केडिया, यस अग्रवाल, अमन अग्रवाल, निशा सिंघल, रजनी बंसल, सुनीता केडिया, ज्योति अग्रवाल, केसर छावछरिया, राखी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल आदि शामिल होकर अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।

## एनआरप्लस टू स्कूल सरायकेला में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अरवा राजकमल के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश कुमार रंजन के मार्गदर्शन में सोमवार को एन. आर. प्लस टू हाई स्कूल सरायकेला मे सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों को वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों का इस्तेमाल कर दुर्घटनाओं से सुरक्षित रहने हेतु जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा, आशुतोष कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरएसबी कंपनी ने कर्मचारियों के स्थानीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगाया कैम्प

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन कंपनी प्रबंधन द्वारा अपने कर्मचारियों को स्थानीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विगत 19 मई से कंपनी परिसर में स्थायी कैम्प लगाया गया है। बताया गया है कि प्रबंधन की ओर से सरकार के आदेशानुसार 75 फीसदी स्थानीय को रोजगार देने को लेकर यह कैम्प लगाया गया है। कंपनी की एचआर हेड जया सिंह ने बताया कि आरएसबी ट्रांसमिशन प्रबंधन सरकार के आदेश का अक्षरशः पालन करने को कटिबद्ध है। कहा कि उनकी कंपनी में पूर्व से ही 75 फीसदी से ज्यादा स्थानीय कर्मचारी कार्यरत हैं, किन्तु उनके पास स्थानीय प्रमाण पत्र नहीं है। इसके लिए यह कैम्प लगाया गया है। इसमें कर्मचारियों को 30 वर्ष से स्थायी रूप से झारखंड में निवास करने का प्रमाणपत्र देना है। इसके लिए आधार कार्ड, मुखिया से निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि के कागजात जमा कर सर्टिफिकेट बनवाने होंगे। इसके लिए कर्मचारियों को बतौर शुल्क एक सौ रुपए देने होंगे।

**मंत्री के अध्यक्षता में विधुत, पेयजल एवं नगर विकास विभाग अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा बैठक**

# पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुविधा बेहतर करें : चंपई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**आदित्यपुर :** स्वर्णरेखा भवन सभागार आदित्यपुर में मंत्री चंपई सोरेन आदिवासी कल्याण सेवा परिवहन मंत्री झारखंड सरकार, के अध्यक्षता में नगर निगम आदित्यपुर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग विद्युत विभाग अंतर्गत संचालित योजना की कार्य प्रगति से सम्बन्धित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मंत्री चंपई सोरेन के साथ उपायुक्त अरवा राजकमल, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राम कृष्ण कुमार, मंत्री के सचिव चंचल गोस्वामी तथा अन्य सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यरत एजेंसी के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्या समाधान पर बिंदुवार चर्चा करते हुए लोगो के सहूलियत को देखते हुए विद्युत एवं आपूर्ति सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल पाइपलाइन, सर्विस रोड रेरेस्टोरेशान के लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित विभाय पदाधिकारी को निदेशित किया। मंत्री के प्रश्नों का जवाब देते हुए कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल लगभग 98000 विधुत कनेक्शन है जिनमे लगभग 80000 लाभुकों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है। इस दौरान मंत्री नें कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न माध्यम से 100 यूनिट मुफ्त बिजली, ब्याज माफी योजना एवं बिजली बिल भुगतान को लेकर लोगों को जागरूक करे। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रो में कई गरीब परिवार जिनके घर कोई बड़ा उपकारण (जैसे फ्रिज, कूलर,एसी ) का उपयोग नही हो रहा उनके यंहा अधिक बिजली बिल आने से लोग परेशान है डरे हुए है इसके समाधान सुनिश्चित करे, उन्होंने कहा विभिन्न माध्यम से विद्युत संबंधित प्राप्त समस्याओं के निराकरण हेतु पहल करें।

## मन का मिलन पखवाड़ा के लिए चलाया जन-जागरुकता कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बान्दु में झालसा एवं डालसा के निदेशानुसार मन का मिलन पखवाड़ा के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। चाण्डील अनुमण्डलीय न्यायालय विधिक सेवा समिति चाण्डील के तत्वावधान मे 29 मई से 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के वादो जैसे पारिवारिक विवाद जमीन से संबंधित विवाद छुआछूत संबंधित विवाद डायन प्रथा संबंधित विवाद घरेलू हिंसा से संबंधित विवाद कोई भी पुराना से पुराना विवाद आदि का निपटारा निः शुल्क किया जाएेगा। इस संबंध मे पीएलवी कार्तिक गोप ने ग्रामीणो को जानकारी दी गयी। मौके पर बिरेन पोदार संजय मण्डल, राजेश पौदार, गयानाथ मण्डल ,आननु मण्डल ,फकिर पौदार ,विरेन पौदार प्रभाकर मण्डल आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में 73 दिवांगजनों की हुई दिव्यांगत संबंधी जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** सदर अस्पताल सरायकेला में सोमवार को अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मासिक दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। मिली जानकारी अनुसार शिविर में 73 दिव्यांग जनों की शारीरिक, मानसिक एवं स्वास्थ विकलांगता की जांच कर प्रमाण पत्र दिया गया। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांग जनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाता है। शिविर में अस्थि रोग संबंधित 30 दिव्यांग, दृष्टि दोष के 11 दिव्यांग, मानसिक रूप से दिव्यांग 27 एवं नाक कान गला से संबंधित 03 सहित 73 दिव्यांग जनों की जांच की गई। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक रंजन महतो, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार, मनोचिकित्सक महेश्वर हेंब्रम, नेत्र विशेषज्ञ डॉ सलीन सोसन टेपनो अपने सहयोगी टीम के साथ दिव्यांग जनों की जांच की।

## मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम शुरु, जिला जज ने हरी झंडी दिखा जागरुकता वैन किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के अवसर पर जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने सोमवार को मोबाईल जागरुकता वैन को न्यायालय परिसर से रवाना किया और लोगों से अपील करते हुए कहा कि मन का मिलन पखवाड़ा में आकर मध्यस्थता द्वारा अपने लंबित मामलों का निष्पादन कर सकते हैं। डालसा सचिव नितीश निलेश सांगा ने कहा कि पूरे जिले में 29 मई से लगातार 14 जून 2023 तक मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा । इस अवधि में डालसा कार्यालय सहित फ्रंट ऑफिस, जिले के सभी लीगल एड क्लीनिक में मध्यस्थता के बारे मे लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है ,ताकि अधिक से अधिक विवाद को समझौता द्वारा सुलझा कर कोर्ट में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सके । 29 मई सोमवार के दिन मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रथम दिन न्याय सदन भवन, फ्रंट ऑफिस, मिडिएशन हॉल, रिसेपशन, व्यवहार न्यायालय परिसर आदि जगहों में लोगों के बीच पंपलेट बाटकर मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी गई और मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से बताया गया और लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई । उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में मिडिएटर, लीगल कौंसिल मेंबर, पैनल लॉयर्स, पीएलवी तथा पुलिस अधिकारी सार्थक सहयोग कर रहे हैं । यह पखवाड़ा कार्यक्रम घाटशिला अनुमंडल कोर्ट सहित पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी चलाया जा रहा है ।

## माचा अस्पताल के 6 जमींदाताओं को विधायक ने सौंपा नियुक्ति पत्र, 7 अन्य को भी मिलेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल के जमींदाताओं की बहुप्रतीक्षित मांगें सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के अथक प्रयास से पूरी होती दिखी। मौका था अस्थायी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। यहां पहुंचे जिले के सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी व जिला पंचायती राज पदाधिकारी रजनीकांत मिश्रा की उपस्थिति में विधायक ने जमींदाता परिवार के 6 सदस्यों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इनमें से एक महिला शुक्ला दत्त की पदस्थापना सपोर्ट स्टाफ के रूप में पटमदा सीएचसी में हुई है जिसका भुगतान आयुष्मान के फंड से किया जाना है, उन्हें प्रतिमाह 9 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। जबकि अन्य 5 युवकों के मानदेय का भुगतान 15वें वित्त आयोग की निधि से 11-11 हजार रुपये की दर से किया जाना है। सभी 6 लोगों की नियुक्ति अस्थायी तौर पर एजेंसी के अंतर्गत हुई है। 5 युवकों को जमशेदपुर के अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में गार्ड के तौर पर हुई है। इसमें भागवत दत्त को पारडीह, मानगो। सुशेन दत्त को बिरसानगर जोन नंबर 2, सतीनाथ दत्त को छायानगर, भुइयांडीह। सौमित्र सेन को बारीडीह बस्ती। संजय कुमार दत्त को भी शहरी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित किया गया है। वहीं बाकी बचे 7 सदस्यों को अन्य जमीनदाताओं ने भी जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र देने का आग्रह विधायक व सिविल सर्जन के समक्ष किया।

## पातकुम से पाटपुर सड़क का करीब 34 करोड़ का निकला टेंडर, लोगों ने जताया विधायक का आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड के गौरांगकोचा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नीताई उरांव ने कहा विधायक सविता महतो के अथक प्रयास से ईचागढ़ के लाइफ लाइन माने जाने वाले बहुप्रतिक्षित सड़क पातकुम से पाटपुर नहर होते हुए दुलमिडिह टु लावा रोड कुल 16.76 किमी सड़क का आखिरकार टेंडर निकला। उन्होंने कहा ईचागढ़ के जनता का बहुप्रतिक्षित सड़क पातकुम से पाटपुर नहर होते हुए दुलमिडिह टु लावा रोड कुल 16.76 किमी सड़क का निर्माण करीब 33 करोड़ 85 लाख 42 हाजार रुपये कि लागत से निर्माण होगा। वही सड़क का टेंडर निकलने से ईचागढ़ के जनता ने विधायक सविता का आभार व धन्यवाद जताया है। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा उक्त बहुप्रतिक्षित सड़क के निर्माण को लेकर विधायक सविता महतो काफी चिंतित थे, उन्होंने उक्त सड़क के निर्माण को लेकर सदन में बात रखे और मुख्यमंत्री से भी मिलकर मांग पत्र सौपा था। प्रखंड अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व विधायक को धन्यवाद देते हुए आम जनो से कहा कि बरसात से पहले सड़क का निर्माण काम प्रारंभ हो जाएगा। मौके पर किसुन किस्कु, विभिशन महतो, अभय यादव, पशुपति बागची, पंचान्न पातर, अमित सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन संगीत कॉन्टेस्ट के विजेताओं को शेखर डे ने किया पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बिस्टुपुर स्थित मिलानी परिसर में निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन जमशेदपुर की वार्षिक संगीत प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 30 अप्रैल को इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। चार श्रेणियों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमे प्रतियोगियों ने रबिन्द्र संगीत,नजरुल गीत ,आधुनिक गीत एवं अतुल प्रसाद ,रजनीकांत और विजेंद्र गीति। छह से पच्चास वर्ष के प्रतियोगिओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें बंगाली समुदाय के अलावा गैर बंगाली समुदाय समुदाय के 135 प्रतियोगिओं ने भाग लिया था जिसमे से 70 प्रतियोगी विजेता रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी शेखर डे ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन अपने आप में एक अनूठी पहल हैं।बंगाल भाषा को उचित सम्मान देने के लिए ऐसे आयोजन होना चाहिए। इससे नयी पीढ़ी को हौसला मिलता हैं और अपने बांग्ला भाषा से जुड़ाव और बढ़ता है। निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन जमशेदपुर की अध्यक्ष झरना कर ,तपन सेन शर्मा ,शुक्ल रॉय चौधरी ,तपती दत्ता एवं अन्य सदस्यो ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन 11 जून को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन 11 जून रविवार को लोयला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में होगा। इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) है। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल सुल्तानिया एवं उनकी मुख्य सहयोगी प्रीति अग्रवाल सुल्तानिया ने संयुक्त रूप से सोमवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि 11 जून रविवार को सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक शहरवासी राज दीदी की पावन वाणी सुनेंगे। यह कार्यक्रम महिलाओं एवं पुरूषों दोनों के लिए है। 15 साल से बड़े सभी लोग इस कार्यक्रम में आ सकते हैं। उमा ने आगे बताया कि दूसरे चरण का कार्यक्रम दोपहर 3.30 से 4.30 तक बेलडीह क्लब के हॉल में दीदी के सानिध्य में वरदान रेकी की क्लास होगी।

## तिरुलडीह गांव में हरि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** कुकरू प्रखंड के तिरुलडीह गांव में कलश यात्रा के साथ हरि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। सुवर्णरिखा नदी से जल लेकर करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर महिलाओं ने कलश लेकर हरि मंदिर पहुंचे। नगर कीर्तन-भजन के साथ कलश यात्रा निकाली गई। वहीं हरिमंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 51 महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए स्थल में स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। वही चडकू सिंह मुंडा ने बताया कि कई वर्षो से हरि मंदिर जो अधूरा बना हुआ था आज पूरा बन कर तैयार हुआ, ये गर्व की बात है। और पूरे क्षेत्र में खुशी की माहौल है।

## सफलता की कहानी : फूलों की खेती ने बदली यशोदा की किस्मत, हर महीने 12 हजार रु की आमदनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बोड़ाम प्रखंड के रसिकनगर पंचायत अंतर्गत ग्राम शुक्ला निवासी यशोदा महतो, सब्जी खेती के साथ-साथ गेंदा फूल की खेती कर अच्छी आमदनी कर रही हैं । पहली बार व्यवसायिक दृष्टिकोण से 0.7 एकड़ में गेंदा फूल की खेती शुरू किया था। अब इससे हर माह करीब 12 हजार रूपए मुनाफा हो रहा है । परंपरागत अनाज और सब्जियों की खेती से हटकर फूलों की खेती कर महिला किसान यशोदा महतो की पहचान आज एक प्रगतिशील किसान के रूप में होती है।



### प्रति सप्ताह 150-200 किलो फूल का विक्रय

शादी-ब्याह या कोई भी खुशी का पर्व हो तथा अन्य आयोजनों में भी गेंदा फूल का डिमांड तो रहता ही है। यशोदा कहती हैं कि अभी तक ऐसा नहीं हुआ कि फूल घर में कभी सड़े हों। फूल विक्रय करने में कोई दिक्कत नही होती है एवं सालो भर मांग बना रहता है। प्रति सप्ताह लगभग 150-200 किलो फूल खेत से निकलता है जिससे तीन हजार रू. से ज्यादा की आमदनी हो जाती है ।

### उद्यान विभाग से मिला पौधा और तकनीकी प्रशिक्षण

यशोदा महतो बताती हैं कि बोड़ाम प्रखंड के उद्यान मित्र से सबसे पहले उद्यान विकास योजना के बारे में जानकारी मिली। खेती किसानी में मेरी रूचि को देखते हुए उन्होने फूलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया, इसमें कितना मुनाफा हो सकता है तथा बाजार में फूलों की क्या मांग है इसपर जानकारी दी तो फूलों की खेती करना ही सही विकल्प लगा । उद्यान विभाग से ही 0.7 एकड़ में खेती के लिए पौधा उपलब्ध कराया गया साथ ही प्रशिक्षण भी मिला । आगे इसे और विस्तार देने की योजना पर भी काम कर रही हूं।

## संपादकीय

# लोगों की उलझन दूर करें

**दो** हजार रुपये के नोटों की वापसी की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। अगर बैंकों से लंबी कतारें लगने या बेहिसाब भीड़ जमा हो जाने की खबरें नहीं आ रहीं तो इसकी एक वजह तो यही है कि इन नोटों का चलन काफी पहले से कम होता जा रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च 2023 को सर्कुलेशन में मौजूद दो हजार के नोटों की संख्या कुल नोटों का 10.8 फीसदी ही रह गई थी। दूसरी वजह यह भी हो सकती है कि पिछली बार यानी 2016 में हुई नोटबंदी के विपरीत इस बार इन नोटों को लीगल टेंडर बनाए रखा गया है। इन्हें बदले जाने की समयसीमा भी ठीकठाक लंबी (30 सितंबर तक) रखी गई है। सोमवार को खुद आरबीआई गवर्नर ने स्पष्ट किया कि 30 सितंबर के बाद भी ये नोट मान्य होंगे और यह संकेत भी दिया कि जरूरत होने पर यह समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। बावजूद इसके, दो हजार के नोट वापस लिए जाने की घोषणा करंसी मैनेजमेंट के लिहाज से कोई अच्छी मिसाल नहीं कही जाएगी। भले ही आबादी का बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर इस फैसले से प्रभावित न हो रहा हो, लेकिन इसमें हर आम ओ खास के लिए सरप्राइज एलीमेंट जरूर है। इसने सबको न केवल एक बार चौंका दिया बल्कि उनके जेहन में दर्ज नोटबंदी के कड़वे अनुभव को फिर ताजा कर दिया। इसके अलावा नोटबंदी के मुकाबले ज्यादा सतर्कता और ज्यादा सहजता से अमल किए जाने के प्रयासों के बावजूद इस बार भी अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति टाली नहीं जा सकी। सोमवार को आए आरबीआई गवर्नर के स्पष्टीकरण के बाद भी अभी तक यह साफ नहीं है कि नोट बदलवाने के लिए बैंक जाने वालों को आईडी दिखाने और फॉर्म भरने की जरूरत होगी या नहीं। एसबीआई की घोषणा के मुताबिक इसकी जरूरत नहीं है लेकिन अलग-अलग बैंकों की ओर से बताया जा रहा है कि इसकी जरूरत होगी। यह भी तय नहीं है कि एक बार में अधिकतम 10 नोट बदलवाने की सीमा का क्या मतलब है। क्या यह सीमा एक दिन के लिए है या कतार में काउंटर पर आने वाली अपनी बारी से मतलब है। यानी क्या उसी समय दोबारा कतार में लगकर कोई चाहे तो दूसरी और फिर तीसरी बार भी 10-10 नोट बदलवा सकता है? इसके अलावा नोट वापसी की इस घोषणा ने यह विचित्र स्थिति पैदा कर दी है कि दो हजार के जो नोट देश की करंसी का हिस्सा हैं और आज भी लीगल टेंडर हैं, बाजार में स्वीकार नहीं किए जा रहे। इस स्थिति को निस्संदेह टाला जा सकता था। हालांकि यह बात रेखांकित किए जाने की जरूरत है कि अपने देश में करंसी की साख काफी अच्छी है। वरना डिजिटल ट्रांजिशन की इतनी तेज और सहज प्रक्रिया संभव नहीं थी। लेकिन हमारे नीति-निर्माताओं को पॉलिसी की स्थिरता से जुड़े सबकों पर शायद फिर से गौर करने की जरूरत है।

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च 2023 को सर्कुलेशन में मौजूद दो हजार के नोटों की संख्या कुल नोटों का 10 .8 फीसदी ही रह गई थी। दूसरी वजह यह भी हो सकती है कि पिछली बार यानी 2016 में हुई नोटबंदी के विपरीत इस बार इन नोटों को लीगल टेंडर बनाए रखा गया है। इन्हें बदले जाने की समयसीमा भी ठीकठाक लंबी (30 सितंबर तक) रखी गई है। सोमवार को खुद आरबीआई गवर्नर ने स्पष्ट किया कि 30 सितंबर के बाद भी ये नोट मान्य होंगे और यह संकेत भी दिया कि जरूरत होने पर यह समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। बावजूद इसके, दो हजार के नोट वापस लिए जाने की घोषणा करंसी मैनेजमेंट के लिहाज से कोई अच्छी मिसाल नहीं कही जाएगी। भले ही आबादी का बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर इस फैसले से प्रभावित न हो रहा हो, लेकिन इसमें हर आम ओ खास के लिए सरप्राइज एलीमेंट जरूर है।

## कुछ अलग

# क्यों गलत है अमेरिका

**अमेरिकी** विदेश मंत्रालय की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता, 2022 रिपोर्ट में चीन, ईरान और म्यांमार के साथ भारत में भी अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, जिस पर भारत सरकार ने ठीक ही कड़ा ऐतराज जाहिर किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे खारिज किया है। उसने इस ओर ध्यान दिलाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा से एक महीने पहले जारी की गई यह रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण है और उसने नीयत पर भी सवाल उठाया है। रिपोर्ट में भारत के कई राज्यों में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर हमले होने, उनकी हत्या किए जाने और उन्हें डराए-धमकाए जाने का आरोप है। इसमें हेट स्पीच, गोरक्षकों और लव जिहाद जैसे मुद्दों के साथ कुछेक जगहों पर सांप्रदायिक हिंसा की भी बात कही गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 28 में से 13 राज्यों में धर्मांतरण पर रोक के लिए कानून बने हुए हैं। इनमें से कुछ राज्यों में शादी के लिए जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए जुर्माने का भी प्रावधान है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में भारत के खिलाफ वही बातें दी गई हैं, जो इससे एक साल पहले जारी की गई रिपोर्ट में थीं। वैसे, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गोरक्षकों ने अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों को निशाना बनाया है। इसी तरह, हेट स्पीच के भी कुछ मामले सामने आए हैं। लेकिन इन अपराधों के पीछे अक्सर हाशिये के संगठन होते हैं या ऐसे लोग जिनका मकसद सुर्खियां बटोरना होता है। ऐसे अपराधियों से निपटने के लिए देश में कानून और अदालतें हैं। संविधान ने धार्मिक आजादी का जो अधिकार नागरिकों को दिया है, अदालतें उसकी संरक्षक हैं और वे अपना काम बखूबी कर रही हैं। हेट स्पीच की ही बात करें तो सुप्रीम कोर्ट का रुख इसे लेकर काफी सख्त रहा है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक से अधिक बार धार्मिक आधार पर नफरत फैलाने वालों को चेतावनी दे चुके हैं। इसके उलट चीन के शिनच्यांग में उइगुरों को संगठित तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। वहां की कम्युनिस्ट सरकार ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर कई तरह की पाबंदियां लगा रखी हैं। उसे मस्जिदों का अरबी आर्किटेक्चर तक पसंद नहीं है। म्यांमार में भी रखाइन प्रांत में रहने वाले रोहिंग्या मुसलमानों को वहां के सैन्य शासकों ने निशाना बनाया। उनकी बड़े पैमाने पर हत्या की गई और रोहिंग्या को देश छोड़ने को मजबूर किया गया। इससे पूरे इलाके में बौद्धों और मुसलमानों की आबादी का अनुपात बदल गया। यही नहीं, इससे भारत और बांग्लादेश जैसे देशों में शरणार्थी संकट भी खड़ा हुआ। इसलिए किसी भी सूरत में चीन और म्यांमार जैसे देशों से भारत की तुलना नहीं की जा सकती। अमेरिका को यह सचाई समझनी होगी। उसे यह भी समझना होगा कि अगर भारत उभरते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका का साझेदार है तो उसके साथ एक सहयोगी देश जैसा ही बर्ताव होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा से एक महीने पहले जारी की गई यह रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण है और उसने नीयत पर भी सवाल उठाया है। रिपोर्ट में भारत के कई राज्यों में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर हमले होने, उनकी हत्या किए जाने और उन्हें डराए-धमकाए जाने का आरोप है। इसमें हेट स्पीच, गोरक्षकों और लव जिहाद जैसे मुद्दों के साथ कुछेक जगहों पर सांप्रदायिक हिंसा की भी बात कही गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 28 में से 13 राज्यों में धर्मांतरण पर रोक के लिए कानून बने हुए हैं। इनमें से कुछ राज्यों में शादी के लिए जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए जुर्माने का भी प्रावधान है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में भारत के खिलाफ वही बातें दी गई हैं, जो इससे एक साल पहले जारी की गई रिपोर्ट में थीं। वैसे, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गोरक्षकों ने अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों को निशाना बनाया है। इसी तरह, हेट स्पीच के भी कुछ मामले सामने आए हैं। लेकिन इन अपराधों के पीछे अक्सर हाशिये के संगठन होते हैं या ऐसे लोग जिनका मकसद सुर्खियां बटोरना होता है।

## गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही

# तमाम योजनाओं एवं प्रयासों के गंगा मैली क्यों है?

ललित गर्ग



**गंगा** की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। सरकार यह समझे कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि गंगा नदी पर अधिकार संपन्न कार्यबल यानी ईटीएफ की पिछले महीने हुई ग्यारहवीं बैठक में यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण इसके मलबे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा का प्रदूषित करने का जब जरिया बन रही है तो इसी गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीले कचरे बड़ी मात्रा में मिलते हैं, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। इन बहुआयामी योजनाओं के बावजूद गंगा स्वच्छता अभियान अब तक कहां पहुंचा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी गंगा जैसी अहम नदी को स्वच्छ बनाने की कोई पहल करनी पड़ रही है। हालत यह है कि अलग-अलग मौके पर लागू दिशा-निर्देशों के बावजूद कम से कम मलबा डालने पर भी रोक नहीं लगाई जा सकी है। प्रदूषित नालों से गन्दगी गंगा में लगातार डाली जा रही है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि समस्या शायद योजनाओं या कार्यक्रमों की नहीं होगी, उनके अमल में बरती गई लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य हो जा सकता है। अब एक बार फिर केंद्र सरकार ने गंगा नदी के किनारे मलबा डाले जाने या गांवों का गंदा पानी नदी में गिराने से प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर संज्ञान लिया है। इसके तहत सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नाले को चिन्हित करके इनकी 'जियो टैगिंग' करेगी। सरकार इनसे ठोस कचरा प्रवाहित होने से रोकने के लिए एक 'एरेस्टर स्क्रीन' लगाएगी। यह गंगा नदी में अलग-अलग वजहों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के अलावा किया जा रहा उपाय है। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। एक ज्वलंत सवाल और होना चाहिए कि गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए दशकों से लागू गंगा कार्ययोजना या नमामि गंगे जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम और अन्य नीतियों के बावजूद आज भी इतनी बड़ी तादाद में ठोस कचरा या अन्य तरह की गंदगी बहाने वाले नालों पर कैसे रोक नहीं लग सकी? भारत में मुख्य नदी खासतौर से गंगा भारतीय संस्कृति और विरासत से अत्यधिक गहरे रूप में जुड़ी हुई है। मार्च, 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने सत्ता में आने के बाद गंगा की स्वच्छता और निर्मलता सुनिश्चित करने के मोदी सरकार के लक्ष्य को आवश्यक गति और दिशा दी। अप्रैल, 2017 में कानपुर व कन्नौज में स्थित चमड़े के कारखानों को समयबद्ध योजना के तहत अन्यत्र स्थानांतरित करने की घोषणा की गई और औद्योगिक कचरे व अपशिष्ट पदार्थों के गंगा में मिलने से रोकने हेतु जलशोधन संयंत्र लगाने की योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया। गंगा किनारे के गांवों में शौचालय निर्माण पर जोर देकर खुले में शौच पर रोक लगाने की दिशा में काम शुरू किया गया। 'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं।

सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। सरकार यह समझे कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा।

# क्या मध्यवर्ग से मुंह मोड़ लिया है राजनीतिक पार्टियों ने?

**देश** की राजनीति में मध्यवर्ग का बड़ा योगदान माना जाता रहा है। मुल्क की सियासत का नैरेटिव तय करने और उसे दिशा देने में इस तबके को सबसे बड़ा फैक्टर माना जाता है। पहले कई मौकों पर मध्यवर्ग ने इसे साबित भी किया है। लेकिन पिछले कुछ अरसे से यह अपनी सियासी पूंजी गंवाता हुआ दिख रहा है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, हाल के दिनों में मध्यवर्ग किसी की भी प्राथमिकता में नहीं दिख रही है। आखिर इस ट्रेंड के पीछे क्या वजह है? जानकार जल्दबाजी में इसे लेकर कोई राय नहीं बनाना चाहते, लेकिन इतना वे भी मानते हैं कि इधर राजनीतिक दलों की ओर से पेश किए जाने वाले सियासी मेन्यू में मध्यवर्ग के स्वाद का खयाल नहीं रखा जा रहा है। उदारीकरण के बाद नब्बे के दशक से मध्यवर्ग का राजनीति में दखल बढ़ा है। खासकर नैरेटिव बनाने में इस तबके की सबसे अहम भूमिका मानी जाने लगी थी। लेकिन यह बात भी सामने आई कि पिछले कुछ वर्षों में इस तबके को सरकार से अपेक्षा के मुताबिक सौगात नहीं मिली। वैसे इस बारे में सरकार का दावा है कि मध्यवर्गीय लोग उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं। लेकिन मध्यवर्गीय लोग शायद ही इससे इत्तेफाक रखें। सच यह भी है कि मध्यवर्ग की अनदेखी की वजह हालिया सियासी नतीजे भी हो सकते हैं।



बजट से लेकर चुनावी वादों तक, हाल के दिनों में आए तमाम राजनीतिक परिणामों में यह बात समान रूप से दिखी कि राजनीतिक दल गरीब और किसानों पर अधिक फोकस करते रहे हैं। गांव की आबादी उनकी प्राथमिकता में रही है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि चुनावों में गांव में रहने वाले लोग, गरीब और किसान राजनीतिक दिशा तय करने में कहीं अधिक भूमिका निभाते रहे हैं। 2014 के बाद मोदी सरकार ने इनके लिए कई योजनाएं लॉन्च कीं और इस तबके के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ी भी है। सरकार ने इन पर लगातार फोकस किया। केंद्र के अधिकतर संसाधन किसान सम्मान निधि और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के संचालन में गए। इसका सियासी लाभ भी उन्हें मिला। लेकिन इस हिसाब से मध्यवर्ग को सौगातें नहीं मिलीं। यह भी सही है कि सीमित आर्थिक संसाधनों में सरकार हर तबके को खुश नहीं रख सकती। वह भी तब, जब पिछले कुछ वर्षों से देश की आर्थिक दशा वैसी मजबूत नहीं रही। वैसे इसका एक और पहलू है। सत्ता पक्ष का यह तर्क है कि केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में कई ऐसे कदम उठाए, जिनका अप्रत्यक्ष लाभ मध्यवर्ग को मिला है। सरकार से जुड़े एक सीनियर नेता ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत काम किया गया। सड़क और रेल सेवा बेहतर की गई। इन तमाम चीजों से सबसे अधिक लाभ मध्यवर्गीय आबादी को ही होता है। उनका तर्क था कि मिडल क्लास को सीधा लाभ देने से बेहतर है उसे बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना। सरकार ऐसा कर रही है और उसका लाभ भी इस वर्ग को मिल रहा है। उधर, विपक्ष ने भी गरीब और गांव में रहने वालों पर ही फोकस किया और उन्हें चुनावों में मुफ्त की चीजें देने का एलान किया। इसका लाभ भी उसे मिला। ऐसे में संदेश यह भी गया कि दोनों पक्ष इस सोच के साथ आगे बढ़े कि मध्यवर्ग और शहरी आबादी को कुछ समय के लिए नाराज करने का राजनीतिक जोखिम लिया जा सकता है। हालांकि विपक्षी दलों का कहना है कि उनके अजेंडे में मुफ्त बिजली और रोजगार जैसे मुद्दे हैं, जिनका सबसे अधिक सरोकार मध्यवर्गीय लोगों से है। दिल्ली में मुफ्त बिजली का सबसे अधिक लाभ इसी तबके को मिला और अरविंद केजरीवाल उसे राजनीतिक रूप से भुनाने में कामयाब रहे हैं। वैसे, शहरी आबादी और मध्यवर्ग को नाराज करने के भी जोखिम हैं। इसका खामियाजा 2004 में एनडीए सरकार झेल चुकी है। तब अप्रत्याशित तरीके से एनडीए को शहरी सीटों पर हार झेलनी पड़ी थी। पुरानी पेंशन बंद करना और महंगाई जैसे मोर्चे पर विफलता से तत्कालीन अटल सरकार मिडल क्लास का समर्थन खो बैठी थी। फिर 2010 में जब कांग्रेस की अगुआई में यूपीए लगातार मजबूत हो रहा था, तब अन्ना आंदोलन ने ही सबसे पहले सरकार की जड़ें हिलाईं। इस आंदोलन की कमान मध्यवर्ग के हाथों में थी। समय के साथ मध्यवर्गीय आबादी भी बढ़ रही है। दिलचस्प बात यह है कि इन हालात में सत्ता पक्ष और विपक्ष मध्यवर्ग को इग्नोर करने का जोखिम ले रहा है। हालांकि मोदी सरकार को पता है कि आगे कोर्स करेक्शन के कई मौके मिलेंगे। 2019 में भी आम चुनाव से ठीक पहले अंतिम बजट में इनकम टैक्स की सीमा पांच लाख रुपये कर इस तबके का बड़ा समर्थन हासिल किया था। साथ ही मौका आने पर पीएम मोदी चौंकाने वाले फैसले लेने में माहिर हैं। राजनीति के सधे खिलाड़ी पीएम मोदी को मध्यवर्ग की बेचैनी का अंदाजा न हो, यह तो नहीं माना जा सकता। यह भी सही है कि अभी भी इस आबादी का पीएम मोदी पर व्यक्तिगत भरोसा बहुत मजबूत है। ऐसे में आने वाले समय में मध्यवर्ग की नाराजगी दूर करने के मौके आ सकते हैं। 2019 आम चुनाव में करारी हार के बाद विपक्ष अब समझ चुका है कि मोदी-शाह से मुकाबले के लिए आर्थिक पिच ही एकमात्र विकल्प है। हिंदुत्व या राष्ट्रवाद जैसे मुद्दे पर लगातार बैकफुट पर धकेले जाने वाले विपक्ष ने अब अपना पूरा ध्यान इकॉनमी पर लगाया है। इकॉनमिक अजेंडे को आगे बढ़ाने में मिडल क्लास ही सबसे आगे आता है। अब देखना है कि इस वर्ग को अपने पक्ष में करने की यह लड़ाई किस दिशा में आगे बढ़ती है।

बजट से लेकर चुनावी वादों तक, हाल के दिनों में आए तमाम राजनीतिक परिणामों में यह बात समान रूप से दिखी कि राजनीतिक दल गरीब और किसानों पर अधिक फोकस करते रहे हैं। गांव की आबादी उनकी प्राथमिकता में रही है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि चुनावों में गांव में रहने वाले लोग, गरीब और किसान राजनीतिक दिशा तय करने में कहीं अधिक भूमिका निभाते रहे हैं। 2014 के बाद मोदी सरकार ने इनके लिए कई योजनाएं लॉन्च कीं और इस तबके के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ी भी है। सरकार ने इन पर लगातार फोकस किया। केंद्र के अधिकतर संसाधन किसान सम्मान निधि और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के संचालन में गए। इसका सियासी लाभ भी उन्हें मिला। लेकिन इस हिसाब से मध्यवर्ग को सौगातें नहीं मिलीं। यह भी सही है कि सीमित आर्थिक संसाधनों में सरकार हर तबके को खुश नहीं रख सकती।

## नागरिक बोध

# जातीय हिंसा की आग जल्दी बुझाई जाए

**इस** महीने की 11 तारीख को, जब मणिपुर जातीय संघर्ष और हिंसा से जूझ रहा था, तब पड़ोसी राज्य मिजोरम से राज्यसभा सदस्य ने एक मार्मिक ट्वीट किया। यह सांसद हैं, मिजो नेशनल फ्रंट के के वनलालवेना, जिन्होंने लिखा था, 'मणिपुर में मिजो जातीय समुदाय की तमाम जनजातियां सोच सकती हैं कि उनके पास अपना कोई सांसद नहीं है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उनका सांसद हूं।' उनका यह ट्वीट कुकी और मिजो के मजबूत जातीय-सांस्कृतिक जुड़ाव की ओर इशारा कर रहा था। ये दोनों यहां के उस बडे. जनसमूह का हिस्सा हैं, जिनको अमूमन कुकी-मिजो-चिन कहकर संबोधित किया जाता है। हालांकि, इनके सामूहिक नाम 'जू' को कुछ हद तक सामाजिक स्वीकृति मिल चुकी है। वे पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों, म्यांमार की चिन पहाड़ियों और बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी इलाके में रहते हैं। देश की भौगोलिक सीमा को पार कर चुके इस एकीकरण की कल्पना- और इसे बढ़ावा देने वाला बंधन- सैमुअल हंटिंगटन की प्रसिद्ध किताब द क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन में बताई गई सभ्यता का एकीकरण से, जो युद्ध के समय में सजातीय देश के पीछे एकजुट होने को प्रेरित कर सकता है, विपरीत नहीं है। इस सांस्कृतिक निकटता को जानने के बाद ही हम उस आग को समझ सकते हैं, जिससे इन दिनों मणिपुर झुलस रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में भी हमने इंफाल में हिंसा का नया दौर देखा। बुधवार शाम तो एक राज्य मंत्री के घर पर भी हमला हुआ। भारतीय संसद में पूर्वोत्तर के राज्यों से करीब 40 प्रतिनिधि हैं। अभी किसी भी सदन में मणिपुर से कुकी सांसद नहीं है। वनलालवेना के शब्दों का यह अर्थ लगाया जा सकता है कि मणिपुर के कुकी लोगों के पास बेशक कोई निर्वाचित सांसद नहीं है, पर राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका एक प्रतिनिधि जरूर मौजूद है। इस भाव से कुकी, जिनके स्वजातीय लोग मणिपुर में हैं, उत्साहित लग रहे थे। इस ट्वीट को जबर्दस्त प्रतिक्रिया भी मिली, हालांकि कुछ लोगों ने तथाकथित ग्रेटर मिजोरम की मांग भी कर डाली। मौजूदा संकट को समझने के लिए हमें लोगों की इस भावना पर भी गौर करना होगा। 1960 और 1970 के दशक में हुए मिजो विद्रोह में मणिपुर के कुकियों ने काफी सक्रिय हिस्सेदारी निभाई थी। मणिपुर नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) की प्रमुख मांगों में एक मांग थी मिजो आबादी वाले क्षेत्रों का एकीकरण। इसी मांग ने अंतिम समय में एमएनएफ और केंद्र सरकार की वार्ता बेपटरी कर दी थी। अंततः जिस समझौते पर हस्ताक्षर हुए, उसे आधिकारिक तौर पर मिजोरम समझौता कहा गया, न कि मिजो समझौता। इससे कुकी निराश हुए। हाल के वर्षों में मिजोरम और मणिपुर पड़ोसी देश म्यांमार और बांग्लादेश की घटनाओं से काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। भारत आने वाले शरणार्थी उन समुदायों से हैं, जो कुकी व मिजो से जुड़े हैं।

## देश दुनीया से

# आदिम जातियों को बल से नहीं, प्रेम से जीतिए

**अध्यक्ष** महोदय, मैं इस वाद-विवाद में भाग लेना नहीं चाहता था, किंतु मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत से सदस्य असम की आदिम जातीय स्थिति को अच्छी प्रकार नहीं समझते, और इससे बड़ी बात यह है कि कई सदस्य परामर्शदात्री उप-समिति की सिफारिशों की पृष्ठभूमि समझने में असमर्थ रहे हैं, जिसे संविधान सभा ने असम की आदिम जातीय स्थिति के विषय में छानबीन करने के लिए नियुक्त किया था। मैं यह कहना चाहता हूं श्रीमान, कि असम में तीन प्रकार की आदिम जातियां हैं। ...इस समय अभिकरण क्षेत्रों में इन आदिम जातियों की स्वशासन संस्थाएं नहीं हैं। संविधान के मसौदे में उपबंध है कि इन क्षेत्रों पर सीधा राज्यपाल का प्रशासन होगा और उस पर कोई निर्बंधन नहीं होगा, किंतु ऐसा समय आ सकता है, जब वे अपना शासन स्वयं करने के योग्य हो जाएं। प्रस्थापना यह है कि उस समय उन्हें स्वायत्तशासी जिलों की श्रेणी में ले लिया जाए। ...पहले वे क्षेत्र बिल्कुल अपवर्जित क्षेत्र थे, क्योंकि मैदानों में से कोई भी वहां जाकर उनसे संपर्क स्थापित नहीं कर सकता था। 15 अगस्त, 1947 तक, जब भारत स्वाधीन हुआ था, यही स्थिति थी। ...इन क्षेत्रों में से कुछ संग्रामीय प्रदेश थे, युद्ध काल में तत्कालीन शासकों और अधिकारियों ने इन आदिम जातीय लोगों में अलगाव की भावना पैदा कर दी थी और उन्हें आश्वासन दे दिया था कि युद्ध के अंत में वे स्वतंत्र राज्य बनाकर अपने घर का स्वयं प्रबंध करेंगे। उन्हें यह विश्वास दिला दिया गया कि समस्त पर्वतीय क्षेत्रों का एक प्रांत बना दिया जाएगा...। इस क्षेत्र के लोगों में पहले से ही यह अलगाव के भाव भरे हुए थे। इस समिति के समक्ष सबसे अधिक आवश्यक बात यह थी कि क्या एकीकरण के प्रयोजन के लिए शक्ति के उपाय... प्रयुक्त होने चाहिए, अथवा ऐसे उपाय काम में आने चाहिए, जिनसे इन लोगों से हार्दिक सहयोग प्राप्त करते हुए इन क्षेत्रों पर शासन किया जा सके। श्रीमान, यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि इन पर्वतीय आदिम जातियों में कुछ सस्थाएं हैं, जो मेरे विचार में इतनी अच्छी हैं कि यदि हम उन्हें नष्ट करना चाहें, तो मैं उसे बहुत बुरा समझता हूं। एक बात, जो इन आदिम जातियों में मुझे बहुत अच्छी लगी, उनकी झगड़े सुलझाने की प्रणाली है, जो मामले हमारी दंड संहिता के अनुसार हत्या कहलाएंगे, उन्हें ये लोग केवल पंचायत के निर्देशों से और प्रतिकर देकर निपटा दिया करते हैं। ...उनके ग्राम्य प्रशासन का उदाहरण लीजिए। वहां जैसे काम होता है, उसे देखते हुए जिला अधिकारियों को कुछ नहीं करना पड़ता। ...वे एक प्रकार की स्वायत्तता का उपयोग कर रहे हैं, जिसको मेरे विचार में और आदिम जातीय उप-समिति के विचार में, नष्ट करने के बजाय बनाए रखना चाहिए। सुशासन के लिए जिस वस्तु की आवश्यकता है, वह वहां पहले ही है। यह सत्य है कि इन आदिम जातीय लोगों में से कुछ लोग कभी-कभी नराखेट करते हैं, किंतु यह स्पष्टतः समझ लेना चाहिए कि ऐसा तभी होता है, जब एक उप-जाति की दूसरी उप-जाति से शत्रुता होती है। इन लोगों में वंश परंपरा से सामूहिक घृणा की भावना होती है। अतः हमारे सामने यह प्रश्न पेश हुआ था कि क्या हम बल प्रयोग करके उनमें शत्रुता व घृणा की भावना उत्पन्न करें या हम उन्हें सद्भावना तथा प्रेम द्वारा शासन के विस्तृत सिद्धांतों के अंतर्गत लाएं। मंत्रणा समिति ने सोचा कि बाद वाला उपाय ही अपनाना चाहिए। मैं स्वयं गांधीवाद में दृढ़ विश्वास रखता हूं। अतः यदि गांधी प्रणाली का अनुसरण करना है, तो वही तरीका अपनाना पड़ेगा, जो हमने सर्वोत्तम समझा है। ...इस बीच, भारत की शासन-व्यवस्था में बहुत परिवर्तन हो गए हैं। अब केंद्र को अधिक शक्तियां दी जा रही हैं, जितनी पहले कल्पना नहीं थी। अतः इस समय उन शक्तियों को समुचित स्थान पर रखना है। जो संशोधन पेश किए गए हैं, उन पर की गई आलोचना से इसी प्रवृत्ति का संकेत मिलता है कि हमने इन स्वायत्तशासी परिषदों को अधिक शक्तियां दे दी हैं, शायद उनसे भी कहीं अधिक, जो असम राज्य का विधानमंडल दे सकता था। मैं इस विचार से सहमत नहीं हूं।

संविधान के मसौदे में उपबंध है कि इन क्षेत्रों पर सीधा राज्यपाल का प्रशासन होगा और उस पर कोई निर्बंधन नहीं होगा, किंतु ऐसा समय आ सकता है, जब वे अपना शासन स्वयं करने के योग्य हो जाएं। प्रस्थापना यह है कि उस समय उन्हें स्वायत्तशासी जिलों की श्रेणी में ले लिया जाए। ...पहले वे क्षेत्र बिल्कुल अपवर्जित क्षेत्र थे, क्योंकि मैदानों में से कोई भी वहां जाकर उनसे संपर्क स्थापित नहीं कर सकता था। 15 अगस्त, 1947 तक, जब भारत स्वाधीन हुआ था, यही स्थिति थी। ...इन क्षेत्रों में से कुछ संग्रामीय प्रदेश थे, युद्ध काल में तत्कालीन शासकों और अधिकारियों ने इन आदिम जातीय लोगों में अलगाव की भावना पैदा कर दी थी और उन्हें आश्वासन दे दिया था कि युद्ध के अंत में वे स्वतंत्र राज्य बनाकर अपने घर का स्वयं प्रबंध करेंगे।

## एक दिवसीय दौरे पर राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता पत्थलगड़ा पहुंचे, धोती साड़ी ट्रैक्टर का किया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** राज्य सरकार के श्रम नियोजन एवम प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोगता एक दिवसीय दौरे सोमवार को गिद्धौर पहुंचे। प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम समारोह में उन्होंने लाखों रुपये की परिसंम्पत्ति का वितरण किया। जेएसएलपीलपिएस के तहत 2 स्वयं सहायता समूह को मिनी ट्रैक्टर दिया गया।सीसीएल से प्राप्त 3 समूहों के बीच छह लाख की राशि का चेक प्रदान किया गया।पीएम आवास योजना के तहत 5 लाभुकों को तृतीय क़िस्त की राशि प्रदान कर घर की चाभी सौंपी।मनरेगा के 10 मजदूरों को जॉब कार्ड, 10 लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड,मुख्यमंत्री राज्य पेंशन योजना के 20 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, दिव्यांग पेंशन के 5 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, सावित्री बाई फुले योजना के 10 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के 31 लाभुकों को धोती, साड़ी लुंगी का वितरण किया गया।जनसमूह को सम्बोधित करते मंत्री ने कहा कि, सरकारी अधिकारी व कर्मचारी जनता का कार्य त्वरित गति से करें।छोटे मोटे काम के लिये लोगों को परेशान न करें। उन्होने कहा कि, चतरा के युवा अब अपनी मेहनत से जिले की छवि बदल रहे हैं। आईएएस, आईपीएस निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि,राज्य सरकार रोजगार मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध है। शिक्षकों को नियुक्ति हुई। बेरोजगार युवक युवतियोन को आवासीय ट्रेनिंग देकर उनका कौशल विकसित किया जाएग। मौके पर एसडीओ सुधीर कुमार दास, बीडीओ मोनी कुमारी, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार, प्रमुख मनीषा कुमारी, पंचायत के संबंधित मुखिया व कुमारी संगीता सिन्हा, राधिका देवी, महेश दांगी उर्फ संदीप कुमार सुमन काफी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में आज कल्याण विभाग अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) कार्यक्रम में प्रखण्ड स्तरीय कमिटी से चयनित योजनाओं के अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है अल्पसंख्यक वर्ग में शिक्षा अवसरों को बढ़ावा देना, मौजूदा व नये योजनाओं के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों तथा रोजगार में अल्पसंख्यकों के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करना, क्रियान्वित विकास योजनाओं में अल्पसंख्यकों को उपयुक्त हिस्सेदारी सुनिश्चित करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और साम्प्रदायिक घटनाओं व अन्य घटनाओं में पीड़ितों को नियमानुसार सहायता प्रदान करना है। उपायुक्त ने उपरोक्त बिंदुओं पर किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को और व्यापक रूप से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय जो कि विश्वस्तरीय शिक्षा प्रणाली से अच्छादित हैं वहाँ एडमिशन दर में प्रचार प्रसार कर और वृद्धि लायी जाए। बैंकों द्वारा लोन देने की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाते हुए और सरल बनाया जाए ताकि लघु उद्योग करने वाले लोगों को बढ़ावा दिया जाए।

## व्रजपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के इचाक ग्राम में बेमौसम हुई बारिश के दौरान ब्रजपात की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोहरी देवी 50 वर्ष पति बिगन गंझू ग्राम इचाक थाना बालूमाथ निवासी जलावन के लिए लकड़ी लाने के लिए सियानी टांड जंगल गई हुई थी ।जहां इसी दौरान तेज बारिश होने लगी। जिससे बचने के लिए महिला एक जामुन के पेड़ के नीचे जा छुपी। जहां ब्रजपात होने से महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वही घटना की सूचना पाकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। और इसकी सूचना पुलिस को दिया।जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। मौके पर बोलते हुए झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने कहा कि बालूमाथ झामुमो प्रखंड कमिटी पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि दिलाने में परिजनों की मदद की जाएगी। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मनरेगा योजनाओं के भुगतान में फर्जीवाड़ा, जांच की मांग



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडी प्रखंड अंतर्गत महत्वकांक्षी मनरेगा योजनाओं के भुगतान में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है जिसको लेकर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने जांच की मांग उठाई है। जहां प्रमुख के द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान देखा गया की बरवाडीह पंचायत में पोटो हो विकास योजना के तहत खेल मैदान कार्य में भारी अनियमितता बरतते हुए भुगतान में फर्जीवाड़ा किया गया है। वहीं पंचायत केड के खेल मैदान जो पहाड़ की चोटी पर स्थित पथरीली मैदान के नाम से जाना जाता है। जहां कंकर और नुकीले पत्थरों से भरे उक्त खेल मैदान में सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस तरह प्रखंड के अन्य पंचायतों के जंगली क्षेत्र में जबरदस्ती खेल मैदान का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं मनरेगा के अन्य योजनाएं मेड़बंदी, टीसीबी, आम बागवानी धरातल पर कम ही दिखती है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि मनरेगा योजनाओं के भुगतान में फर्जीवाड़े की जांच के लिए उपायुक्त मोर सिंह यादव को पत्र लिखा जाएगा।

## उपायुक्त ने प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त श्री अबु इमरान ने चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के डीलर नरेश चौधरी के जनवितरण प्रणाली केंद्र (पीडीएस दुकान) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों द्वारा जानकारी दी गई की दुकानदार द्वारा राशन वितरण के समय कम अनाज दिया जाता है और राशन वितरण प्रक्रिया में अनियमित्ता बरती जाति है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने उक्त मौके पर उपस्थित आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी और चतरा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक को संयुक्त जांच करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जनवितरण केंद्र दुकान के बाहर सूचना पट्ट, लाभुकों की सूची लगा नहीं पाया गया। इसे लेकर उपायुक्त ने कहा यह नियम का उलंघन है ऐसे जनवितरण केंद्र दुकानदार के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई करें।उन्होंने अपील किया की जिन लाभुकों का जनवितरण केंद्रों पे सूची है वहीं से वे अपना अनाज का उठाव करें एवं सही मूल्य सही वजन देख कर राशन लें। अगर जनवितरण दुकानदार द्वारा लाभुकों को ज्यादा मूल्य या कम अनाज दिया जाता है तो इसकी सूचना अविलंब आपूर्ति कार्यालय को दें। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित आपूर्ति पदाधिकारी को कहा जिले भर में संचालित जनवितरण केंद्र का औचक निरीक्षण करते रहें और गरीबों के अनाज में कटौती करने वाले दुकानदारों को चिन्हित कर कार्यवाही करें। गरीब व असहाय राशनकार्ड धारकों के साथ मनमानी करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा।उक्त मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, चतरा प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## प्रखण्ड के तिलरा गांव में जल संकट के कारण 50 परिवारों के बीच आर्थिक संकट बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र के लमटा पंचायत तिलरा गांव जो जिले के दर्जनों बाजारों में सब्जी और अन्य फसलों की आपूर्ति यहां के किसानों के द्वारा किया जाता रहा है। लेकिन बढ़ती जल संकट के कारण 40 परिवारों के लोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उक्त विषय की जानकारी स्थानीय ग्रामीण तथा किसानों ने अपनी नम आंखों से बताया कि पंचायत का तिलरा गांव मुख्य रूप से कुर्मी महतो परिवारों का बस्ती है। जिनके जीविका का एकमात्र साधन यहां के लोगों का कृषि है। खेती के अलावा यहां के 40/50 परिवारों के पास जीविका का अन्य कोई साधन नहीं है। गांव के लोग कुआं और एक नदी को बांधकर लोग सिंचाई कर भारी मात्रा में फसल/ सब्जी उत्पादन करते थे। यहां के किसान लगभग 40 एकड़ जमीन में जेठुवा फसल/सब्जी से गांव को गुलजार करके रखे हैं।



चारों तरफ करेला, भिंडी, मक्का, टमाटर, बोदी, खीरा, मिर्ची, मूंग, कद्दू, झींगी एवं नेनुआ लहलहा रहा है। परंतु इनके सिंचाई के दोनों साधन बुरी तरह से सुख जाने के कारण यहां के किसानों के समक्ष कई तरह की समस्या उत्पन हो गई है। तथा लोगों को आर्थिक स्थिति बन गई है। अगर दो-चार दिनों में यहां सिंचाई की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है तो 40 एकड़ में लहलहाता फसल सुखाड़ में तब्दील हो जाएगा।जिसके कारण किसानों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। सिंचाई के अभाव में अधिकांश फसल के फल और पौधे पीले पढ़कर मुरझाने शुरू हो गए हैं।उक्त विषय को लेकर पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी नें कहा कि प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चतरा उपायुक्त से मदद की गुहार लगाएंगे। रूबी देवी नें बताया कि तत्काल अगर दो डीप बोरींग की व्यवस्था करवा दिया जाए तो पूरा गांव सुखाड़ के कहर से बच जाएगा। वहीं निकट भविष्य में नदी पर चेक डैम भी गांव के समृद्धि के लिए बेहतर विकल्प होगा।

## सीसीएल के विस्थापित तथा प्रभावित युवाओं के लिए आईटीआई करने का सुनहरा मौका



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम्रपाली एवम् चंद्रगुप्त कोल परियोजना के द्वारा अपने क्षेत्र के प्रभावित तथा विस्थापित युवाओं को आईटीआई कराने हेतु आवेदन स्वीकार किया जा रहा हैं ढ्ढ भरे गए आवेदन पत्र के अंतर्गत चयनित युवाओं को बीटीटीआई भुरकुंडा में दो साल का एलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई का प्रशिक्षण करवाया जाएगा। इसके लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बीस जून 2023 निर्धारित किया गया है। जबकि इसकी परीक्षा के लिए 18 जुलाई 2023 को डीएवी स्कूल बचरा में किया जाना है। वहीं आईटीआई में नामांकन के लिए कुल बीस सीट की संख्या है। आवेदन पत्र के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। आवेदन फॉर्म जमा करने के लिए विशेष जानकारी के लिए सीसीएल के सीएसआर विभाग आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं ढ्ढ आईटीआई में नामांकन करने के लिए अम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने परियोजना क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## कनौदा डैम बांध जिर्णोद्धार कार्य का प्रमुख ने की जांच जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी के ग्राम कंचनपुर में लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लाखों की लागत से कनौदा डैम का बांध जिर्णोद्धार किया जा रहा है। कृषकों की मांग पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने सोमवार को स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख ने धीमी गति से ठेकेदार द्वारा जीर्णोद्धार कार्य कराने को लेकर नाराजगी जताई। मौके पर कई ग्रामीणों ने बताया कि बांध जीर्णोद्धार में काफी अनियमितता बरती गई है । वहीं कृषकों ने बताया कि लगभग पांच सौ फीट नाला पक्कीकरण किया गया है। सिंचाई नाले में छोटे छोटे ह्यूम पाइप लगाया जा रहा है नाला आगे क्रम में ऊंचाई है जो पानी का बहाव नहीं होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार बारिश होने का इंतजार कर रहा है जैसे ही बारिश शुरू होगी जीर्णोद्धार कार्य में लीपापोती कर दी जाएगी। वहीं उन्होंने प्रमुख से आग्रह किया है कि जिर्णोद्धार कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। वही इस संबंध में प्रमुख ने जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता को लेकर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से शिकायत करने की बात कही। मौके पर प्रधान अजय सिंह वार्ड सदस्य राम दयाल सिंह गौरी देवी जितेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह सुरेश सिंह मदन सिंह केश्वर सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति के गठन से संबंधित बैठक की गई आहूत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति के गठन से संबंधित बैठक की गई।बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन हेतु आकांक्षी जिला में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। जिसमें मुख्यतः हैं प्रत्येक वयस्क के लिए बैंक खाते और प्रत्येक पात्र व्यक्ति के लिए बीमा / पेंशन योजना उपलब्ध कराना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, एसयूपीआई और केसीसी के कवरेज का विस्तार करना, एसएचजी सदस्यों को देश के स्नद्ध इकोसिस्टम के दायरे में लाना, प्रत्येक गांव से 5 कि0मी0 के भीतर बैंकिंग टच-प्वाइंट का कवरेज, वित्तीय/ डिजिटल जागरूकता पैदा करने हेतु अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायतों में शिविर आयोजित करना एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।उपायुक्त ने उपरोक्त विषयों के तहत किये गए कार्यों की अघतन स्तिथि की जानकारी लेते हुए उन्होंने वित्तिय समावेशन हेतु लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिविर लगाने का निर्देश दिया तथा उक्त शिविर में वित्तीय समावेशन के लक्ष्य प्राप्ति हेतु विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला अग्रणी प्रबंधक को बीपीओ और जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस से समन्वय बनाते हुए राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया तथा कहा कि खाता खोलने और लोन प्रदान करने के कार्यों में सुगमता लाया जाए।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम अनिल डुंगडुंग, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा एवं सभी बैंको के शाखा प्रबंधक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## सत्यानंद भोक्ता पहुंचे गिद्धौर, कई महत्वाकांक्षी योजनाओं से जुड़े परिसंपत्ति का किया वितरण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल परिशर सभागार में 29 मई को राज्य के लोकप्रिय ऊर्जावान माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता पहुंचे। और कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी धोती योजना के तहत साड़ी धोती लुंगी के 31 लाभुक सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के, 9 लाभुक छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन के 20लाभुक प्रधानमंत्री आवास के 5 लाभुकों को मनरेगा जॉब कार्ड 10 लाभुकों को हरा राशन कार्ड 10 लाभुकों को स्वामी विवेकानंद निश्कता स्वावलंब प्रोत्साहन योजना के तहत 5 लाभुकों को जेएसएलपीएस के तहत तीन समूहों के बीच 600000 का डमी चेक एवं भूमि संरक्षण विभाग जेएसएलपीएस के तहत 2 लाभुकों को ट्रैक्टर दिया गया।व सभी को स्वीकृति पत्र का वितरण किए। मौके पर जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास 20सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान प्रमुख अनीता यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह,अंचल पदाधिकारी जय शंकर पाठक,थाना प्रभारी कन्हैया यादव, 20 सुत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव, जेएमएम अध्यक्ष मनोज वर्मा कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी प्रखंड के सभी मुखिया निर्मला देवी, डेगन गंझु, जगदीश यादव मुखिया पति मुकेश साव दिनेश भारती बीपीओ अजय कुमार सिन्हा जेएसएलपीएस के पदाधिकारी बीपीएम अभिषेक कुमार एफटीसी अनिल प्रजापति एवं प्रखंड के सभी कर्मी व पदाधिकारी के साथ साथ जनप्रतिनिधि समेत कई गन्यमान लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बैठक में की अमृत सरोवर योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मिशन अमृत सरोवर के तहत जिले में हो रहे कार्यो को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने मिशन अमृत सरोवर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमृत सरोवर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अमृत सरोवर योजना के तहत जिला में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत जीर्णोद्धार / निर्माण कार्यो का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ताकि भूमिगत जलस्तर बढ़ाया जा सके।उपायुक्त ने कहा कि लातेहार जिला में लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों के तालाबों के जीर्णोद्धार के टारगेट पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि मिशन अमृत सरोवर के तहत कार्य जल्द पूरा हो इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि कार्यो को गंभीरता से लिया जाए। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रखंड वार मिशन अमृत सरोवर के तहत किए गए कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं उन्होंने जल्द से जल्द अन्य तालाबों के निर्माण व जीर्णोद्धार के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को मनरेगा,15वें वित्त आयोग सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला में अमृत सरोवर कार्यक्रम में शामिल तालाबों पर निर्माण का कार्य बरसात के मौसम से पहले पूरा हो जाना चाहिए। साथ ही सभी सरोवर का डाटा पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट होना चाहिए।आगे उन्होंने कहा कि जिन तालाबों का कार्य पूरा हो चुका है उनका वे स्वयं अगली समीक्षा बैठक से पहले निरीक्षण भी करेंगे। इस दौरान उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर का कार्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, एनडीसी बंधन लांग, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, संबंधित कनीय अभियंता व प्रखंड कार्यक्रम उपस्थित थे।

## बीडीएम सवारी गाड़ी का परिचालन शुरू नहीं हुआ तो करेंगे आन्दोलन : रवि कुमार डे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड विकास समिति कि वैनर तले बीडीएम पैसेंजर ट्रेन परिचालन शुरू करने को लेकर रवि कुमार डे के नेतृत्व में लातेहार स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में माननीय रेल मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली, माहाप्रबंधक (जी.एम) पूर्व मध्य रेल हाजीपुर एवं डी.आर.एम. धनबाद, धनबाद रेल मंडल को लिखा गया है।ज्ञापन सौंपकर कुमार डे ने कहा कि सीआइसी सेक्शन के बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड की लाइफलाइन मानी जाने वाली बी.डी.एम सवारी गाड़ी को कई बार बात बात में बंद कर दिया जाता है,इस सवारी गाड़ी के बंद होने से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सवारी गाड़ी प्रत्येक स्टेशन पर रूकती है,इसके नहीं चलने से छोटे छोटे स्टेशन के यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। आगे कुमार डे ने कहा कि राँची से सासाराम, भाया, लोहरदगा, टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, डेहरी, हो कर चलने वाली राँची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस बहुत ही अहम एक्सप्रेस ट्रेन है। इस ट्रेन में बहुत ही भीड़ होती है, पहले की अपेक्षा इस ट्रेन में डब्बों की संख्या कम कर दिया गया है, जिस कारण यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है। बी.डी.एम सवारी गाड़ी का परिचालन नियमित रूप से लागातार करने। एवं राँची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों के भारी भीड़ को देखते हुए इसके डब्बों की संख्या को बढ़ाने ।उपरोक्त मांगो को जनहीत तथा क्षेत्रहीत में अभिलम्ब पूरा नहीं किया गया तो समिति के बैनर तले जुन 2023 से लातेहार रेलवे स्टेशन पर लोकतांत्रिक तरिके से जोरदार ढंग से चरणबद्ध आदोलन किया जायेंगा। वहीं दिलेश्वर कुमार यादव ने कहा कि इस रेलखंड में कई ऐसे गांव हैं जहां सड़क मार्ग से जाना थोड़ा मुश्किल है, उन गांवों के लोग बीडीएम ट्रेन से सफर करते थे,यह हर छोटी-बड़ी स्टेशनों पर रूकती थी। इसके अलावा इस ट्रेन में अन्य ट्रेनों के अपेक्षा काफी कम किराया है। जब तक परिचालन शुरू नहीं हो जाती है, हमलोग आंदोलन चरणबद्ध तरीके से करते रहेंगे।

## सीसीएल ने शुरू किया कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड में संचालित मगध संघमित्रा क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित युवाओं के लिए रोजगार से जुड़ने के लिए सीसीएल ने कौशल विकास योजना के तहत रोजगार की शुरुआत की है। इस संबंध में सीएसआर अधिकारी डॉक्टर दिग्विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सीसीएल के प्रभावित तथा विस्थापित युवाओं के लिए सीएसआर के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुडने का सुनहरा अवसर सीसीएल और सीपेट (केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौधीगिकी संस्थान ) के बीच एक सम्झौता ज्ञापन किया गया है, जिसके अंतर्गत सीसीएल से प्रभावित तथा विस्थापित युवा 06 महीने का आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकते हैं ढ्ढ सीपेट भारत सरकार की प्रिमियर राष्ट्रिय संस्था है जो की प्लास्टिक एवं संबद्ध इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित है ढ्ढ वही मगध संघमित्रा क्षेत्र सीसीएल के महाप्रबंधक कमलेश कुमार सिन्हा नें मगध संघमित्रा क्षेत्र से प्रभावित तथा विस्थापित युवाओं को इस कौशल विकास प्रशिक्षण को प्राप्त कर रोजगार से जुडने का आग्रह किया है ढ्ढ इससे जुड़ने के लिए निशुल्क आवेदन फॉर्म सीएसआर विभाग, महाप्रबंधक कार्यालय, मगध संघमित्रा, कुण्डी से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है ढ्ढवही उम्मीदवार की आयु 18 से 28 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सामाग्री, रहने एवं खाने की सुविधा तथा ड्रेस निशुल्क सीसीएल द्वारा दिया जाएगा। पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओ का प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद अच्छे प्रदर्शन के आधार पर रोजगार हेतु सहयोग किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला में बढ़ती चोरी छिनतई, लूट की घटनाओं पर चेंबर ने जताई चिंता

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी एवं उपसमिति के सभापतिओं की बैठक में लॉ एंड ऑर्डर उपसमिति के सभापति आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने रामगढ़ जिला में बढ़ती चोरी छिनतई, लूट एवं अन्य अपराधिक घटनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक से चेंबर के प्रतिनिधिमंडल मिलने के बावजूद भी शहर में चोरी छीनताई एवं अपराधिक घटनाओं में कमी नहीं आ रही है आए दिन व्यापारियों के प्रतिष्ठान में लाखों की चोरी हो रही है जो एक चिंता का विषय है इस संबंध में जिला एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से चेंबर को वार्ता करनी चाहिए बैठक में रामगढ़ शहर के आठों वार्ड की सड़कों की दयनीय स्थिति पर भी चर्चा की गई विशेष रुप से लोहार टोला में पंचमुखी मंदिर से लेकर पुराना बस स्टैंड एवं नेहरू रोड की मरम्मत की मांग मानसून से पहले छावनी अधिशासी अधिकारी से करने की बात कही गई चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला एवं राज्य के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे बैठक में विशेष रूप से चेंबर की वार्षिक आमसभा पर चर्चा की गई एवम यह तय किया गया कि जून माह के अंत में आमसभा आयोजित की जाएगी जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री, अन्य मंत्री अथवा वरीय पदाधिकारियों मैं से किन्ही को आमंत्रित कर व्यापारियों की समस्याओं से उनको अवगत कराया जाएगा बैठक में भुरकुंडा की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानू कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी सह सचिव संतोष तिवारी कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पोद्दार पंकज प्रसाद तिवारी मुरारी लाल भूपेंद्र सिंह पप्पू विमल बुधिया विजय मेवाड़ अमित कुमार सिन्हा अमित साहू दिलीप अग्रवालसुबोध पांडे,दिलीप दत्ता पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह मनजी सिंह एवं उपसमिति के सभापति गण उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को जिला समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता रामगढ़ नेल्सम एयोन बागे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को मध्याह्न भोजन के संचालन के दौरान विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए चावल का उठाव करने व खाद्य पदार्थों से संबंधित रोस्टर का पालन करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया की चयनित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन की सुविधा कराई जाएगी जिसे लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्य किया जा रहा है बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने एवं मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का भी जायजा लेने व सभी स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप के लिए भी समय-समय पर कैंप आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। इन सबके अलावा बैठक के अपर समाहर्ता ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में मध्याह्न भोजन हेतु उपलब्ध राशन सामग्रियों, आवंटन की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुए कहां की सभी विद्यालयों में मध्यान भोजन की सारणी वॉल पेंटिंग करने एवं किसी भी विद्यालय में मध्यान भोजन को कोयले से ना बनाकर गैस का प्रयोग करने का निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,नगर प्रबंधक नगर परिषद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### टोंगी में मंडा पर्व धूमधाम के साथ हुआ संपन्न

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डाड़ी के गांव बड़कीटोंगी में सोमवार को ग्रामीणों ने मंडा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विधिवत रूप से मनाया। अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष भक्तों को पुजारी, ठाकुर, पाहनो के द्वारा विधिवत नियमानुसार पूजन विधि करवाया गया। ग्रामीण समाजसेवी शत्रुधन बेदिया, समाजसेवी हीरालाल बेदिया, उपमुखिया टोंगी मदन बेदिया व अन्यो ने बताया कि बीते 6 वर्षो के बाद गांव टोंगी में मंडा पूजा का पर्व मनाया गया हैं। इसमें 30 भोक्ता बनस झूला और दर्जनों लोगों ने फुलकूदी के दहकते अंगारों पर अपनी भक्ति की शक्ति का परिचय दिया हैं। भगवान शिव से गांव टोंगी में खुशहाली, हरियाली, रक्षा और आपसी सौहार्द की कामना की हैं। सभी ने अपने परिवार के लिए सुख, शांति, समृद्धि का भी आशीर्वाद मांगा। वही मेले का भी आयोजन किया गया। मंडा पूजा समिति के द्वारा कार्यक्रम संपन्न करने के लिए सभी को जिम्मेवारियां दी गई थी। जिसके लिए टोंगी पूजा समिति ने सभी को धन्यवाद दिया हैं। मौके पर कई मंडा पूजा समिति के सदस्य, भक्तजन व ग्रामीण उपस्थित थे।

# दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का योगदान बहुत महत्वपूर्ण : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में छतरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे सहित अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों का पौधा देकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया जिसके उपरांत उपायुक्त सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देने के क्रम में बताया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई, नर्सिंग के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। खास बात यह है कि योजना के तहत 3 माह से लेकर 2 साल तक के प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को किसी भी तरह का कोई भी खर्च वहन नहीं करना होता है। सरकार द्वारा प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान समय में योजना को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों आदि की सहभागिता किस प्रकार से इस योजना को सफल करने में सुनिश्चित की जाए के संबंध में सभी को जानकारी दी जा रही है। मौके पर उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि योजना के सफल संचालन में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। खास तौर पर उपायुक्त ने पुलिस पदाधिकारियों को थाना स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने एवं विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के क्रम में युवाओं को योजना के प्रति जानकारी देने व उन्हें योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। कार्यशाला के दौरान उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से उपायुक्त ने विशेष रुप से अपील करते हुए योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

## अमित महतो को गोला प्रखंड प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी रामगढ़ के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान गोला प्रखंड के दौरे पर आने के क्रम में अमित महतो को प्रखंड प्रभारी एवं सह प्रभारी का मनोनयन पत्र, संतोष सोनी कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष गोला ,आसिफ इकबाल जिला महासचिव रामगढ़ , अमर उपाध्याय कांग्रेस प्रखण्ड उपाध्यक्ष गोला, व गुलाम सरवर मंडल अध्यक्ष गोला के उपस्थिति में सौंपी गई। जिला अध्यक्ष के पत्र में लिखा गया है कि कांग्रेस के प्रति निष्ठा एवं सक्रियता को देखते हुए आपको प्रखंड का प्रभारी व सह प्रभारी मनोनीत किया जाता है आशा है कि प्रखंड कमेटी व वरीय कांग्रेसियों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करते हुए प्रखंड के मंडल व पंचायत कमिटी को मजबूत कर प्रखंड के सभी बूथ कमेटियों का गठन कर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे ।

## हजारीबाग के 5 ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने एसजीएफआई राष्ट्रीय खेल में अपनी जगह सुनिश्चित की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के द्वारा रांची खेल गांव स्थित शहीद ताना भगत इनडोर स्टेडियम मे 28 और 29 मई को 66 वा राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय खेल हेतु झारखंड राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें हजारीबाग जिले से विभिन्न विद्यालय से अंडर-19 वर्ग के 16 खिलाड़ियों का चयन हजारीबाग जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ही कर लिया गया था । जिसमें बालिका एवं बालको ने अच्छा प्रदर्शन कर पांच खिलाड़ियों का चयन जो की 6 से 12 जून तक दिल्ली छत्रसाल स्टेडियम मॉडल टाउन में आयोजन




होने वाले 66 वा राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय खेल में हजारीबाग के खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे । इन खिलाड़ियों में महिला वर्ग में वनिता पराशर अंडर 63 केजी में सौम्या आईकट अंडर 44 केजी में नरगिस जहां अंडर 73 केजी में और पुरुष वर्ग में आलोक रंजन अंडर 45केजी में बंटी कुमार अंडर 73 केजी में चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने में हजारीबाग ताइक्कांडो संघ के प्रशिक्षक चंदन राणा ,रोशन चौहान, रोशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव ने अपनी भूमिका निभाई ,साथ ही इन खिलाड़ियों के इस बड़ी उपलब्धि पर हजारीबाग ताइक्कांडो संघ के चेयरमैन संजय उपाध्याय, अध्यक्ष सुमन तिवारी, सचिव हेमंत कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, विपिंद्र प्रकाश, सौरभ सुमन सहित संघ के सभी पदाधिकारियों ने एवं हजारीबाग जिले के खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों ने बधाई दिए एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दिए।

## जदयू महिला प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर प्रखण्ड के नगवा पंचायत में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग की महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की सदर प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी ने और संचालन नजराना प्रवीण ने किया। बैठक में नगवा पंचायत के लिए सुमन देवी को सर्वसम्मति से जदयू महिला प्रकोष्ठ की पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया।जनता दल यूनाइटेड जिला टीम से जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, मिथिलेश सिंह, रोमी सलूजा, यासीन अंसारी ,गुलशन राज एवं राकेश ठाकुर ने उपस्थित होकर बैठक को संबोधित किया। मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी उपस्थित रही। जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने अपने संबोधन में महिलाओं को राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान करते हुए समाज में अपने हक एवं



अधिकार के लिए आगे आने की बात कही। बैठक में उपस्थित पिंकी देवी, वार्ड सदस्य बबीता देवी, उमा देवी, पूजा देवी, सुनीता देवी एवं प्रियंका देवी ने पंचायत की विभिन्न समस्याओं से बैठक को अवगत कराया। उपस्थित महिलाओं में गुजरी देवी, गिरजा देवी, सीमा देवी, सुनीता देवी,पूनम देवी अर्चना कुमारी एवं कविता कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## रामगढ़ डीवीसी के द्वारा स्वच्छता पखवाडा अभियान का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ दामोदर घाटी निगम के द्वारा 16 मई से 31 मई तक स्वच्छता पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही डीवीसी कर्मियों के द्वारा रामगढ़ थाना चौक से सुभाष चौक रैली निकालकर आम लोगों को जागरूक किया गया। आम लोगों को समझाया गया कि बिजली की बचत कैसे किया जाए साथ में डीवीसी के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया और पौध के महत्व को लोगों बताया गया। स्वच्छता पखवाडा में डीवीसी के




कर्मचारी रोज सुबह शपथ समारोह किया जाता है इसमें कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता का शपत लिया जाता है साथ ही डीवीसी के द्वारा एलईडी बल्ब का भी वितरण किया गया। जिससे बिजली की बचत की जा सके इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इसे मुख्य रूप से उपस्थित डीवीसी रामगढ़ के अधीक्षण अभियंता अनुज कुमार , राहुल रंजन इंचार्ज रामगढ़ डीवीसी सबस्टेशन , दीपक कुमार , प्रदीप गरी, तेज नारायण अन्य डीवीसी कर्मचारी मौजूद रहे।

## चार दिवसीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप का हुआ समापन, पांच जिलों के 40 प्रतिभागी हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डिस्ट्रिक्ट लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रथम ऑपन लॉन टेनिस चैंपियनशिप 2023 का समापन रविवार को हजारीबाग स्टेडियम में हुआ।समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बिकास कुमार एवं विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी हर्ष हजमेरा ने शामिल होकर विजेताओं को स्मृति चिन्ह् के साथ सम्मानित किया। समापन समारोह में हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट लॉन टेनिस एसोसिएशन के निदेशक राकेश गुप्ता एवं कोच मो रफीक के नेतृत्व में अतिथियों एवं प्रायोजकों का स्मृति चिन्ह् के साथ सहृदय अतिथि सत्कार कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता में रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो एवं हजारीबाग के 40 होनहार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें कुल



12 वर्गो के सिंगल एवं डबल बालक एवं बालिकाओं में विजेताओं को स्मृति चिन्ह् एवं ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। बालक वर्ग से 30 खिलाड़ी एवं बालिका वर्ग से 10 खिलाड़ी शामिल रहे। चार दिवसीय प्रथम ऑपन लॉन टेनिस चैंपियनशिप में दस वर्षीय बालक वर्ग के सिंगल्स के फाइनल में फहल कुमार ने दिवीत कुमार को पराजित कर जीत हासिल किया। दस वर्षीय बालिका वर्ग के सिंगल्स के फाइनल में नेहा कुमारी ने अदवीता को पराजित कर जीत हासिल किया। बारह वर्षीय बालक वर्ग के सिंगल्स के फाइनल में सफल कुमार ने उत्कर्ष कुमार को पराजित कर जीत हासिल किया। बारह वर्षीय बालिका वर्ग के सिंगल्स के फाइनल में नेहा कुमारी ने श्रेयसी कुमारी को पराजित कर जीत हासिल किया। चौदह वर्षीय बालक वर्ग के सिंगल्स में फाइनल में सफल कुमार ने उत्कर्ष कुमार को पराजित कर जीत हासिल किया। चौदह वर्षीय बालिका वर्ग के सिंगल्स के फाइनल में मेबल जोलेन ने अपराजिता कुमारी को पराजित कर जीत हासिल किया। सोलह वर्षीय बालिका वर्ग के सिंगल्स में फाइनल में मेबल जोलेन ने अपराजिता कुमारी को पराजित कर जीत हासिल किया। अठारह वर्षीय बालिका वर्ग के सिंगल्स में फाइनल में मेबल जोलेन ने सिवानी कुमारी को पराजित कर जीत हासिल किया। पुरूष वर्ग के सिंगल्स फाइनल में सफल कुमार ने उत्कर्ष कुमार को पराजित कर जीत हासिल किया। पुरूष वर्ग के डबल्स फाइनल में साहिल एवं ओरको ने सफल एवं समय को पराजित कर जीत हासिल किया। चौदह वर्षीय बालक वर्ग के डबल्स फाइनल में सफल एवं अनमोल की जोड़ी ने समय एवं उत्कर्ष की जोड़ी को पराजित कर जीत हासिल किया। बारह वर्षीय बालक वर्ग के डबल्स फाइनल में समय एवं अनमोल की जोड़ी ने सफल एवं फहद अनवर की जोड़ी को पराजित कर जीत हासिल किया।

### हरली में मंडा पूजा 31 मई को

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हरली गांव में मंडा पूजा को लेकर हरली पूजा समिति के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। 31 मई की रात को भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना के बाद पुजारी दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर अपनी आस्था का परिचय देंगे। वही दूसरे दिन 1 जून को 40 फीट ऊंचे लट्ठे से भक्त जन परिक्रमा करेंगे एवं प्रसाद स्वरूप पुष्प वर्षा करेंगे। मंडा पूजा की तैयारी पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मंडा पुजारी शबुर महतो, उपाध्यक्ष नरेश कुमार, उप सचिव प्रेम भारती ,संयोजक मंडली के सदस्य पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, उमेश कुमार दांगी, विगेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो एवं सुरेश कुमार दांगी के प्रयास से जोर शोर से की जा रही है।

### बैंक ऑफ इंडिया के पास दुघर्टना की आशंका, फाइबर स्पीड ब्रेकर की मांग

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़, चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी के प्रयास फलस्वरूप एन.एच-100 सात मील से लेकर करोंज मोड़ तक दुर्घटना संभावित घनी आबादी क्षेत्र में पाँच जगहों पर हज़ारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा लगवाया गया। परन्तु बैंक ऑफ इण्डिया और ब्लॉक जाने वाले दोमुहाने रास्ते के पास दुर्घटना की अधिक संभावना बनी रहती है,उपरोक्त जगहों पर रम्बल स्ट्रीप अर्थात फाइबर स्पीड ब्रेकर के लगाने की सख्त जरूरत है । आज बैंक ऑफ इंडिया के पास दो बाइक की आपस मे भिंड़त हो गई गनीमत है,कि जानमाल का कोई नुकसान नही हुआ । मौके पर उपस्थित पंसस मुन्नी देवी ने बाइक भिंड़त से जख्मी लोगो का जायजा लिया और उपायुक्त महोदया से रम्बल स्ट्रीप अर्थात फाइबर स्पीड ब्रेकर की माँग की ।

### आरोग्यम अस्पताल पहुंचे चमत्कारी त्रिशूल बाबा, निर्देशक हर्ष अजमेरा ने किया स्वागत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा के कार्यालय परिसर में उज्जैन से चलकर आए महामाया कालका पीठ के चमत्कारी त्रिशूल गुरुदेव का आगमन हुआ। आगमन के उपरांत निर्देशक हर्ष अजमेरा ने भाव पूर्वक उनका स्वागत सत्कार किया। जिसके बाद गुरुदेव ने पूरे अस्पताल परिसर का भ्रमण किया। अस्पताल परिसर में पहुंचे परिजन तथा कर्मचारियों ने उनसे आशीर्वाद लिया। जिसके बाद निर्देशक ने गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आप सदैव सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान करते रहिए। मौके पर निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि बाबा के आगमन से आरोग्यम अस्पताल पूरी तरह से भक्तिभाव से ओत प्रोत है। बाबा का आशीर्वाद सदैव आरोग्यम अस्पताल तथा शहरवासियों पर बनी रहे। साथ ही बताया कि आरोग्यम अस्पताल में मौजूद सभी लोगों द्वारा बाबा से आशीर्वाद लेते वक्त हर हर महादेव का जयकारा भी लगाया गया।

### अरगड्डा-सिरका में झमाझम हुई बारिश मुख्य सड़क पुलिया पर हुआ जलजमाव

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे एकाएक हवाओं के चलने के साथ काले बादलों ने झमाझम बारिश किया। इससे इलाके के लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। अरगड्डा- सिरका को जोड़ने वाली पुरानी पड़ारुनाला पुलिया पर जलजमाव हो गया। जिससे वाहनों और लोगों को पुल पार करने में थोड़ी परेशानी हुई। बताया जाता है कि क्षेत्र का तापमान 40 डिग्री से गिरकर 30 के करीब पहुंच गया। इससे बच्चे, बुजुर्गो, बीमार लोगों को आराम मिला।

## बिजली व अन्य समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मॉडर्न उच्च विद्यालय बड़कागांव में बिजली व अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव एवं संचालन समाजसेवी लखींद्र ठाकुर ने किया। बैठक में बड़कागांव एवं केरेडारी के जनप्रतिनिधियों के अलावा कई ग्रामीणों ने भाग लिया। बिजली की गंभीर समस्या पर गहन मंथन किया गया। साथ ही एनटीपीसी एवं इसके सहायक कंपनी त्रिवेणी सैनिक में रोजगार लेने संबंधित चर्चा की गई। टीम गठित कर सांसद, विधायक एवं अन्य आला अधिकारी से मिलकर समस्याओं का निदान निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में बादम पंचायत में लगभग



4 वर्षो से प्रधानमंत्री आवास न बनना एवं बड़कागांव में अंचलाधिकारी का न होने पर भी चर्चा की गई। बैठक कराने में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम एवं समाजसेवी सोनू इराकी का अहम योगदान रहा। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, केरेडारी बेलतू पंचायत के मुखिया जितनी देवी, लखींद्र ठाकुर, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, रामसेवक महतो, रामचरित्र महतो, राजकुमार साव, मिथलेश कुमार, जनिसार आलम, रामकृपाल राणा, सबदर हुसैन, मो साबिर, आरती वर्मा, टेकलाल कु प्रजापति, अशोक महतो, अहद रजा, गीता देवी, आतो देवी, रूपा देवी, सालो देवी, बाशो देवी, फुलमतिया देवी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मार्खम कॉलेज में जी-20 शिखर सम्मेलन पर एनसीसी ने किया कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मार्खम कॉलेज में जी-20 शिखर सम्मेलन पर एनसीसी के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने जी-20 शिखर सम्मेलन को वसुधैव कुटुंबकम की संज्ञा दी। उन्होंने कहा जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करना भारत के लिए गर्व की बात है । उन्होंने कहा कि भारत शांति प्रिय देश है। जब भी किसी देशों के बीच संघर्ष होता है तो उसका परिणाम पूरे विश्व पर पड़ता है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार ने जम्मू कश्मीर में आयोजित भारत के जी-20 शिखर सम्मेलन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए



कहा कि घाटी में जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, जो आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश देगा। विषय प्रवेश कराते हुए कॉलेज की एनसीसी पदाधिकारी डॉ कनक रागिनी ने जी-20 शिखर सम्मेलन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में सेवानिवृत्त पूर्व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ चंदन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंच संचालन व धन्यवाद ज्ञापन एनसीसी कैडेट दीप्ति कुमारी ने किया। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ एडी सिंह समेत शिक्षकों में डॉ जीएस पांडेय, डॉ संतोष रविदास, डॉ रंजीत कुमार दास, डॉ अंतरा गुप्ता, डॉ अमृता एक्का, प्रोग्राम ऑफिसर भोला नाथ सिंह समेत एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मुखिया संघ ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन में विदाई समारोह का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मुखिया संघ ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने किया। मौके पर सभी मुखिया ने निवर्तमान थाना प्रभारी ललित कुमार को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर विदाई दिया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि निवर्तमान थाना प्रभारी ललित कुमार प्रखंड के सभी मुखिया के साथ मिलकर पंचायत के लिए काम किए, जो काफी सराहनीय रहा। हर मुखिया की बातों को गंभीरता से लेते थे और उनका निराकरण भी करते थे, आज हमलोग के बीच से जा रहे हैं, इसका कमी हम लोगों को सदा रहेगा। वही सभी मुखिया ने कामना किया कि जब वे अगली बार बरही फिर से आए, तो डीएसपी बन कर आए। वहीं ललित कुमार ने कहा की यहां के सभी जनप्रतिनिधि बड़े ही सुलझे हुए हैं, कोई भी घटना की जानकारी मुझे तुरंत दी गई, तभी जाकर इतने दिनों में कोई बड़ी घटना नहीं घटी। सभी के साथ मिलकर काम किया यह हमें यादगार रहेगा। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, शमशेर आलम, मनोज कुमार, गोविंद साव, खिरोधर यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, छोटन ठाकुर, मुकेश राम, सकलदेव यादव, मो ताजुदीन, विशेश्वर यादव, राजन यादव, समाजसेवी भगवान केशरी, छत्रु यादव, अधिवक्ता मुनिलाला चौधरी, उदय ठाकुर, गणेश साव समेत कई लोग शामिल थे।

## जंगल में पेड़ पर लटके मिले दो शव, सनसनी का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के चरही थाना क्षेत्र के ग्राम 44 खदान के समीप जंगल में एक युवक और एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवती व युवक की लाश पेड़ पर फांसी से लटकी हुई मिली। शव को देखने के लिए आसपास के लोग जुटे। शव से दुर्गंध आ रही थी। शव दो से तीन दिन पहले का प्रतीत हो रहा था। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना चरही पुलिस को दी गई। तब घटना स्थल पर चरही पुलिस पहुंची और दोनों के मौत के जांच की कार्रवाई में जुट गई। यह घटना चरही थाना क्षेत्र की है, जहां बंद पड़ी 44 खदान के पास जंगल में सोमवार दोपहर युवक-युवती के शव फांसी के फंदे पर झूलते मिले। पुलिस के मुताबिक मृतकों की शिनाख्त ग्राम कुकुर्दी थाना पंचपेडी जिला विलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी सुनीता चौहान पिता पंचराम उम्र 16 वर्ष और ग्राम बकरकुदा थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी हुमुल निशाद पिता दुकाल निशाद 21 वर्ष के रूप में की गई है। युवती और युवक दोनो शनिवार की सुबह से ही घर से लापता थे। हालांकि इनके परिजनों के द्वारा कोई गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस और छानबीन कर रही है और यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं घटना की वजह कुछ और तो नहीं।

## नमामि गंगे योजना अंतर्गत मिशन लाइफ कैंपेन के तहत हुआ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना के तहत 28 मई 2023 से 31 मई 2023 तक रामगढ़ जिले में मनाए जा रहे मिशन लाइफ कैंपेन के तहत सोमवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़ डॉ असीम कुमार, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्क में आए लोगों ने नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। मौके पर नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों की जानकारी सभी को दी। उन्होंने कहा कि बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है वर्तमान समय में जिस प्रकार से क्षेत्रों का तीव्र गति से औद्योगिकरण हो रहा है ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि हम सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए नदियों तथा अन्य जल स्रोतों के साथ-साथ अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने सभी से नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।इस दौरान सभी को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों एवं गंगा और उसकी सहायक नदियां सहित अन्य नदियों व जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में आम जनों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सभी को जागरूक किया गया।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

### शुद्धि पत्र

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा सूचना संख्या– **RDD /SD/KHUNTI/49/22-232[nd] Call** है, जिसका पी0आर0 संख्या 297733 **RURAL DEVELOPMENT (2023-24)_D** है, के ग्रुप सं० 01 के ऑनलाईन में पूर्व के **SBD** को शून्य समझते हुए वर्त्तमान में शुद्धि पत्र के साथ **SBD** को दोबारा अपलोड किया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी ।

PR.NO.298551 Rural Development(23-24):D

## DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008**

### Notice for Request for Empanelment (RFE)

RFE Reference no.-Agri/03/2023-24 Dated:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Empanelment (RFE) of agencies for complete supply of INM/IPM input for augmenting production and productivity of various agricultural crops, viz- cereals, pulses and oil-seeds for a period of one year (2023-24) |
| 2 | Time of Completion | One Year |
| 3 | RFE Documents Cost | Rs. 10000 (Rupees Ten thousand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 10,00,000/- (Rupees Ten Lakh only) |
| 5 | Date of Publication of RFE on website | 30/05/2023 (06:00 PM) |
| 6 | RFE Downloading Start Date | 30/05/2023 (06:00 PM) |
| 7 | Date and Time of Pre-Bid meeting | 05/06/2023 (03:30 PM) |
| 8 | Online RFE Submission Period | 06/06/2023 (01:00 PM) to 21/06/2023 (02:00 PM) |
| 9 | Last date for submission of hard copy | 22/06/2023 (01:00 PM) |
| 10 | RFE Opening Date and place | 22/06/2023 (3:00 PM) Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan, 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008. |
| 11 | Name & Address of the RFE Inviting Authority | Director Agriculture, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan, 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008. |
| 12 | Contact no. of procurement officer | 9835345613 |
| 13 | Helpline no. of procurement cell | 0651-2233549 |

**Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in**

Sd-
**Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi.**

PR 298587Agriculture(23-24)#D

## कार्यालय :- अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)
Email-supt.pmchpalamu@gmail.com

### Re-Tender

Medinirai Medical College Hospital, Palamu is inviting the Tender 04/ 2023/MMCH for Jan Aushadhi Kendra in the Medinirai Medical College Hospital Palamu Campus as per the given terms and conditions.

| SL. No. | Event Description | Date |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Establishment of Jan Aushadhi Kendra in the Medinirai Medical College Hospital Palamu Campus |
| 2. | Period of the work | 03 Years (36 months) for qualifying Agency |
| 3. | Invitation of RFP | 01/06/2023 |
| 4. | Last date for receiving queries | 12/06/2023 |
| 5. | Pre-Bid meeting | 17/06/2023 |
| 6 | Authority response to queries latest by | 20/06/2023 |
| 7. | Last late of Bid Submission(Bid due date) | 01/07/2023 1300 hrs IST |
| 8 | Opening of Technical Bids | 06/07/2023 1500 hrs IST |
| 9. | Letter of Award (LOA) [Within 30 days of Bid Due Date] | Within 30 days of Bid Finalization |
| 10. | Validity of Bids | 120 days from Bid Due Date |
| 11. | Signing of Tripartite Agreement [Within 30days of award of LOA] | Within 30 days of LOA |
| 12 | Bid and Other Fee | As per the direction given in Bid Document |
| 13 | Bid Submission Location | DDC Office, C-Block Collectorate Building Palamu |
| 14 | Name and Address of Tender inviting Authority | DDC Office, C-Block Collectorate Building Palamu |
| 15 | Opening Place | DDC Office, C-Block Collectorate Building Palamu |

**Drug Inspector Palamu** **Superintendent MMCH, Palamu** **DDC Palamu**

PR.NO.298550 District(23-24):D

## कार्यालय जिला परिषद, गुमला
### दुकानों की बन्दोवस्ती हेतु अति अल्पकालीन प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा गुमला जिले के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत करौन्दी कलस्टर में निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के दुकानों का अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला के स्तर से निर्धारित मासिक किराया एवं निर्धारित शर्त्तों के अधीन बन्दोवस्ती की जानी है :–

करौन्दी कलस्टर में मार्केट कॉम्पलेक्स अन्तर्गत 20 खाली दुकानों का आवंटन हेतु किराया तालिका

| क्र0 | दुकानों का नम्बर | किराया प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17,18,19,20 | 1800/– |

करौन्दी कलस्टर में मार्केट कॉम्पलेक्स अन्तर्गत 10 खाली दुकानों का आवंटन हेतु किराया तालिका

| क्र0 | दुकानों का नम्बर | किराया प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10 | 1800/– |

उक्त दुकानों की बन्दोवस्ती हेतु आवेदन प्रपत्र कार्यालय जिला परिशद, गुमला से दिनांक 31.05.2023 से दिनांक 10.06.2023 के अप0 5:00 बजे तक 500/– कुल पाँच सौ रूपये मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट (जो सचिव, जिला परिशद, गुमला के नाम से किसी राश्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एवं गुमला में भुगतेय हो) जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन प्रपत्र किसी भी कीमत पर निर्गत नहीं किया जायगा।

दुकान बन्दोबस्ती से संबंधित विस्तृत शर्त्तों का अवलोकन कार्यालय के सूचना पट्ट तथा गुमला जिले के वेबसाईट **gumla.nic.in** पर किया जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद, गुमला।**

PR 298585 Rural Development(23-24)D

## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग।
### अति अल्पकालिन निविदा सूचना

सरकार के संयुक्त सविव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक– (N)544 (अनु0) दिनांक–21.04.2023, के द्वारा मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना (वित्तीय वर्ष 2023–24) के कार्यान्वयन हेतु हजारीबाग जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में बागवानी से संबंधित खाद् सामग्रियों का क्रय किया जाना है। इस संदर्भ में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय का ज्ञापांक–726/जि0ग्रा0, दिनांक–09.05.2023 तक निविदा आमंत्रित की गई थी, परंतु गोबर खाद FYM तथा यूरिया (Urea), NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य), SSP, MoP (पोटाश) का किसी भी निविदादाता द्वारा दर प्राप्त नहीं होने के कारण उक्त 5 सामग्री हेतु पुनः अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रित हेतु इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से निम्न सामग्रियों का मुहरबंद निविदा आंमत्रित की जाती है:–

| | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | गोबर खाद या FYM |
| 2 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | यूरिया (Urea) (In Kg) |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) (In Kg) |
| | | SSP (In Kg) |
| | | MoP (पोटाश) (In Kg) |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्ते की पूर्ण विवरणी हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक...07.06.2023...के पूर्वाहन्/अपराहन्..12:30 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में ब्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
3. प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को दिनांक....07.06.2023 के पूर्वाहन्/अपराहन्..03:00 .बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधी अनिवार्य रुप से उपस्थित होंगे।

ह0/
उप विकास आयुक्त–सह–, जिला कार्यक्रम समन्वयक, हजारीबाग।

PR 298544 Rural Development(23-24)D

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
### सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 01/2023–24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जून 2023 से मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 05.06.2023 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बजरंग बली मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 300000.00 | 30000.00 |
| 02 | ग्रामीण बैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 240000.00 | 24000.00 |
| 03 | चेचरिया पुल के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 250000.00 | 25000.00 |
| 04 | बैल बाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 140000.00 | 14000.00 |
| 05 | जंगीपुर मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 60000.00 | 6000.00 |
| 06 | बस स्टैंड, नगर उंटारी की बंदोबस्ती | 600000.00 | 60000.00 |
| 07 | मंगलवारीय हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 200000.00 | 20000.00 |
| 08 | प्रतिदिन हाट/बाजार (शेड) सैरात की बंदोबस्ती | 350000.00 | 35000.00 |
| 09 | प्रतिदिन हाट/बाजार (बिना शेड) सैरात की बंदोबस्ती | 350000.00 | 35000.00 |
| 10 | सड़क किनारे ठेला/गुमटी आदि की बंदोबस्ती | 500000.00 | 50000.00 |
| 11 | वाणिज्यिक वाहन प्रवेश की बंदोबस्ती | 300000.00 | 30000.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 298554 Urban Development (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला
SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521
Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

### मत्स्य कृषकों के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी मत्स्य कृषकों/RFF समूहों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के मत्स्य पालकों को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मुख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए एक नई योजना समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन) की स्वीकृत्ति दी गई है। विभागीय राज्यादेश सं0– 04/रा0(वि0), दिनांक 08.05.2023 एवं आवंटन संख्या 02(आ0) दिनांक 23.05.2023 के द्वारा गुमला जिला को शीर्ष 796 में 11 (अनुसूचित जनजाति=07 एवं अन्य वर्ग=04) एवं शीर्ष 789 में 04 कुल 15 यूनिट हेतु लक्ष्य एवं आवंटन प्राप्त है। इस योजनान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए प्रति एक एकड़ हेतु राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत् (अधिकतम मो0 1,22,680.00 (एक लाख बाईस हजार छः सौ अस्सी) रू0 मात्र) होगा तथा शेश अंशदान लाभुक का होगा। अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए प्रति एक एकड़ राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत् (अधिकतम् मो0 1,07,345.00 (एक लाख सात हजार तीन सौ पैंतालीस रू0 मात्र) होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। योजना के लाभ हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

अर्हताएँ:–
1. योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।
2. लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) हो अथवा वित्तीय वर्श 2023–24 से तीन वर्षों के लिए लीज पर हो।
3. RFF समूह सक्रिय हो तथा उनका बैंक खाता संचालित हो रहा है।
4. जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो ।

आवेदन प्रपत्र प्राप्ति (निःशुल्क) का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला।
आवेदन प्रपत्र जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला (कार्यालय अवधि में)
आवेदन प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि – 11.06.2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला।

PR.NO.298588 Fish(23-24):D

## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची

### ।। आम सूचना ।।

पत्रांक............................... राँची/दिनांक–......................................

एतद द्वारा वैसे वाहन स्वामियों को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से 3(तीन) दिनों के अंदर अपने वाहन का अधतन कागजात ,परमिट शुल्क एवं अंतर शुल्क जमा कर उसकी हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनको आवेदन को रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी ।

**स्कूल बस परमिट की सूची :–**

| S.NO | VEHICLE NO | NAME | PERMIT NO | Renewal Permit FEE | Renewal Permit FEE Status |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SANJAY KUMAR GUPTA | JH07E0870 | 120/15 | 6000 | Paid |
| 2 | NEHA AGRAWAL | JH01CC4075 | 221/2016 | 13500 | Unpaid |
| 3 | HARENDRA PRASAD | JH01BY0872 | 111/16 | 13500 | Unpaid |
| 4 | HARENDRA PRASAD | JH01BY5947 | 112/16 | 13500 | Paid |
| 5 | HAREMDRA PRASAD | JH01BP9417 | 250/15 | 13500 | Unpaid |
| 6 | HARENDRA PRASAD | JH01BQ1902 | 249/15 | 13500 | Unpaid |
| 7 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01BZ8971 | 46/2018 | 13500 | Unpaid |
| 8 | ABHAY KUMAR | JH01CX8939 | 68/18 | 13500 | Unpaid |
| 9 | ABHAY KUMAR | JH01CX9163 | PCOP-67/18 | 13500 | Unpaid |
| 10 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01AP2758 | 44/2018 | 13500 | Paid |
| 11 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01AP2759 | 48/2018 | 13500 | Paid |
| 12 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01AP2760 | 45/2018 | 13500 | Paid |
| 13 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01BZ7453 | 43/18 | 13500 | Paid |
| 14 | PETER GARI | JH01BK7128 | 01/15 | 6000 | Paid |
| | **NEW PERMIT** | | | | |
| 1 | SURESH SAHU | JH01DL9315 | | 6000.00 | Paid |
| 2 | ANJANI KUMARI | JH08H3991 | | 6000.00 | Paid |
| 3 | A P JALAN SARASWATI VIDYA MANDIR | JH01DL4558 | | 13500.00 | Paid |
| 4 | DHIRAJ PRAKASH TIGGA | JH01AT1102 | | 13500.00 | Unpaid |
| 5 | MUSKAN KUMARI | JH01DG2427 | | 13500.00 | Paid |
| 6 | MR. PURUSOTTAM DAS SABOO | JH01AD1851 | | 13500.00 | Unpaid |
| 7 | SHALINI SINGH | JH01CF9057 | | 13500.00 | Unpaid |
| 8 | VARSHA SARIKA MINJ | JH01ET9278 | | 13500.00 | Unpaid |
| 9 | ARADHANA SHUKLA | JH01EZ1226 | | 13500.00 | Paid |
| 10 | BINDESHWAR BECK | JH01DB7542 | | 13500.00 | Unpaid |
| 11 | BINDESHWAR BECK | JH01DA8183 | | 13500.00 | Unpaid |
| 12 | PRABHAT RANJAN | JH01FB9668 | | 13500.00 | Unpaid |
| 13 | PRABHAT RANJAN | JH01FB5463 | | 13500.00 | Unpaid |
| 14 | PRABHAT RANJAN | JH01FB2134 | | 13500.00 | Unpaid |
| 15 | PRANAV ROY | JH01FB7964 | | 13500.00 | Unpaid |
| 16 | PRANAV ROY | JH01FB4975 | | 13500.00 | Unpaid |
| 17 | PRANAV ROY | JH01FB8773 | | 13500.00 | Unpaid |
| 18 | PRANAV ROY | JH01FB1115 | | 13500.00 | Unpaid |
| 19 | PRANAV ROY | JH01FB5854 | | 13500.00 | Unpaid |
| 20 | CAMBRIAN BUBLIC SCHOOL | JH01ET3863 | | 13500.00 | Paid |
| 21 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01ET7948 | | 13500.00 | Paid |
| 22 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01EY4132 | | 13500.00 | Paid |
| 23 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01EY4760 | | 13500.00 | Paid |
| 24 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | JH01EZ2467 | | 13500.00 | Paid |

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार,रांची

PR 298548 Transport(23-24).D

## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी,लोहरदगा
## (कृषि प्रभाग)

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

लोहरदगा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023 में **PM-KUSUM** (कृषक उर्जा उत्थान महाअभियान) **Component-B (Phase-III)** योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु **सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर** पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवत है–

1. इच्छुक किसान जिनके खेतों में **Grid Connectivity** उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेब पोर्टल **https://pmkusum.jharkhand.gov.in** पर संबंधित दस्तावेजों के साथ **2HP (AC &DC), 3HP(AC &DC) एवं 5HP(AC &DC)** क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन कर सकते हैं।
2. कृषकों को व्यक्तिगत /सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध करायी जायेगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार सिंचाई कूप /4" /6"/8"/10" व्यास की डीप बोरिंग अपने स्तर से करना होगा। यह योजना का लाभ सभी वर्ग /स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमि का होना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /लघु एवं सीमान्त कृषकों के साथ–साथ महिला कृशकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
3. कृषकों को ऊर्जा के उपयोग के आधार पर डी0सी0 पम्प एवं ए0सी0 पम्प का चयन स्वयं करना होगा तथा पानी के स्रोत के आधार पर **Submersible /Surface** पम्प का चयन करना होगा।
4. **JREDA** द्वारा जारी वेब पोर्टल पर **Online** विहित प्रपत्र के साथ प्रमाण (आधार), आवासीय प्रमाण (आधार कार्ड /मतदाता पहचान पत्र /राशन कार्ड /बिजली बिल) कृषि योग्य भूमि होने का प्रमाण (जमीन का अद्यतन लगान रसीद) पोर्टल पर अंतिम रुप से दिनांक **15 जून 2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक अपलोड करना होगा**। अंतिम तिथि के बाद अपलोड किये गये आवेदनों पर विचार नहीं की जायेगी।
5. समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज – समूह के सभी किसानों का आवासीय प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बिजली बिल), समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्व0 सत्यापित हाल की फोटो।
6. **लाभूक अंशदान की राशि 2HP(AC &DC), 3HP(AC &DC) एवं 5HP(AC &DC) के लिए क्रमशः रु0 5000/–, रु0 7000/– रु0 10000/– रु0 मात्र निर्धारित है** का बैंक ड्रॉफ्ट निदेशक, ज्रेडा **(Director, JREDA Payable at Ranchi)** के पदनाम से पम्प क्षमता के अनुसार जिला कृषि पदाधिकारी –सह– नोडल पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। तथा शेष राशि अनुदान के रुप में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।
7. आवेदक को विहित प्रपत्र में घोषणा पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित करके ऑनलाईन आवेदन में संलग्न करना होगा।
8. वैसे लघु एवं सीमान्त किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महंगे ग्रिड आधारित /डीजल पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थे। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
9. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट आवश्यकतानुसार **"पहले आओ–पहले पाओ"** के आधार पर उपलबध कराया जायेगा।
10. वैसे आवेदन **Data Analysis** के दौरान गलत पाये जाते हैं तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
11. जिन किसानों/ उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में प्राप्त किया जा चुका है, उन किसानों को इस योजना में दोबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
12. यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगे तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं कर सकते और इस यंत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसान की होगी। इसकी सरकार द्वारा कोई भी जिम्मेदारी नहीं ली जायेगी।
13. **JREDA** द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए बैंक ड्रॉफ्ट जमा करना होगा।
14. चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जाँच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ऑनलाईन **JREDA** कार्यालय को अग्रसाति कर दी जायेगी।

**आवेदन भरने की अंतिम तिथि 15 जून 2023 तक होगी।**

–ह0/–
जिला कृषि पदाधिकरी –सह–
नोडल पदाधिकारी **PM-KUSUM**
लोहरदगा

PR 298599 Lohardaga(23-24).D

## श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के बराकर नदी किनारे स्थित



प्रतापपुर गांव में आज सोमवार को श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ हो गया पांच सौ एक कुंवारी कन्याओं के द्वारा नये वस्त्र धारण कर नदी किनारे बसे अविरल धारा स्थित बाबा नंदानाथ महादेव के दरबार से क्लशों में जल भरकर यज्ञ मंडपों में लाया गया जहां मंत्रोच्चारण के साथ पुजा प्रारंभ की गयी।यह यज्ञ 29/5/23 से लेकर 4/6/23 तक चलेगा । इस यज्ञ में अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंश्री जयदेव श्रोत्रिय जी महाराज वृंदावन के मुखारविंद से भक्तजनों को कथा श्रवण कराया जाएगा। इस यज्ञ में मुख्य यजमान पं बिजय कुमार पाण्डेय, एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विभा पाण्डेय ने भाग लिया। आज के इस भक्तिमय जल यात्रा में मुख्य रूप से यज्ञ के अध्यक्ष बासुकीनाथ पाण्डेय, सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम पाण्डेय, ज्वाला प्रसाद पाण्डेय, समाजसेवी डॉ रामचंद्र पाण्डेय, प्रदीप पंडा, आदि की भूमिका काफी अहम रहा।साथ ही टुंडी पुलिस की और से विधि व्यवस्था स्वयं टुंडी के नये थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजुर एवं सब इंस्पेक्टर चन्द्रपति सिंह ने संभाला तथा कार्यक्रम के अंत तक सदलबल के साथ मुस्तैद रहे। टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल आदि भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चंडी गयाली ने अभिजीत को किया अंग वस्त्र देकर सम्मानित

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जैक बोर्ड में आयोजित मैट्रिक परीक्षा



में उत्क्रमित उच्च विद्यालय टुण्डू के छात्र अभिजीत कुमार गोप स्कूल टॉपर रहा वही बाघमारा प्रखण्ड टॉपर में तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसके लिए सिनिडीह बस्ती में कांग्रेस नेता चंडी गयाली के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम टॉपर छात्र अभिजीत कुमार गोप को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया चंडी गयाली ने बताया कि गांव के बच्चों में भी अतभुत टेलेंट कूट कूट के भरा हुआ है जो अभिजीत कुमार गोप ने समाज के लोगों को साबित करके दिखा दिया है।

## टीबी मरीजों के बीच किया गया पोस्टिक आहार किट वितरण

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे टीवी मुक्त उन्मूलन अभियान के तहत सांसद अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में टीवी मरीजों के बिच पोस्टिक आहार किट का वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों टीवी मरीजों के बिच किट वितरण किया गया। किट कई तरह के पोस्टिक आहार थे । वही चिकित्सक प्रभारी बी के सिंह द्वारा नावाडीह के चुंगलो निवासी प्रदीप तुरी को गोद लिया गया। टीवी मरीजों को इस बीमारी से बचने की विस्तृत जानकारी देते हुवे नियमो का पालन करने को कहा गया। मौके पर एल टी केशरी नंदन कश्यप , एस टी एल एस अरविन्द कुमार , एम् टी एस अभय कुमार सहित टीवी मरीज और स्वास्थकर्मी की उपस्थिति रही।

## जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में लगाया गया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के सौजन्य से जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली के मोहनपुर स्थित आवासीय कार्यालय में धनबाद के प्रसिद्ध ए0एस0जी0 नेत्र चिकित्सालय के द्वारा निशुल्क परामर्श एवं निशुल्क नेत्र जांच का कैंप का आयोजन किया । इस शिविर में धनबाद के ए0एस 0जी0 अस्पताल के डॉक्टर एवं अस्पताल कर्मी नेत्र जांच की मशीन लेकर मोहनपुर स्थित जिला अध्यक्ष हसनैन अली के आवासीय कार्यालय पहुंचे और सैकड़ों मरीजों का मशीन के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच किया गया।

# पिकलबॉल चैंपियनशिप का समापन, झारखंड टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीता 3 पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड पिकलबॉल के सह सचिव, धनबाद के बी. सुधीर ने बताया कि पिकलबॉल चैम्पियनशिप का बहुत ही शानदार सफल आयोजन के उपरांत एवं अगले साल फिर पिकलबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने की शपथ के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सिक्किम के खेल मंत्री कुंगा नीमालेपचा, चीफ सेक्रेटरी भी.एस. पाठक, जिला कलेक्टर भूतिया मौजूद थे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के खेल की काफी तारीफ की एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पिकलबॉल लोकप्रियता के नए आयाम छू रहा है। नए खिलाड़ी और दर्शक इस रोचक खेल के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। प्रतियोगिता के समापन समारोह में सारेगामा की नन्हीं विजेता गायिका ने सारेगामा टीम के साथ उपस्थित अतिथियों और खिलाड़ियों को अपने गीतों से झूमाया। प्रतियोगिता के फाइनल में झारखंड के प्रचेता वर्मा ने अपुर्व गुप्ता के साथ मिल कर मिक्स डबल मे सिल्वर मेडल जीत कर झारखंड का मान बढ़ाया। सिक्किम में इस प्रतियोगिता के आयोजन में झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार और बिहार के सचिव रंजन गुप्ता ने अहम भुमिका निभाया। समापन समारोह में झारखंड के सृजन सहाय, सुमिरन सहाय, नीता कुमारी, प्रभात कुमार, देव राज आनंद, संजीत कुमार, आयुष राज, अर्पित कुमार, चिरंजीव, प्रचेता वर्मा, सुचेता वर्मा, सुमन सिन्हा, किरण कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कुमारधुबी : अवैध कोयला कारोबार का भंडाफोड़, 40 टन कोयला जब्त



**कुमारधुबी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कालूबथान ओपी के अंतर्गत पलसिया के जंगलों में दर्जनों अवैध खनन स्थल बना कर बैखोफ ट्रकों में लोडिंग कर मुगमा के रास्ते गोबिंदपुर भेजा जा रहा है। लेकिन पुलिस व सीआईएसएफ का कोई कार्रवाई ना करना चर्चा का बिषय बना हुआ है। इधर कलियासोल के अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे ने कार्रवाई की। जिसमें करीब 40 टन कोयला बरामद किया गया है। जिसे बीसीसीएल प्रबंधन को उठाव करने एवं भराई का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार पलसिया के काली मंदिर के इर्द गिर्द दर्जनों खदान संचालित है। यहां से कोयला उठाव के बाद मुगमा में कांटा किया जाता है। उसके बाद उसे गोबिंदपुर के एक भट्ठे में पिछले दो माह से खपाया जा रहा था। बताया जाता है कि यहां से करीब रोजना 4 से पांच मिनी हाइवा व ट्रक के माध्यम से कोयला भेजा जाता था। लेकिन एक सौ गज की दूरी पर चल रहे इस अवैध खनन स्थल को लेकर सीआईएसएफ को कोई सूचना नही मिलना आश्चर्य की बात है। फिलहाल कोयला उठाव जारी है। इधर इस दौरान ओपी प्रभारी मुकेश राउत एवं बीसीसीएल प्रबंधक समीरन राय, सेफ्टी अधिकारी मनोज पाल आदि मौजूद थे।

## झारखोर की घटना रेलवे विभाग व ठेकेदार की लापरवाही को दर्शाती है : संतोष सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद गया रेलखंड अंतर्गत झारखोर के पास करंट लगने से रेलवे के 6 ठेका मजदूरों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि रेल विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण ऐसी दुखद घटना घटी है। कार्यस्थल पर किसी प्रकार की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्था नहीं होना और कार्य के दौरान रेलवे का कोई भी कनिय अभियंता मौजूद नहीं रहना, पुरी तरह से रेल विभाग और ठेकेदार की लापरवाही को दर्शाती है। रेल विभाग के संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के ऊपर लापरवाही का मामला दर्ज होना चाहिए।

साथ ही साथ केंद्र सरकार मृतक के परिवार को 20 - 20 लाख रुपया मुआवजा और मृतक परिवार के एक सदस्य को केंद्र सरकार रेलवे में सरकारी नौकरी दे। श्री सिंह ने कहा कि भारत के रेल मंत्रालय इस मामले को गंभीरतापूर्वक लेकर उच्चाधिकारीयो की जांच कमिटी बनाकर किसी रिटायर जज की अध्यक्षता में घटना की जांच किया जाए, ताकि मृतक के परिवार को न्याय मिल सके।

## झारखोर में हुए दुर्घटना की न्यायिक जांच हो : ब्रजेंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद गया रेलखंड पर कतरास के निकट झाड़खोर के पास 6 रेलवे मजदूरों की मृत्यु पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा की आए दिनों इस तरह की घटना घटने की सूचना मिलती है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जो 6 मजदूर मरे हैं सभी गरीब तबके के हैं।

उनको देखने वाला कोई नहीं बचा। हम रेलवे विभाग से मांग करते हैं कि सभी मृतकों को कम से कम 25 - 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और साथ ही उनके परिजनों को रेलवे मे नौकरी भी दी जाए। उन्होने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं घटे इसके लिए सरकार न्यायिक जांच कराए।

## सरकारी तालाब पर भराई कर रास्ता बना रहे विवाह मंडप के मालिक पर नगर निगम की कार्यवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पोलटेक्निक रोड स्थित सरकारी तालाब में भारी मात्रा में मिट्टी भर कर रास्ता बनाया गया था जिसकी जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त सतेन्द्र कुमार ने कार्यवाई करते हुए जेसीबी से खुदाई करवाई साथ ही सड़क किनारे अवैध रुप से खटाल और घर बना कर रह रहे लोगों को भी खाली करने का आदेश दिया। वहीं नगर आयुक्त ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया की अमृत सरोवर योजना दो के तहत रेलवे की काफी पुरानी तालाब के जिर्नोदार को लेकर भारत सरकार से स्वीकृति भी प्रदान हो चुकी है उसके बावजुद लोग अतिक्रमण कर रहें हैं। जिसको लेकर कानुनी कार्यवाई भी की जाएगी। तालाब के भरे जाने से आसपास के इलाकों में जल जमाव की समस्या भी आ रही है। बहुत जल्द तालाब का शौंदर्यकरण भी किया जाएगा। वहीं सरकारी तालाब पर भराई कर रास्ता बना रहे विवाह मंडप के मालीक पर भी कार्यवाई करने की बात कही।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के आरारी पंचायत भवन में स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महामारी स्वच्छता जागरूकता जल जीवन मिशन स्वच्छता कवरेज पर विस्तृत जानकारी यूनिसेफ से आए गजाधर जी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सोशल मोबिलाइजर रुकसाना द्वारा उपस्थित अरारी पंचायत के सभी सेविका सभी जलसहिया एवं सभी सहिया को दिया गया ।

इस कार्यक्रम में स्वच्छता महामारी पर रेड डॉट चैलेंज भी किया गया।

## रोजगार व स्थानीयता नीति को लेकर माले-मासस का संयुक्त धरना

### सरकार से की खतियान आधारित स्थानीयता नियोजन नीति के साथ रोजगार बहाली की मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह झंडा मैदान में भाकपा माले तथा मार्क्सवादी समन्वय समिति के संयुक्त बैनर तले झारखंड राज्य में व्याप्त रोजगार तथा स्थानीयता नीति के सवाल पर एक दिवसीय धरना देकर तत्काल खतियान आधारित स्थानीयता नियोजन नीति के साथ राज्य के सभी रिक्त पदों पर बहाली करने की मांग की। आज के धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता माले सह इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश के नेता संदीप जायसवाल तथा संचालन राजेश सिन्हा ने किया और कहा कि मौजूदा झारखंड सरकार ने युवाओं को निराश किया है। रोजगार और स्थानीयता नियोजन नीति का सवाल हल करना ही होगा। जबकि धरना कार्यक्रम को माले विधायक विनोद कुमार सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, किसान महासभा के जिला सचिव अशोक पासवान, सहित पूनम महतो, किशोरी अग्रवाल, आर सी बास्की, गोविंद यादव आदि ने संबोधित किया। माले विधायक ने कहा कि, भाजपा तथा मोदी सरकार लगातार झारखंड में रोजगार सहित यहां के अन्य हितों के साथ भी खिलवाड़ करते रही है। लेकिन झारखंड सरकार को भी अपनी जिम्मेदारियां समझनी होगी। 1932 के प्रस्ताव को राज्यपाल द्वारा वापस किए जाने पर दुबारा सरकार को इसे भेजना चाहिए या और भी विकल्प तलाशे जाने चाहिए। झारखंड के युवाओं के रोजगार की आकांक्षा पूरी होनी चाहिए। राजकुमार यादव ने कहा कि, केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों ही झारखंड के युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर खिलवाड़ कर रही है। अगर रोजगार नहीं मिला तो आंदोलन तेज किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूरन महतो, उस्मान अंसारी, भोला मंडल, पवन महतो, रेखा अग्रवाल, मनोज पांडेय, लालमणि यादव, अरुण कुमार, सरिता साव, रतन, निशांत भास्कर, सनातन साहू, सोनू रवानी, एकराम, शमीम, नासिर, इमतियाज, नौशाद चांद सहित अन्य मौजूद थे।

## महनार रोड स्टेशन पर जनहित एक्सप्रेस व ढोली स्टेशन पर पटना-जयनगर एक्सप्रेस का ठहराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 13205/13206 सहरसा-पाटलिपुत्र जनहित एक्सप्रेस का सोनपुर मंडल के महनार रोड स्टेशन पर तथा गाड़ी सं. 15549/15550 जयनगर-पटना-जयनगर एक्सप्रेस का ढ़ोली स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ।

दिनांक 04.06.2023 से गाड़ी संख्या 13205 सहरसा-पाटलिपुत्र जनहित एक्सप्रेस 02.40 बजे महनार रोड स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 02.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा वापसी में गाड़ी संख्या गाड़ी संख्या 13206 पाटलिपुत्र-सहरसा जनहित एक्सप्रेस 10.41 बजे महनार रोड पहुंचकर 10.43 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

दिनांक 05.06.2023 से गाड़ी संख्या 15549 जयनगर-पटना एक्सप्रेस 08.45 बजे ढ़ोली स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 08.47 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा वापसी में गाड़ी संख्या गाड़ी संख्या 15550 पटना-जयनगर एक्सप्रेस 18.00 बजे ढ़ोली पहुंचकर 18.02 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## कुएं में मिली छात्रा, पिता ने लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के कुशमई पंचायत के ग्राम थोरिया में सोमवार को कुर्बान अंसारी के कुंआ से एक नाबालिग छात्रा को बेहोशी की हालत में बरामद किया गया। युवती पडोस के गांव की बताई जा रही है । प्रथमदृष्ट्या नाबालिक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या करने के नियत से कूवें डाल देने की आशंका जताई जा रही है। मृतिका प्लस 2 उच्च विद्यालय भरकट्टा की छात्रा थी। जैसा की स्थानीय लोगों ने बताया कि छात्र बीते रात्रि से ही घर से गायब थी। सोमवार सुबह किसी ने गांव वालों को सूचना दिया कि थोरिया गांव के एक कुएं में एक लड़की का शव तैर रहा है, तब जाकर परिजनो ने गांववालो की मदद से छात्रा को बेहोशी की हालत में कुवे से बाहर निकाल कर घर ला रहा था। इस बीच छात्रा ने रास्ते में हीं दम तोड़ दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह व बिरनी पुलिस सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह भेज दिया । वहीं इंस्पेक्टर नवीन सिंह ने बताया कि इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि फिलहाल मामले को गम्भीरता पूर्वक जांच पड़ताल किया जा रहा है । पोस्टमार्डम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। घटना के बाद मृतिका के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मौके पर बिरनी प्रमुख रामु बैठा, मनोज कुमार सिंह ,अशोक सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## असर्फी हॉस्पिटल : हृदय रोगी को कृत्रिम वाल्व सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल में हृदय रोगी को कृत्रिम वाल्व सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया तथा धनबाद अब झारखण्ड का दूसरा जिला बन गया जहाँ ओपन हार्ट सर्जरी की व्यवस्था उपलब्ध हो गई है। असर्फी हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस वार्ता मे हृदय रोग विभाग की पूरी टीम उपलब्ध थी जिसमे बताया गया की पूर्वी टुंडी निवासी 57 वर्षीय चानू देवी जो कई दिनों से हृदय की बीमारी से पीड़ित थी। असर्फी हॉस्पिटल में डॉ. सूरज चौहान ने जब जाँच किया तो पता चला की मरीज के हृदय का वाल्व ख़राब हो गया है तथा वाल्व का छेद छोटा होने के कारण शरीर में खून का प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। फिर तमिलनाडु के रहने वाले कार्डिओ वैस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जन डॉ. सतीश कुमार ने मरीज को जाँच के उपरांत उन्होंने मरीज के वाल्व को निकाल कर कृत्रिम वाल्व प्रत्यारोपित करने का निर्णय किया। मरीज के सहमति के बाद डॉ. सतीश कुमार की अगुआई में असर्फी हॉस्पिटल



की पूरी टीम के द्वारा मरीज को कृत्रिम वाल्व का प्रत्यारोपण कर दिया गया। मरीज को दूसरे दिन वेंटीलेटर से हटा दिया गया तथा आज वाल्व प्रत्यारोपण के चौथे दिन मरीज चल फिर रहा है। असर्फी हॉस्पिटल में हृदय रोग के इलाज के लिए आस पास के कई जिलों से मरीज आते है। डॉ. सूरज चौहान ने बताया की असर्फी हॉस्पिटल में हृदय रोग विभाग काफी उत्क्रिस्ट सेवा दे रहा है तथा यहाँ पर किसी भी प्रकार के हृदय रोग एवं अन्य इमरजेंसी के इलाज की सुविधा उपलब्ध हो गई है। आगे बताया की छाती में दर्द और भारीपन को गैस का दर्द समझने की भूल करने के कारण कई लोग अपना जान गवा देते है तथा इस सम्बन्ध में मरीजों को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है।

## बाल विवाह मुक्त बनेगा हमारा जिला परिषद क्षेत्र : आशा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत लोहापट्टी के जमडीहा मध्य विद्यालय एवं पथरगढ़िय पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कंचनपुर में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित अभियान के तहत एक बैठक किया गया। जमडिहा में जिला परिषद सदस्य सह मुख्य अतिथि आशा देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बाल विवाह ,बाल तस्करी, बाल यौन शोषण पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि बाल विवाह समाज के माथे पर कलंक है और इस कलंक को मिटाना हम सबों की जिम्मेदारी बनती है। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी परियोजना ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों का आर्थिक शारीरिक एवं मानसिक शिकार होता है। कम उम्र में पारिवारिक बोझ डाल दिया जाता है। इस अवसर पर मुमताज अंसारी चंडीचरण दास मुखिया प्रतिनिधि बॉबी महतो, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, विनोद महतो,भागीरथ सिंह, सागर रवानी आदि ने समोधित किया । बैठक में वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया एवं जल सहिया, आदि उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस ने किया डीडीयू जीकेवाई पर कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा आज न्यू टाउन हॉल में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू जीकेवाई) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के डीपीएम श्री शैलेश रंजन ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी कौशल योजना है। जो ग्रामीण गरीब को रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है। यह प्रोग्राम प्लेसमेंट से जुड़ा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण गरीब युवाओं को आवश्यक कौशल और प्लेसमेंट से सशक्त बनाना है। ताकि वह अपने संबंधित क्षेत्रों में लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा जेएसएलपीएस ने गत वर्ष के 543 के विरुद्ध 1288 युवक और युवतियों को उनके इच्छुक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया है। वहीं रोजगार से जोड़ने के 380 के विरुद्ध 569 युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया है।

## विदाई समारोह का आयोजन



**कुमारधुबी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में बैच नंबर 22 का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह में मुख्य अतिथि एगयारकुंड मेढा पंचायत के मुखिया मनोज रावत, समाजसेवी दशरथ, गुरुकुल के ट्रेनर निर्मल विश्वकर्मा, अजीत कुमार बारिक, बी एम इ रूआब तथा मितेन चंद्र सेन उपस्थित हुए। श्री रावत बच्चों से उनके दिनचर्या और कामकाज के बारे में जानकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा की चेन्नई में ट्यूब प्रोडक्ट्स ऑफ़ इंडिया कंपनी बहुत ही अच्छी कंपनी है। इस कंपनी में अच्छे से काम करे, स्वस्थ रहें और अपने घर परिवार का ख्याल रखें।

# जीईएल चर्च में हुआ वार्षिक महिला समिति सम्मेलन का आयोजन, सम्मेलन में पहुंचे विधायक कोलेबिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखण्ड के लोम्बोई पोस्टोरेट जी ई एल चर्च हर्रापानी में वार्षिक महिला समिति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पादरी रेजन केरकेट्टा के अगुआई में आराधना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी भी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कोलोमडेगा, दादीबेड़ा, और मामाभगिना मण्डली द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। संचालन सावनाजरा मण्डली ने किया। कलीसिया में महिलाओं के योगदान पर निमोन्ती कण्डुलना ने अपना व्याख्यान दिया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र में सराहनीय और महत्वपूर्ण है, चाहे कलीसिया की जीवन पद्धति है, चाहे वो सामाजिक जीवन हो। महिलाएं कभी मां के रूप में होती है, कभी बहन तो कभी बेटी और कभी पत्नी के रूप में होती है। महिलाएं हर रूप में पुरूषों की सेवा ही करती है,मां जब जन्म देती है तो पुत्र का लालन पालन देख रेख करती है,खाना पीना नहला धुलाकर साफ सुथरा रखना ये मातृत्व प्रेम एक महिला के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। यही ममत्व कलीसिया और प्रभू यीशु का संदेश है। दुसरीओर महिलाओं का आज के समय बहुत ही बड़ा शक्ति समूह है।आज महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार जो जन हित की सरकार है।एक से बढ़कर एक महिलाओं के लिए योजनाएं ला रही है। महिला दीदी बारी योजना, फूलो झानो योजना, आदि। इसलिए महिला सशक्त बनेगी तो समाज शक्तिशाली बनेगा। क्यों कि महिला ही है जो अपने बच्चों के लिए प्रथम शिक्षा का पाठ पढ़ाती है। कार्यक्रम को अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नमजन कण्डुलना, जय सिंह समद, ग्लोरिया डांग, सुमित कण्डुलना, अमित कण्डुलना, पादरी एन गुड़िया सुशील जड़िया, अर्जुन होरो, शिशिर डांग आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण कर जनभावनाओं से खेलना बंद करे झारखंड सरकार : सुदर्शन भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द हटाने पर लोहरदगा लोकसभा सांसद माननीय श्री सुदर्शन भगत ने कहा कि झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग के द्वारा लोहरदगा की सबसे पुरानी हाई स्कूल में से एक नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द को केवल हटाना यह दर्शाता है कि वर्तमान यूपीए गठबंधन सरकार की राजनीतिक आधार केवल तुष्टिकरण ही रह गई है। यह विधालय जिले के लिए धरोहर की तरह कई पिढियों की यादें इस नाम से जुड़ी है। आज कितने बच्चों और पूर्ववर्ती छात्राओं के प्रमाण पत्रों में नाम अंकित है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कुछ विशेष स्थापित कर नामकरण करने चाहिए थे परंतु यह किए गए कार्यो पर अपनी नामकरण करना आदत बना लिया है। शुरुआत दिनों में स्थापना और संचालन से जुड़े लोगों की मेहनत और योगदान को भी सरकार शून्य कर राज्य का मुख्यमंत्री अपनी सरकार को प्रचारित करने में लगें हैं। जबकि स्कूलों के स्थापना और नामकरण के पीछे शर्त होते है जो योगदान के प्रति सरकार का सम्मान होता और योगदानकर्ताओं के साथ न्याय मिला ऐसा माना जाता है जो माफी के योग्य नहीं है। लोहरदगा की जनता का आक्रोश जायज है। लोकतांत्रिक युग में जनभावनाओं का सम्मान होता परंतु कांग्रेस और उनके साथी शुरू से अतित के पन्नों को नष्ट कर केवल अपनी विचारधारा को प्रदर्शित किया है। यह वर्तमान में भी जारी उसी कार्यप्रणाली का बड़ा उदाहरण है। परंतु सरकार को इस तरह का राज्यदेश देने से पहले परिणामों को सोंचना चाहिए। लोकतंत्र में जनता सर्वश्रेष्ठ इसलिए झारखंड की सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अविलंब राज्यदेश को वापस लेकर जो स्कूल का नाम सैंकड़ों वर्षो से नामांकित है वह पूर्व की तरह रहे।

# उप विकास आयुक्त ने कौशल जागरूकता रथ एवं नुक्कड़ नाटक वाहन को किया रवाना




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वधान में आज दिनांक 29 मई 2023 को जिला परिषद लोहरदगा के परिसर से मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कौशल जागरूकता रथ एवं नुक्कड़ नाटक वाहन को उप विकास आयुक्त महोदया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिला के विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण का प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया गया। मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत 18 से 35 वर्ष के युवा वर्ग के युवकों को कौशल विकास से जोड़ने एवं उनमें कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न ट्रेडों में जैसे की डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेलरिंग ब्यूटीशियन,इलेक्ट्रीसिन इत्यादि में शैक्षणिक योग्यता अनुसार निन्शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सुविधा प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1 800 123 3 444 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मौके पर जिला नियोजनालय पदाधिकारी, लोहरदगा, अवनीश विद्यार्थी एमजीएनएफ लोहरदगा एवं अन्य उपस्थित थे।

# प्लस टु उवि के सेवानिवृत्त शिक्षक की आकस्मिक निधन, प्रबुद्ध लोगों ने जताया गहरा शोक

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण मणि गोप उम्र (86) वर्ष का आज 29 मई सोमवार सुबह 8:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। कैरो उतका ग्राम निवासी श्री कृष्ण मणि गोप डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय के फाऊंडर शिक्षको मे एक थे। जब सन्न 1953 मे उच्च विद्यालय की स्थापना हूई थी तब प्रारम्भ के दौर से ही श्री गोप ने विद्यालय विकास एवं सरकार से मंजूरी को लेकर सतत प्रयत्नशील रहें। अंततोगत्वा सन्न 1956 मे तत्कालिन बिहार सरकार श्री कृष्ण सिंह के मुख्यमंत्रीत्व काल मे बिहार सरकार की और से विद्यालय की सरकारी मंजूरी मिली थी। श्री कृष्ण मणि गोप अर्थशास्त्र एवं हिन्दी विषय के शिक्षक थे,वे अपने सेवाकाल मे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पुर्वक समय से पुर्व विद्यालय पहूँच कर शैक्षणिक कार्य मे लग जाते थे अंत मे वे 1997 मे सेवानिवृत हो गये। श्री गोप अपने पीछे 05 पुत्र 01 पुत्री एवं नाती पोते से भरा पूरा घर संसार छोड़ गये। उनके बड़े सुपुत्र बीरेन्द्र गोप ने बताया की पिताजी को सुगर बिमारी ने तंग कर रखा था,उन्हे नियमित रूप से इन्सुलिन भी दिया जाता था। उनके आकस्मिक निधन से राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव,जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, उप-प्रमुख मधुलिका रानी, सेवानिवृत्त शिक्षक दीपेश्वर पांडेय, बालेश्वर साहू, विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, अम्रेन्द्र कुमार, 20 सुत्रि अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी, उप-मुखिया रवि प्रजापति, विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, लखन उराँव, राम प्रसाद यादव, राजेन्द्र महतो, नजीर आलम खान, बलराम साहू इत्यादि लोगों ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है।

# प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने मन का मिलन पखवाड़े का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,रांची के निर्देशानुसार दिनांक 29 मई से लेकर 14 जून तक चलाए जाने वाले मन का मिलन पखवाड़े का आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर कमलों द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में फीता काट कर उद्घाटन किया गया तत्पश्चात यह कार्यक्रम अगले एक पखवाड़े तक सफलता पूर्वक चलाने का निश्चय किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि लोहरदगा जिले में मन का मिलन पखवाड़े को लेकर जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया गया है अब इसे मूर्त रूप देने की बारी है अतः जो लोग भी बेंच में काम कर रहे हैं वह पक्षकारों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे अपने विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मध्यस्थता के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सेवाएं, वीडियो पर सफल कहानियां को दिखाना, लंबित अथवा मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में आवेदन प्राप्त करना एवं आवश्यक सुझाव पक्षकारों के देना शामिल है। मध्यस्थता के अंतर्गत प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के बातों को गोपनीय रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हैं और पक्षकारों की सहमति के आधार पर ही समाधान ढूंढा जाता है जिससे पक्षकारों का समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंधों के रक्षा होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा की तरफ से यह भी जानकारी दी गई कि कार्यरत मध्यस्थ के कार्य क्षमता बढ़ाने हेतु आज से ही 03 दिनों का एडवांस ऑनलाइन ट्रेनिंग माननीय झालसा रांची के निर्देशानुसार शुरू किया गया है जिसे लेने के पश्चात मध्यस्थ और भी बेहतर तरीके से पक्षकारों के मामलों को सुलझा पाएंगे। उद्घाटन अवसर पर सभी मध्यस्थ, अर्ध न्यायिक स्वयंसेवक, अधिवक्तागण तथा पार्टी पक्षकार उपस्थित थे।


# आने वाला भविष्य बच्चों का है, उन्हें दें अच्छी शिक्षा : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बाघडेगा के संत मरिया काथलिक चर्च मीचुटोली में नए गिरजाघर के आशीष समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित फादर बोनिफस डुंगडुंग ने आशीष जल का छिड़काव किया। तत्पश्चात फादर बोनिफास और विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर नवनिर्मित चर्च का उद्घाटन किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि चर्च परिसर प्रार्थना करने के लिए बनाया जाता है। आज ईश्वर की योजना अनुसार मीचुटोली में नए चर्च भवन का आशीष हो रहा है। उन्होंने सभी लोगों को ईश्वर के वचनों को अपने जीवन मे अमल करने की अपील की। साथ ही कहा कि जिले के हर एक व्यक्ति मेरे अपने हैं। मेरा हर सम्भव प्रयास है कि मेरे अपने लोगों को कुछ भी समस्या से जूझना ना पड़े। इस दिशा में वे निरन्तर प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य बच्चों का है। हमें अपने बच्चो को बेहतर बनाना है। तभी हमारा देश हमारा जिला आगे बेहतर बनेगा। मौके पर फादर रंजीत बरवा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, उप प्रमुख सिलबेश्टर बघवार, पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा, मुखिया राहुल तिग्गा, पूर्व वार्ड पार्षद अगाथा तिर्की, प्रचारक दिलीप मिंज आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना के आरोप में बाइक चालक को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनगर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक चालक को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर सलोनी पेट्रोल पम्प के समीप रविवार को बाइक एवं स्कूटी के टक्कर में स्कूटी चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना को आंजम देने के आरोप पर बाइक चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को पुलिस जेल भेजा। बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना में सेन्हा निवासी सुलेमान केरकेट्टा गम्भीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसको इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया था। लेकिन घायल 70 वर्षीय सुलेमान की स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया। जो अभी इलाजरत है। घायल सुलेमान केरकेट्टा की पुत्री दीपिका केरकेट्टा ने थाना को बताया कि मेरे पिता घर में बोल कर निकले की गाड़ी में तेल भरवाने जा रहें है। और पेट्रोल पम्प से तेल भरवा कर घर लौटने के दौरान घाघरा की ओर से आ रही हिमालयन बाइक जे एच 07 एल 0854 के चालक लापरवाही एवं तेज रफ्तार से लोहरदगा की तरफ जाने के क्रम में एक्टीभा स्कूटी जे एच01सी एच 6353 धक्का मार दिया जिससे स्कूटी चालक सुलेमान केरकेट्टा को गम्भीर चोटें आई है। वही घटना की सूचना पर पुलिस बाइक को जप्त करते हुए गुमला आदर्श नगर निवासी सुरेंद्र गोप का 20 वर्षीय पुत्र मनु गोप को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# भाजपा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को भाजपा नगर मंडल लोहरदगा की कार्यसमिति की बैठक नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम् के साथ किया गया। इस अवसर पर अमरेश भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाना संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेगा। सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।आज वर्तमान में झारखंड की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह धवस्त है।भाजपा के कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर राजेश महतो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने संचालन किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से विकास कांस्यकार, प्रदीप खत्री, मुरलीधर अग्रवाल, अनूप वर्मा, अशोक कांस्यकर,राजू प्रजापति, ज्ञानेश गुप्ता, दीपक साहू, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, अजय कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नियोजन व यौन और प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर युवाओं को जागरूक करने के लिए मीडिया राउंड टेबल का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** दी एडवोकेसी एंड अकाउंटेबिलिटी कोलैबोरेटिव (TAAC) हब, झारखंड ने युवाओं में परिवार नियोजन एवं यौन और प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर युवाओ को जागरूक करने के लिए मीडिया सम्मेलन/ मीडिया राउंड टेबल का आयोजन किया। टैक हब झारखण्ड द्वारा परिवार नियोजन और यौन प्रजनन स्वास्थ्य पर ÷नागरिक समाज संगठन सहयोगी की शक्ति का अनावरण विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया सम्मेलन (मीडिया राउंड टेबल) का आयोजन किया गयाढ्ढ कार्यक्रम की शुरुआत टैक हब परियोजना के कार्यकर्म प्रबंधक अमित घोष द्वारा की गयी, जिसमें उन्होंने बताया की टैक हब झारखण्ड में सिनी संस्था द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। टैक हब से झारखण्ड के विभिन्न जिलो के 43 सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन जुडी है जो परिवार नियोजन एवं योन प्रजनन और स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक करने के पिछले 18 महीनो से लगातार काम कर रही है। परियोजना का मुख्य उद्देश सतत घरेलू संसाधन जुटाना, साक्ष्य-आधारित वकालत के लिए आंकड़ो के उपयोग में वृद्धि एवं संयुक्त जवाबदेही को मजबूत करना है। इसी उद्देश के साथ, टैक हब द्वारा मीडिया समेलन का आयोजन किया गया जिसमे प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने युवाओ की भूमिका, उनको परिवार नियोजन एवं योन प्रजनन और स्वास्थ्य पर जागरूक करने के विषय पर अपने अपने विचार रखें। इस सम्मेलन में पैनल चर्चा भी की गयी जिसमे सिनी संस्था से तन्वी झा, सी एस ओ प्रतिनिधि से अजय कुमार एवं सुधीर पाल, टाइम्स ग्रुप के ब्यूरो चीफ जयदीप देओघरिया, रांची सेंट्रल यूनिवर्सिटी से डॉ प्रज्ञा शुक्ला एवं Jhpiego से नयन चक्रवर्ति शामिल हुए। टाइम्स ग्रुप में ब्यूरो से जयदीप देवघरिया ने झारखंड में एफपी/एसआरएच सेवाओं तक पहुंच को बढ़ावा देने में नागरिक समाज और सरकार के सहयोग से मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस सामाजिक संवेदनशील विषयों को संबोधित करने के लिए एक विशेषज्ञ की आवश्यकता है, साथ ही इसको इस ढंग से प्रस्तुत किया जाये की समाज में असभ्यता ना फैले और समाज तक सही जानकारी पहुचें। सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रज्ञा शुक्ला ने युवाओं के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हुए योन प्रजनन एवं स्वास्थ्य शिक्षा के एकीकरण पर प्रकाश डाला, साथ ही वर्तमान समय में युवाओं को जागरूक करने के लिए स्कूली शिक्षा के साथ-साथ टेलीविजन, रेडियो, सोशलमिडिया, ग्रामस्तर बैठक युवा क्लब के माध्यम से जानकारी पंहुचा सकते। मंथन युवा संस्थान के संस्थापक और टीएएसी हब के सदस्य सुधीर पाल ने झारखंड में एफपी/एसआरएच सेवाओं तक पहुंचने में बाधाओं पर काबू पाने में सहयोगी प्रयासों की प्रभावशीलता को संबोधित किया साथ जीवन कोशल पर प्रकाश डाला।

# दुकानदारों का एक शिष्टमंडल ने दुकानों के किराए में बेतहाशा वृद्धि को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद द्वारा गुदरी बाजार स्थित आवंटित दुकानों के किराया मे बेतहाशा वृद्धि पर दुकानदारों का एक शिष्टमंडल ने लोहरदगा उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत,मंत्री झारखंड सरकार सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, तथा लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष को भी ज्ञापन सौंपा गया। शिष्टमंडल में संजय बर्म्मन, प्रदीप कुमार, मुकेश महतो, विवेक कुमार, विजय सिंह थे। दुकानदारों ने बताया कि पिछले दिनों बड़ा तालाब स्थित दुकानों तथा सोमवार बाजार स्थित दुकानदारों को भी बेतहाशा वृद्धि का नोटिस जारी किया गया है। तथा दुकानदारों ने कहा कि यदि किराया में संशोधन नहीं किया गया तो सभी दुकानदार एक मीटिंग आहूत करेंगे तथा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

सलगापोंस बाजारटांड में मां माता मरियम का गोरेटो हुआ स्थापित

# मां मरियम की स्तुति से कलीसिया के जीवन में दुखों का होगा नाश : सन्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** के सलगापोस बाजारटांड के पास सोमवार को माता मरियम के गोरोटो विधि विधान के साथ स्थापना की गई। इस मौके पर विशेष मिस्सापूजा का आयोजन फ़ा भूषण बाड़ा व फ़ा विपीन डुंगडुंग के द्वारा धर्म विधि के साथ संपन्न की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे एवं युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का शामिल हुए। जहां पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत के साथ माला पहनाकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा आज बहुत पवित्र दिन है कि आज माता मरिया के गोरोंटो का हम विधि विधान के साथ यहां स्थापना कर रहे हैं इससे इस क्षेत्र में सभी प्रकार के समस्याओं का नाश होगा। मां मरिया के स्तुति करने से कलीसिया समुदाय में सभी दुखों का नाश होगा। गांव में गोरेटो का निर्माण होने से ईश्वर का आशीष गांव में जरूर बरसेगा। ईश्वर की कृपा से गांव का विकास होगा। क्षेत्र में खुशहाली आएगी। साथ ही ग्रामीणों को नशापान, अंधविश्वास जैसी कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने गोरोटो साफ सुथरा और हमेशा यहां पर मां मरिया की प्रार्थना करने की अपील की। इस मौके पर काफी संख्या में गांव के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# वीर शहीद क्रांतिकारी के सम्मान में रथ पर चित्र सजा युवक राउरकेला से दिल्ली रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** देश आजादी के लिए जीवन समर्पण करने वाले क्रांति कारी के सम्मान में युवक राउरकेला से पद यात्रा कर पहुंचा सेन्हा विश्राम के पश्चात दिल्ली के लिए होगा रवाना। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में क्रांतिकारियों के तस्वीर रथ पर सजा कर 150 किलोग्राम का रथ खींचते पदयात्रा करते हुए पहुंचा सेन्हा। राउरकेला सेक्टर 2 निवासी महेंद्र विश्वाल के 35 वर्षीय पुत्र मुक्तिकांत विश्वाल 16 मई को रथ पर तिरंगा झंडा एवं क्रांतिकारियों का तस्वीर लगा कर दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जो लगतार पद यात्रा करते हुए 13 दिन का सफर तय कर सेन्हा पहुंचा। क्रांतिकारियों के तस्वीर के साथ रथ को खींचते देख क्षेत्र के ग्रामीणों ने जगह जगह पर सहयोग प्रदान किया। इस संदर्भ में मुक्तिकांत विश्वाल ने बताया कि आजादी के पूर्व से देश के प्रति जीवन समर्पित करने वाले उन क्रांतिकारियों को अपने ही देश में सम्मान नही मिल रहा है। उन वीर शहीद क्रांतिकारी को सम्मान दिलाने के लिए देश के सपूत क्रांतिकारी सुखदेव थापर, भगत सिंह, शिवराम राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य शाहिद क्रांतिकारी की तस्वीर रथ में लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए है। उन्होंने कहा वहां पहुंच प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन वीर क्रांतिकारियों को सम्मान दिलाने के लिए ज्ञापन सौंप मांग करूंगा। बता दें कि 13 दिन का सफर तय कर सोमवार को सेन्हा पहुंचने की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ सुरक्षा प्रदान किया। फिलाह सेन्हा दुर्गा मंदिर प्रांगण में रात्रि विश्राम के पश्चात मुक्ति सान्याल मंगलवार को दिल्ली के लिए रवाना करेगा।

# डोभा में डूबने से हुई मृत्यु की सूचना पर मृतक के घर पहुंचे लाल गुड्डू, दिया हर सम्भव मदद का आश्वसान

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखण्ड के जोन्जरो ग्राम निवासी भठ्ठा मजदूर अफसरी खातून की डोभा में डूब कर हुई मृत्यु की सूचना मिलने पर आजसु पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने मृतक के घर जाकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की और हर सम्भव सहयोग का आश्वसान दिया। मृतिका अपने पीछे पाँच छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ कर गई है। विदित हो कि यह परिवार ईट भठ्ठे में काम करता था और हाल में ही वहाँ से लौट कर आया था। इस महिला की अकाल मृत्यु से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि वे उसकी आत्मा को सद्गति और परिजनों को इस विषम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इसके साथ ही प्रशासन से माँग करता हूँ कि वह इस विषय को संज्ञान में ले और परिवार को उचित मुआवजा के साथ ही आवश्यक सरकारी योजनाओं का भी लाभ प्रदान करे। इस अवसर पर जिंगी पंचायत के मुखिया दिलीप उरांव, मुमताज अंसारी, मुनिफ अंसारी, परवेज अंसारी, सयमुदीन अंसारी, समुला अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### 12वीं में 75 फीसदी अंक की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं की परीक्षा में न्यूनतम 75 फीसदी अंक की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि 75 फीसदी अंक की अनिवार्यता पहले भी थी, ऐसे में इसमें हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है।कुछ छात्रों की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 75 फीसदी की अनिवार्यता कर छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि कोरोना के दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए 75 फीसदी अंक की अनिवार्यता को खत्म कर दिया था, जिसे फिर से बहाल कर दिया गया।याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट से कहा कि कई छात्र ऐसे हैं, जिनकी जेईई मेंस परीक्षा में 98.8 अंक आए, लेकिन इस शर्त की वजह से वे जेईई एडवांस की परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि 2016, 2017, 2018 के दौरान हर वर्ष 75 फीसदी की अनिवार्यता थी। इसलिए अब इस अनिवार्यता के मामले में कोर्ट के हस्तक्षेप का कोई मतलब नहीं है।

### रांची के बिरसा मुंडा जेल में एक सिम से कई मोबाइल हो रहे इस्तेमाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की राजधानी रांची स्थित होटवार बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में कुछ सजायाफ्ता कैदी मोबाइल-सेलफोन का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जाता है। ये चौंकाने वाला खुलासा टेक्निकल इन्क्वायरी में हुआ है। हालांकि यहां कैदियों की पूरी निगरानी के दावे भी किए जाते हैं, लेकिन हर बार यहां ये दावे खोखले नजर आते हैं। जब भी इस जेल में औचक निरीक्षण हुआ कुछ न कुछ खामियां पाई गई।इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सिम नंबर 8235064923 का उपयोग 42 मोबाइलों में किया गया। जबकि मोबाइल नंबर 8234622139 का इस्तेमाल 25 मोबाइल में किया गया। रांची पुलिस ने सिम नंबर 8235064923 का भौतिक सत्यापन करना शुरू किया, तब यह बात सामने आयी कि यह सिम अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल जारा निवासी सुधीर महली के नाम पर लिया गया है। जब पुलिस इनके पास पहुंची, तब इन्होंने कहा कि 8235064923 नंबर इनका नहीं है। फिर पुलिस ने इसकी जांच की। तब पता चला कि यह नंबर सुधीर महली के बहनोई राजू सिंह उपयोग कर रहे हैं, जो कि अपहरण के एक केस में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सजा काट रहे हैं। राजू सिंह टीटीसिल्वे थाना क्षेत्र के मानकारी दिपासेल्वई के रहने वाले हैं। वहीं, सिम नंबर 8603261277 के जांच में पता चला है कि रांची के खरसीदाग ओपी के कुटियातू तेतरी निवासी सुनीता देवो के नाम से है, जब जांच शुरू की गई, इसमें सुनीता के पति सचिन्द्र लोहरा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई मनीष को हत्या के केस में नामकुम थाना ने होटवार जेल भेजा था। जब सचिन्द्र उससे मिलने गया था तब उसने गोपनीय तरीके से यह सिम नंबर (8603261277) अपने भाई को दे दिया था। मनीष उसी नंबर से जेल से फोन करता था।

# राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनते ही बुनकरों की समस्याओं का तुरंत होगा समाधान : इमरान प्रतापगढ़ी

## इरबा में बुनकरों को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने किया संबोधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इरबा में भारत जोड़ो बुनकर जोड़ो कार्यक्रम के तहत बुनकर प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी उपस्थित थे। संवाद कार्यक्रम में बुनकर की समस्याओं और उसके समाधान पर बुनकर प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं अल्पसंख्यक विभाग में जब से आया हूं तब से अल्पसंख्यकों के लिए काम कर रहा हूं। साथ ही सिख,जैन,पारसी,बौद्ध, ईसाई और मुसलमान सभी को साथ लेकर चल रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज जो बुनकरों को सब्सिडी नहीं मिल रही है। इसके लिए केंद्र में बैठी मोदी सरकार जिम्मेदार है। इसमें बदलाव चाहते हैं। आने वाले 2024 में केंद्र की सत्ता में परिवर्तन कीजिए और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाइए। तब देखिएगा कैसे बुनकरों और अल्पसंख्यकों की समस्याओं का हल होता है।

### मॉब लिंचिंग सिर्फ मुस्लिमों के साथ नहीं : इमरान

उन्होंने मॉब लिंचिंग मामले पर कहा है कि मिन्हाज की बात हो या तबरेज की या फिर पहलू खान की, इनके साथ लिंचिंग हुई है। मैं उनके घर गया हूं। यह मॉब लिंचिंग सिर्फ मुसलमानों की समस्याएं नहीं है। याद कीजिए कि झारखंड में ही बच्चा चोरी के आरोप में एक महिला सहित 5 लोगों की हत्या कर दी गई। हां, मुसलमान निशाने पर जरूर हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हम लोगों ने मुलाकात की थी और मॉब लिंचिंग पर कानून बनाने की मांग की थी। इस पर उन्होंने पहल किया और राज्यपाल को मॉब लिंचिंग पर कानून बना कर भेजा भी था। लेकिन राज्यपाल ने उसे वापस कर दिया। हम लोग को फिर से इसे सुधार कर राज्यपाल के पास भेजने का काम करना चाहिए था।

### कर्नाटक जीत के बाद कांग्रेस में उत्साह

इमरान प्रतापगढ़ी ने 2000 नोट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2000 का नोट आडवाणी के जैसे हो गया है। चलन में नहीं है लेकिन प्रभाव में रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक जीत के बाद कांग्रेस में उत्साह है और देश की जनता भी बदलाव चाहती है। इसी उत्साह के साथ राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश चुनाव में 125 सीट जीतने का ऐलान किया है और यह टास्क सभी को दिया है और जनता पर भी उम्मीद जताई है।

### बुनकरों की समस्याओं का हो समाधान : अनवार अहमद

इस मौके पर दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स को ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड के अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने कहा कि बुनकरों की जो समस्याएं हैं उसका हल हो। जो योजनाएं बंद कर दी गई थी, उन योजनाओं को लागू कराई जाए, बुनकर आवास योजना की शुरुआत की जाए। जो अनुदान 20 लाख का दिया जा रहा है उसकी प्रक्रिया को सरल बनाई जाए, इसके साथ ही उन्होंने हाजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

### बुनियादी मसलों पर गंभीर होने की जरूरत : राजेश ठाकुर

वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अगर कुछ भी नहीं हुआ तो इसका जिम्मेदार हम हैं। 2 साल के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और सरकार के साढ़े तीन साल हो गए, इस बीच तकरार हुई है। यह हम सभी अवगत है। अब मंच पर जितनी ताकत से हम बोलते हैं उतना ही ताकत के साथ सरकार पर नहीं बोल सकते। लेकिन कुछ बुनियादी मसले हैं उस पर गंभीर होने की जरूरत है।

### बुनकरों द्वारा निर्मित चादर खरीदेगा रिम्स - बना गुप्ता

स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अल्पसंख्यकों और बुनकरों को सोचने की जरूरत नहीं है । कांग्रेस उसके साथ है। बुनकरों के हाथों बनाए गए सारंगी चादर रिम्स क् खरीदारी के लिए बोल दिया गया है ,और बहुत जल्द इसकी शुरुआत भी कर दी जाएगी। बाकी सदर अस्पतालों में भी बुनकर के हाथों से बुने गए चादरों की खरीदारी की जाएगी।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,शहजादा अनवर, प्रवक्ता अमूल नीरज खलखो, मंजूर अहमद अंसारी, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक बंधु तिर्की, राजेश कच्छप, इरफान अंसारी, अम्बा प्रसाद,बीवरिष्ठ नेता विनय दीपू सिन्हा, अरशद कुरैशी, जावेद ,शाहनवाज, मतिउर रहमान, आफताब आलम, शरीफ अंसारी ,उमर खान, नसीम अहमद शामिल थे। वहीं तिलावते कुरान कारी जान मोहम्मद ने किया और मंच संचालन प्रेरणा प्रताप ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी विकर्स को ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी एवं उनकी पूरी टीम के थी । अनवार अहमद के द्वारा मुख्य अतिथि इमरान प्रतापगढ़ी सहित सभी अतिथियों का फूलों का बुके, मोमेंटो देकर स्वागत किया गया।

## भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों का 75वां अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के 75वें अंतरराष्ट्रीय दिवस पर सोमवार को थल सेना प्रमुख, वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, नौसेना एवं वायु सेना, विदेश मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आज ही के दिन 1948 में पहले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन यूएन ट्रूस सुपरविजन ऑर्गनाइजेशन (यूएनटीएसओ) ने फिलिस्तीन में अपना अभियान शुरू किया था। प्रत्येक वर्ष इस दिन संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के देश उन सभी सैनिकों के पेशेवर रुख, समर्पण और साहस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवा की है या सेवा कर रहे हैं। शांति की स्थापना में अपने जीवन की आहुति देने वाले उन लोगों को भी आज के दिन याद किया जाता है।

## 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड रखा, लोकतंत्र को मजबूत बनाये रखाः कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड और लोकतंत्र को मजबूत रखा। पाकिस्तान की तरह यहां सैनिक शासन नहीं लगने दिया। इसलिए यहां सरकारें बनती है और बदलती है और वर्तमान सरकार अगर बनी तो इसलिए बनी है।

# साहित्य, संगीत व शिक्षा का संगम थे ज्योतिन भैया : देवव्रत

*** ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योतिन बाबू की पुण्यतिथि पर किया गया प्रार्थना सभा का आयोजन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**मेदिनीनगर :** स्वर्गीय ज्योति प्रकाश उर्फ ज्योतिन बाबू की 27 वी पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पत्रकार एवं ज्योतिन बाबू के भाई समान मित्र देवव्रत ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के ऊपर फूल माला अर्पण करते हुए कहा कि ज्योतिन भैया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कारण आम लोगों के स्मृति पटल पर उनकी ख्याति आज भी ज्यों के त्यों बनी हुई है। साहित्य, शिक्षा एवं शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उनका योगदान सदा याद रहेगा। मूल रूप से लोहरदगा के तत्कालीन राय बहादुर बलदेव साहू एवं उनके भाई बलराम साहू के वंशज सांसद शिव प्रसाद साहू, धीरज प्रसाद साहू एवं प्रतिष्ठित व्यवसाई उदय प्रसाद साहू से जुड़े ज्योति प्रकाश 1940 में डाल्टनगंज आए और छोटे से शहर में मोहन सिनेमा की स्थापित की द्य शिक्षा के क्षेत्र में उस जमाने में गीने चुने हाईस्कूल को छोड़ कोई डिग्री कॉलेज नहीं था। उस वक्त पलामू में उच्च शिक्षा के लिए शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना अपने घर से की। जो बाद में जनता शिवरात्रि डिग्री कॉलेज बना। शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए रोटरी स्कूल आनंद शंकर की स्थापना भी उनके द्वारा की गई। शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में उनका योगदान कम नहीं रहा। उन्होंने दुर्गा मंडप, सदर अस्पताल में टीवी वार्ड का निर्माण भी उन्होंने कराया। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश कलम के धनी थे। उन्होंने कई उपन्यास भी लिखे। जिस पर दिनकर जी, राहुल सांकृत्यायन जैसे दिग्गजों ने उनकी लेखनी की काफी प्रशंसा की। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश द्वारा समय-समय पर आयोजित संगीत सम्मेलन के माध्यम में पलामू को कई ख्याति प्राप्त देश के जाने माने संगीतकारों को सुनने का अवसर पलामू वासियों को दिया। जिसमें भारत रत्न शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां, मध्य विभूषण एवं पदम श्री से अलंकृत कलाकार किशन महराज, गुदई महाराज, गिरजा देवी, भीजी जोग,विजय किचलू, सितारा देवी प्रतिमा बेदी इत्यादि आज भी भुलाए नहीं भूलते। साहित्य पर उनकी इतनी पकड़ थी की उनके द्वारा लिखित किताब बुलबुल को नोबेल पुरस्कार विजेता विश्वकवि रविंदर नाथ ठाकुर ने अपने शांति निकेतन के पाठ्यक्रम में शामिल किया।

उनके निधन के बाद साहित्य एवं क्लासिकल सांस्कृतिक कार्यक्रम का पटाक्षेप सा हो गया। किंतु सामाजिक एवं सेवा के क्षेत्र में उनके दोनों पुत्र आनंद शंकर एवं ज्ञान शंकर सब तरह से लगे हुए हैं। उनके पुण्यतिथि पर उन दोनों भाइयों के द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना, संगोष्ठी एवं हवन जाप कराने, निर्धन के बीच कपड़े एवं सहयोग राशि वितरित करना मन को छू जाता है। ज्योति प्रकाश ऐसे ख्याति प्राप्त व्यक्ति थे जिनको लक्ष्मी एवं सरस्वती का वरदान प्राप्त था। दोनों का सदुपयोग उन्होंने समाज के विकास एवं उत्थान के लिए किया। आज उनके पुत्र वधू अरुणा शंकर जो मेदनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर भी बनी। उनका निधन 76 वर्ष की आयु मैं 29 मई 1996 को डाल्टेनगंज आवास पर हुआ था। उनके बड़े पुत्र आनंद शंकर पुत्र वधू अरुणा शंकर, छोटे पुत्र ज्ञान शंकर पुत्र वधू संगीता शंकर, माता द्रोपति देवी , पोते स्रोत शंकर, आकर्ष आनंद, बहू परिधि शंकर, शिवानी आनंद ने परिवार द्वारा संचालित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल तथा ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में एक प्रार्थना सभा कर आशीर्वाद लिया।

# संत मरियम के बच्चों ने स्केटिंग में किया शानदार प्रदर्शन : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 28 मई को पटना में 7वा रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप बिहार में स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड के सैकड़ों स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलो में पलामू के स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो और बिट्टू कुमार गोल्ड मेडल, और नीरज कोरवा और युवराज सिंह ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया।



साथ ही राधा कृष्ण साव को सर्टिफिकेट मिला। विदित हो की इस चैंपियनशिप में पलामू के 11 ने स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था , उन सभी को स्केट्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ बिहार द्वारा प्रमाण-पत्र देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया साथ ही स्केटिंग कोच चन्दन कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने छात्रों के शानदार सफलता से अभिभूत होकर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की स्केटिंग जैसे खेलों में पलामू का आगे बढ़ना यहां के छात्रों के हित में है ।

इस चैंपियनशिप के बाद बहुत सारे छात्र विजयी प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे ।

अब वह दिन दूर नहीं जब पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके के लोग भी विभिन्न खेलों में अपना कैरियर बनाएंगे । आगे देव ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई और सदैव मदद करने का आश्वासन दिया।

# जेएमएम नेता राजेंद्र सिन्हा व अविनाश देव मिले डीसी से, कई समस्याओं पर की चर्चा



**मौके पर झामुमो नेता अविनाश देव और उतारी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता मौजूद थे।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** झामुमो पलामू के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने उपायुक्त से मिलकर पलामू की समस्याओं पर बात की। पीएमसीच मे 100 बेड का निर्मित अस्पताल जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के द्वारा 04 दिसंबर।22 को किया गया था। उसका उपयोग मरीजों के लिए अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इसे जल्द से जल्द शुरू करने को लेकर सकारात्मक प्रयास श्री सिन्हा द्वारा किया गया है। ऊंटारी रोड की कई समस्याओं को भी उन्होंने उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसका निदान भी जल्द किया जाएगा। साथ ही पुलिस स्टेडियम का सुंदरीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग भी जिलाध्यक्ष ने रखी। श्री सिन्हा ने बताया कि उपायुक्त के समक्ष समस्याओं को रखा है। उपायुक्त से मुलाकात काफी सकारात्मक रही है। अस्पताल जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। हमारा प्रयास है की मरीजों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। रिम्स रेफर से मुक्ति मिले। ये मेरा प्रयास रहेगा। और आने वाले कुछ महीनों में पलामू पुलिस स्टेडियम नए रूप में तैयार किया जाएगा। जिससे की हमारे खिलाड़ियों को खेल का अच्छा मैदान मिल पाए। ऊटारी प्रखंड में समस्याओं का जाल फैला है। इस पर भी उपयुक्त से सकारात्मक बात हुई। जल्द निदान किया जाएगा। पलामू के उपायुक्त बहुत सुलझे हुए व्यक्ति हैं। ये समस्याओं का तुरंत निराकरण पर विश्वास करते हैं। और हमारे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर झामुमो नेता अविनाश देव और उतारी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता मौजूद थे।

## मोदी के नेतृत्व में विकास की नयी कहानी लिख रहा है देश : अर्जुन मुंडा

**रायपुर :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी में यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों को बेमिसाल बताया। मुंडा ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा किया और इस भरोसे ने 2014 से 2023 के नौ वर्षों की कालावधि में देश को शांति, समृद्धि और विकास की स्पीड और स्केल भी दिखाई है। मुंडा ने कहा कि पोलियो, टिटनस और बीसीजी टीकों के लिए सालों मोहताज रहने वाले देश में प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्गम इलाकों तक ड्रोन के जरिए वैक्सीन पहुंचवाई और रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का कोविड वैक्सीन टीकाकरण कराया। केन्द्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने कोविड के दो स्वदेशी टीके न केवल विकसित किए, अपितु कई देशों को जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति की।

# मोदी सरकार ने गरीब-जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा में लाया : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी**

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब-जरुरतमंदों को विकास की मुख्यधारा में लाया है। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले नौ वर्ष में देश का सर्वांगीण विकास करते हुए सर्वसमावेशक विकास का नया मानक तैयार किया है।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मुंबई में पत्रकारों से वार्ता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश को आतंकवाद से मुक्त करने करने वाली मोदी सरकार ने वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। सीतारमण ने बताया कि गरीब कल्याण योजना के माध्यम से 80 करोड़ जनता को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है। इसके साथ ही गरीबों-जरूरतमंदों के लिए 2.5 करोड़ घर और 11.72 करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया है। नौ करोड़ से अधिक परिवारों को उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त गैस सिलेंडर दिये जा रहे हैं। इस योजना के सिलेंडर पर दो रुपये की सब्सिडी भी दी जाती है। आयुष्मान योजना के माध्यम से पांच लाख तक का इलाज मुफ्त किया जा रहा है। करदाताओं के पैसों का विनियोग उचित प्रकार से होने के लिए मोदी सरकार ने डीबीटी प्रणाली प्रत्यक्ष रूप से अमल में लाई है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान कोरोना निवारक टीके की 220 करोड़ खुराक मुफ्त में देकर टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से अमल में लाया गया। इस कालावधि में दुनियाभर के देशों में फंसे लाखों भारतीय नागरिकों को सुरक्षित ढंग से स्वदेश लाया गया। सीरिया, यमन, यूक्रेन सहित अन्य देशों में विपरीत परिस्थितियों में फंसे 20 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को मोदी सरकार ने भारत में लाया। मोदी सरकार के कार्यों की वजह से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवे क्रमांक की अर्थव्यवस्था बन गई है। मोदी सरकार के कार्यकाल में नौ वर्षों में हवाई अड्डे, एक्सप्रेस-वे, प्रबंधन शिक्षा संस्थान (आईआईएम), चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एआईएमएस), आईआईटी की संख्या में बड़े पैमाने पर वृद्धि होने की जानकारी आंकड़ों के साथ श्रीमती सीतारमण ने दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राज्य के पर्यटन, कौशल्य विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढा, राज्य में महाजनसंपर्क अभियान के प्रमुख विधायक प्रवीण दरेकर, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम आदि उपस्थित थे।